

कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा राजग ने बचाया : अमित शाह - 12




पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ - 12



यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी - 13




पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करना चाहेगी सीएसके - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 37, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना राज्य की विफलता : सुप्रीम कोर्ट

## निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, एनआईए करेगी मामले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने के निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्होंने खुद स्थिति पर नजर रखी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराए जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला। बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण।

सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### सीजेआई ने कई चौकाने वाले खुलासे किए

मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आदेश में कहा गया, बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायिक अधिकारियों को भोजन और पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए न्यायिक अधिकारियों को आधी रात के बाद छुड़ाया गया।

### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कई निर्देश जारी किए कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों के काम में कोई बाधा न आए और उन्हें यह भरोसा दिलाया जा सके कि उनके जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जाएगी।

### वाहनों पर पथराव व लाठियों-ईंटों से हुआ हमला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बचाए जाने के बाद भी उनके वाहनों पर पथराव किया गया और उन पर लाठियों तथा ईंटों से हमला किया गया। यह देखकर हमें बेहद निराशा हुई कि मुख्य सचिव से संपर्क नहीं हो सका उन्हें कोई संदेश नहीं पहुंचाया जा सका। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, रात 11 बजे तक आपका जिलाधिकारी वहां नहीं था। मुझे रात में बहुत कड़े मौखिक निर्देश देने पड़े। कुछ वकीलों ने जब इस घटना को सामान्य विरोध प्रदर्शन करार देने की कोशिश की तो प्रधान न्यायाधीश ने कड़ी नाराजगी जताई।

# जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना : ट्रंप
# जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे : ईरान

वाशिंगटन, एजेंसी



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ तो दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया।

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सशस्त्र सैन्य बलों ने युद्धक्षेत्र में कई तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत हासिल की हैं। बी-2 बमवर्षक विमानों से जिन परमाणु ठिकानों को हमने ध्वस्त किया है।

### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

### ईरान ने इजराइल व खाड़ी देशों पर किए मिसाइल हमले



**दुबई।** ईरान ने गुरवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ-साथ दुनियाभर में देखा जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इन दो दिनों के वैश्विक कारकों का असर भारतीय मुद्रा पर साफ दिखा। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94 .63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93 .50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92 .82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 15 .25 पैसे की बढ़त में 94 .70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंड़ाफोड़, 10 सेल्फ लोडिंग हथियार बरामद

**पटियाला।** पटियाला पुलिस ने गुरूवार को एक अंतर-राज्यीय अवैध हथियार आपूर्ति मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 अत्याधुनिक सेल्फ-लोडिंग हथियार बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सौरभ कुमार निवासी गाँव जरंग डीह, मुजफ्फरपुर, बिहार मुख्य सरगना था।

# लोकसेवकों को नागरिक प्रथम मंत्र अपनाने की जरूरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा-तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार विचार करने की जरूरत
- 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में दी जानकारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भवः' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में अधिकारी होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है।

उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा।

### बेहतर प्रशासक और लोकसेवक वही होगा जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो

मोदी ने कहा, एक बेहतर प्रशासक और बेहतर लोकसेवक वही होगा, जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो, यही निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार बनेगा। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। आयोग की स्थापना की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से कई संस्थान अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे थे, लेकिन प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने के लिए एक समर्पित संस्था की स्पष्ट आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी सोच ने क्षमता विकास आयोग को जन्म दिया, जो व्यवस्था में प्रत्येक 'कर्मयोगी' को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

# होर्मुज संकट पर भारत बोला- हम अकेले जिसने नाविक खोए

- 35 देशों की बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया रुख

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

होर्मुज संकट को लेकर ब्रिटेन में गुरुवार को हुए 35 देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भाग लिया। सम्मेलन में मिसरी ने कहा कि भारत इकलौता ऐसा देश है जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि जहां तक भारत का सवाल है, आप भली-भांति जानते हैं कि हम स्वतंत्र और खुले वाणिज्यिक परिवहन एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री सुरक्षा के पक्षधर हैं। हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की अपनी प्राथमिकता पर कायम हैं। जायसवाल ने कहा कि ब्रिटेन ने होर्मुज पर वार्ता के लिए भारत सहित कई देशों को आमंत्रित किया था और मिसरी ने इसमें भाग लिया था। उन्होंने कहा, हम ईरान व अन्य देशों के संपर्क में हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि एलपीजी और एलएनजी सहित उत्पादों को ले जाने वाले हमारे जहाजों के लिए निर्बाध व सुरक्षित पारगमन कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। जायसवाल ने कहा, पिछले कुछ दिनों में हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले छह जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार करने में सक्षम हुए हैं। हम इस मामले पर संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।



जानकारी देते विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर।

### होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं। बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कुल 35 देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं

### एक्सप्रेस-वे की टोल दरों में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उप्र में 1 अप्रैल से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी की जानकारी दी है। नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

## कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर

**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

# ब्रेक न लगने से खाई में गिरा डंपर, 2 की गई जान

संवाददाता, देहरादून

- टिहरी जिले के लंबगांव क्षेत्र में हुई दुर्घटना
- पुलिस ने बचाव एवं राहत कार्य चलाया

**अमृत विचारः** टिहरी जिले के लंबगांव क्षेत्र में एक डंपर (मालवाहक वाहन) के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी।

पुलिस ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि क्यारी गांव के ऊपर चारगांव मार्ग पर बुधवार मध्यरात्रि के बाद हुई इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाव एवं राहत कार्य चलाया। पुलिस ने बताया कि डंपर अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा जिससे उत्तर प्रदेश के बहराइच के चालक सूरज राठौड (44) तथा टिहरी के रौणिया गांव के गजेन्द्र रांगड (36) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर ऐसा लग रहा है कि ब्रेक के न लगने के कारण डंपर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया।

## केदारनाथ के लिए 10 से हेली सेवा ऑनलाइन बुकिंग

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए आगामी 10 अप्रैल से हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग आरंभ की जा रही है। शासन के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि, इस साल यात्रा सीजन में सरकार ने 8 हेली कंपनियों को इसके संचालन की अनुमति दी है।

अधिकारी ने कहा कि, इच्छुक यात्री सिर्फ आधिकारिक पोर्टल heliyatra.irctc.co.in पर ही अपना टिकट बुक करें। बता दें कि चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 19 अप्रैल, केदारनाथ के 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे।

सियासत

भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में सीएम ने बोला कांग्रेस पर हमला, दिया मंत्र-एसआईआर में सहयोग कर करें लोकतंत्र मजबूत

# विपक्ष मुद्दाविहीन, चला रहा झूठ का एजेंडा : मुख्यमंत्री

संवाददाता, रामनगर



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को रामनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला में जनपदस्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में दो लाख करोड़ से ज्यादा की विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनके व्यापक लाभों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ जनता के बीच जाकर इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सशक्त भूमिका निभाएं। उन्होंने भाजपा को विचारधारा पर आधारित संगठन बताते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सक्रियता से भागीदारी करके योग्य मतों को दर्ज करवाने और फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से हटवाने में सहयोग की अपील की।

### झूठ को सच साबित करने की साजिश में जुटा रहता अर्बन-नक्सल गैंग

मुख्यमंत्री ने इस दौरान विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, भाजपा की डबल इंजन सरकार के विकास के आगे विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेसी लोग झूठे नैरेटिव बनाते हैं और अफवाहें फैलाते हैं। विपक्ष केवल और केवल झूठ का एजेंडा चला रहा है। सीएम ने कार्यकर्ताओं को कई मामले गिनवाते हुए कहा कि झूठ को सच साबित करने की साजिश में अर्बन-नक्सल गैंग एकदम से सक्रिय हो जाता है लेकिन हमारी जिम्मेदारी है कि हमें इसका तथ्यों के साथ ठोस जवाब देना है। कहा कि, सच्चाई बहुत मजबूत होती है और झूठ के पांव नहीं होते हैं इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को इस पर भी गंभीरता से ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के कार्यकाल में यूसीसी, नकल विरोधी कानून और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से लेकर तमाम उपलब्धियों को गिनाते हुए इन्हें जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, नगर महामंत्री नवीन करगेती सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार

हल्द्वानी, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026



## स्टेट ब्रीफ

### 10 को होगी आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल

**देहरादून:** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति तथा आकस्मिकता के निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में 10 अप्रैल को चारधाम यात्रा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को यूएसडीएमए में आयोजित ओरियंटेशन तथा कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस में चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जनपदों के अधिकारी तथा विभिन्न रेखीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

### चुनाव से पहले कांग्रेस प्रभारी का दौरा

**देहरादून:** कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा आठ से 12 अप्रैल तक प्रदेश का दौरा करेंगी जिसमें वह विभिन्न जिलों में कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेंगी। कांग्रेस द्वारा गुरुवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार, कुमारी सैलजा आठ अप्रैल को ऊधमसिंह नगर में, नौ अप्रैल को हल्द्वानी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद कोटद्वार, हरिद्वार और मसूरी के बाद अप्रैल को देहरादून में विभिन्न संगठनों के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

# उत्तराखंड पुलिस राष्ट्रपति पुलिस कलर से अलंकृत

## मुख्यमंत्री धामी बोले-यह सम्मान नहीं, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की राष्ट्रीय पहचान, स्वर्णिम और गौरवपूर्ण अध्याय

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



उत्तराखंड पुलिस ने बीते समय प्रदेश में कई बड़ी चुनौतियों का मजबूती और सफलता के साथ सामना किया। इसी जज्बे ने राष्ट्रपति पुलिस कलर से अलंकृत होने का सफर तय किया। सीएम धामी को जानकारी देते डीजीपी।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड पुलिस को 'राष्ट्रपति पुलिस कलर' से अलंकृत किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शासकीय आवास में भेंट कर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ ने उन्हें यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस प्रसन्नता जताते हुए इसे राज्य के इतिहास का 'स्वर्णिम और गौरवपूर्ण अध्याय' बताया है।

सीएम ने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह क्षण केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि गौरव, परंपरा और अदम्य सेवा भावना का जीवंत प्रमाण बनकर सामने आया है। यह सम्मान उत्तराखंड पुलिस को देश के उन चुनिंदा पुलिस बलों की श्रेणी में स्थापित करता है, जिन्हें उनकी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सर्वोच्च राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने डीजीपी सहित सभी अधिकारियों और जवानों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन ने उत्तराखंड पुलिस को इस उच्च सम्मान तक पहुंचाया है। यह उपलब्धि न केवल पुलिस बल की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि पूरे उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किया कि यह सम्मान केवल एक अलंकरण नहीं, बल्कि वर्षों की वीरता, अनुशासन, उत्कृष्ट सेवा, पेशेवर दक्षता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मान्यता है।

यह पुरस्कार एक कठोर और बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद दिया जाता है, जिसमें पुलिस बल के हर आयाम, कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, जनसुरक्षा और तकनीकी नवाचार का गहन परीक्षण किया जाता है। यह सम्मान पुलिस बल के ध्वज और वर्दी पर अंकित होकर उसके गौरव, अस्मिता और परंपरा का स्थायी प्रतीक बन जाता है, साथ ही हर पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणा और जिम्मेदारी का स्रोत भी है। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में यह सम्मान मिलना इस उपलब्धि को और भी अधिक विशेष और ऐतिहासिक बनाता है। यह उत्तराखंड की 25 वर्षों की विकास यात्रा, सेवा और समर्पण का प्रतीक है।

### वैश्विक मानकों की स्मार्ट पुलिसिंग

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड पुलिस 'मित्रता, सेवा, सुरक्षा' के अपने ध्येय वाक्य के साथ आगे भी राष्ट्र और राज्य की सेवा में निरंतर अग्रसर रहेगी। राज्य सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि वैश्विक मानकों की स्मार्ट पुलिसिंग स्थापित की जा सके।

### इतिहास का 'स्वर्णिम अध्याय'

डीजीपी सेठ ने इस उपलब्धि को उत्तराखंड पुलिस के इतिहास का 'स्वर्णिम अध्याय' बताते हुए कहा कि यह सम्मान प्रत्येक अधिकारी और जवान के समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ पुलिस परिवारों के त्याग और सहयोग का परिणाम है। विश्वास जताया कि यह उपलब्धि भविष्य में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगी।



गृह मंत्री अमित शाह का दौरा (फाइल)

### प्रमोशन के बाद मिली नई तैनाती



**देहरादूनः** पुलिस मुख्यालय द्वारा निरीक्षक (नागरिक पुलिस), (अभिसूचना) एवं दलनायक (सशस्त्र पुलिस/प्रतिसार निरीक्षक इत्यादि) पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप अधिकारियों को नवीन तैनाती पर नियुक्त किया गया है। इनमें, चन्द्र मोहन को टिहरी गढवाल, भावना कैंथोला को अल्मोड़ा, होशियार सिह को पीटीसी नरेन्द्रनगर, देवेन्द्र सिह को चम्पावत, चंचल शर्मा, उत्तरकाशी, अंजना नेगी, नैनीताल, उमेश मलिक, पिथौरागढ़, संतोष बगड़वाल, अभिसूचना मुख्यालय, वेद प्रकाश, रुद्रप्रयाग और संजय उप्रेती को एसडीआरएफ भेजा गया है। डीजीपी दीपम सेठ ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं, पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को डिप्टी एसपी के ट्रांसफर किए हैं। इनमें अनुज को जीआरपी हरिद्वार, अनुज कुमार को देहरादून, रीना राठौर को आर्इआरबी-द्वितीय देहरादून, विमल प्रसाद को चम्पावत और नितिन लोहानी को देहरादून भेजा गया है।

# खूंखार भालू ने बोला हमला, 3 लोग घायल

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** चंबा-धरासू मोटर मार्ग स्थित सुल्याधार के नीचे थापली तोक में गुरुवार को एक खूंखार भालू के हमले से क्षेत्र में दहशत फैल गई। भालू ने ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान बेरगणी युद्धवीर सिंह रावत, फॉरेस्टर अजयपाल पंवार तथा ग्रामीण विनोद सिंह रावत भालू की गतिविधियों का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से मौजूद भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। तीनों ने साहस का परिचय देते हुए काफी देर तक भालू से संघर्ष किया और अंततः उसे खदेड़ने में सफल रहे लेकिन इस दौरान वे घायल हो गए। भालू के नाखूनों से उनके शरीर पर गहरे जख्म बन गए हैं। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को कंडी और कंधों के सहारे मुख्य सड़क तक पहुंचाया, जहां से उन्हें उपचार के लिए भेजा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिन पूर्व इसी क्षेत्र में एक महिला पर भी इसी भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसका उपचार ऋषिकेश स्थित एम्स में चल रहा है।

लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ऋषि राम भट्ट ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग को पहले ही खतरे से अवगत कराया गया था, इसके बावजूद पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए।

### इस कुंभ में बनेंगे ग्रीन घाट, सजेंगे फूल-पात

**हरिद्वारः** इस बार कुम्भ मेला के लिए 'ग्रीन घाट' विकसित होंगे जिसके तहत घाटों पर हरित पट्टियां विकसित कर उन्हें फूलों एवं पौधों से सजाया-संवारा जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को हरिद्वार में कुम्भ मेले की तैयारियों का जायजा लेने के दौरान अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया।

मुख्य सचिव ने निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा में निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी करें। कुंभ क्षेत्र के कार्यों के विस्तृत निरीक्षण के दौरान सीएस ने कहा कि घाटों का निर्माण श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मानकों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सुविधा को घाटों पर रैम्प एवं सुगम्यता संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ चर्चा करते रावल भीमाशंकर लिंग।

# सीएम से मिले केदारनाथ धाम के रावल, की चर्चा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** श्री केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके शासकीय आवास पर

शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर रावल ने भगवान केदारनाथ की कृपा एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने रावल का स्वागत करते हुए केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि, राज्य सरकार तीर्थ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी चार धाम यात्रा सीजन को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। भेंट के दौरान केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं, यात्रा संचालन तथा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने रावल से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की प्रगति एवं जनकल्याण के लिए उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

# शादी में शराब पी या परोसी गई तो लगेगा 11000 रुपए जुर्माना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** टिहरी गढ़वाल में विकासखंड चम्बा की ग्राम पंचायत दिगोठी ने सामाजिक सुधार की दिशा में गुरुवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए गांव को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

ग्राम प्रधान सोनम नेगी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में नशामुक्ति का यह महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। ग्रामसभा में तय किया गया कि अब गांव में आयोजित होने वाले किसी भी शादी-विवाह अथवा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शराब का सेवन और परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पंचायत ने सख्ती दिखाते हुए यह भी स्पष्ट किया कि नियम का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर 11,000 रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम बताया और इसका समर्थन किया।

प्रधान ने कहा कि गांव की असली पहचान उसके संस्कार, परंपराओं और सामाजिक एकता से होती है। नशामुक्त समाज ही आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और बेहतर भविष्य दे सकता है। 'शराब नहीं संस्कार' मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने पंचायत के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज स्वयं बुराइयों के खिलाफ खड़ा होता है, तभी स्थायी परिवर्तन संभव होता है। उन्होंने इसे सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक सम्मान को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक जनआंदोलन बताया।



प्रतीकात्मक एआई फोटो।

# आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए अनुबंध पत्र का प्रारूप निर्धारित

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** शासन के कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग ने राज्य के विभिन्न विभागों में उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (उपनल) के माध्यम से कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों के संबंध में सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए अनुबंध की स्पष्ट एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह पतियाल द्वारा गुरुवार को जारी पत्र में बताया गया कि यह कदम उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है। न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित आदेशों के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आउटसोर्स कार्मिकों और संबंधित विभागों के बीच स्पष्ट अनुबंध स्थापित हो, जिससे कार्य की शर्तें, पारिश्रमिक एवं दायित्वों में पारदर्शिता बनी रहे। शासनादेश के अनुसार, कार्मिकों का भुगतान सीधे संबंधित विभागों के माध्यम से किया जाएगा तथा विभाग और कार्मिक के मध्य अनुबंध की शर्तों का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा।

इसके लिए एक मानक अनुबंध प्रारूप भी तैयार किया गया है, जिसे सभी विभागों को अपनाना होगा। इस संबंध में सभी प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त, विभागाध्यक्ष एवं जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने स्तर पर शासनादेश के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही कराएं।

### रोडरेज में रोडवेज बस पर हमला, मचा हड़कंप

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह नगर जिले में गुरुवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई जिसमें गदरपुर और केलाखेड़ा के बीच नेशनल हाईवे पर टनकपुर से हरिद्वार जा रही रोडवेज बस पर मामूली बात के लिए बाइक सवार युवकों ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, ओवरटेक के मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और बाइक सवारों ने बस का पीछा करना शुरू कर दिया। जैसे ही बस चीनी मिल के पास पहुंची, हमलावरों ने अचानक पथराव कर दिया। उन्होंने डंडों से चलती बस पर हमला कर शीशे तोड़ दिए। इस दौरान बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। हमले में बस चालक भी घायल हो गया लेकिन उसने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सुरक्षित दोराहा चौकी तक पहुंचा दिया।

# कुंभ से पहले शहरी क्षेत्रों से हटेंगी मांस की दुकानें

संवाददाता, हरिद्वार

- 6 को नगर निगम की बोर्ड बैठक में लाया जाएगा प्रस्ताव

**अमृत विचारः** अगले साल होने वाले कुंभ से पहले हरिद्वार के शहरी क्षेत्र से कच्चे मांस की सभी दुकानों को हटाकर शहर से बाहर सराय गांव में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

हरिद्वार की महापौर किरण जैसल ने बताया कि इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है जिसे छह अप्रैल को होने वाली नगर निगम की बैठक में पेश किया जाएगा। हरिद्वार नगर पालिका उपनियम के अनुसार, गंगा के मुख्य स्नान घाट हरकी पौड़ी के पांच किलोमीटर के दायरे में पहले से ही मांस-मदिरा और अंडों की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध है। जैसल ने कहा कि हरिद्वार के शहरी क्षेत्रों में स्थित कच्चे मांस की सभी दुकानों को जल्द ही स्थायी रूप से सराय गांव में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नगर निगम बोर्ड की छह अप्रैल को होने वाली बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम ने केवल 20 दुकानों को मांस की बिक्री के लिए लाइसेंस दिए हैं लेकिन वर्तमान में अवैध रूप से इससे कहीं अधिक



ऐसी दुकानें चल रही हैं। इसकी वजह से शहर में गंदगी तो फैलती ही है बल्कि आवारा कुत्तों की समस्या भी बढ़ती जा रही है। बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद अवैध रूप से संचालित दुकानों का चालान काटा जाएगा तथा सभी दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

उधर, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने नगर निगम के इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि कुंभ के मौके पर हरिद्वार में करोड़ों श्रद्धालु आयेंगे और ऐसे में मांस-मदिरा की दुकानों से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं इसलिए ऐसी सभी दुकानों को शहरी क्षेत्र से बाहर किया जाना आवश्यक है। वहीं, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि कुंभ मेले में किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हो, इसके लिए सभी आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे जिसमें मांस की दुकानों को शहरी क्षेत्रों से बाहर किया जाना भी शामिल है।

# जेल तोड़कर भागा राजा परिचारक बनकर छिपा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** ओडिशा की कटक जेल तोड़कर फरार हुए विचाराधीन बंदी और एक लाख के इनामी राजा साहनी की गिरफ्तारी के बाद नए तथ्य सामने आए हैं। बिहार के कल्लू गैंग के सदस्य राजा को बुधवार को ओडिशा और देहरादून पुलिस ने संयुक्त घेराबंदी में ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट इलाके से गिरफ्तार किया था।

ओडिशा के डीजीपी वाई बी खुरानिया ने एक बयान में कहा, पिछले साल दुर्गा पूजा समारोह के दौरान कटक की उच्च सुरक्षा वाली चौद्वार सर्किल जेल से बिहार के दो विचाराधीन बंदी मधुकांत कुमार और राजा साहनी फरार हो गए थे। उन्हें जाजपुर जिले में डकैती और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले मधुकांत को उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित एक आश्रम से गिरफ्तार किया गया था और अब बेगूसराय बिहार निवासी राजा साहनी को ऋषिकेश से पकड़ा गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जेल से फरार होने के बाद दोनों कुछ दिनों के लिए पुरी भी गए थे, जहां से वे अलग हो गए। ऐसा लगता है कि लोगों की भारी भीड़ के कारण उन्होंने पवित्र स्थानों में शरण लेने का फैसला किया था। दोनों ने अपने कपड़े बदल लिए थे और अतिथि गृहों में श्रद्धालुओं की सेवा करने वाले परिचारकों के रूप में काम करते थे। राजा साहनी ऋषिकेश आने से पहले नेपाल भी जा चुका है। पुलिस की विशेष टीम द्वारा लगातार की गई खोज से उसका पता लगाया जा सका। उसे ट्रांजिट रिमांड पर कटक पुलिस ऋषिकेश से ओडिशा ले जा रही है।

**नई व्यवस्था** | व्यवसायिक एलपीजी वितरण की नई एसओपी, राज्य को अतिरिक्त 26 प्रतिशत का कोटा

# व्यवसायिक एलपीजी वितरण की नई एसओपी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** राज्य में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ती मांग और आपूर्ति संतुलन को ध्यान में रखते हुए पूर्व में निर्धारित एसओपी को अतिक्रमित करते हुए नई संशोधित एसओपी लागू कर दी गई है।

सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति आनंद स्वरूप ने गुरुवार को बताया कि उत्तराखंड को व्यावसायिक एलपीजी हेतु अतिरिक्त 6 प्रतिशत कोटा मिला है, जबकि 20 प्रतिशत कोटा केंद्र द्वारा पूर्व में प्रदान किया गया था। इस प्रकार अब 66 प्रतिशत कोटे के आधार पर नई व्यवस्था लागू की गई है।

**रेस्टारेंट और ढाबों के लिए 2000 सिलेंडर :** सचिव ने बताया कि होटल एवं रिजॉर्ट जैसे पर्यटन आधारित प्रतिष्ठानों के लिए 1500 सिलेंडर (24 प्रतिशत) तथा रेस्टोरेंट एवं ढाबों के लिए 2000 सिलेंडर (32 प्रतिशत) निर्धारित किए गए हैं। सरकारी एवं सरकार द्वारा नियंत्रित गेस्टहाउसों के लिए 300 सिलेंडर (5 प्रतिशत) आवंटित किए गए हैं। डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, पेइंग गेस्ट सुविधा वाले छात्रावासों तथा होम-स्टे एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिष्ठानों के लिए 200-200 सिलेंडर (प्रत्येक 3 प्रतिशत) निर्धारित किए गए हैं। विवाह समारोहों के लिए 660 सिलेंडर (10 प्रतिशत) तथा फार्मास्यूटिकल, अस्पताल, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, रसायन एवं अन्य प्राथमिकता वाले औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 1250 सिलेंडर (20 प्रतिशत) का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार 6310 सिलेंडरों का दैनिक वितरण सुनिश्चित किया गया है।

### देहरादून को सर्वाधिक 31 प्रतिशत आवंटन

जिलावार कोटा भी गैस कनेक्शनों की संख्या के अनुरूप निर्धारित कर दिया गया। देहरादून को 31 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक आवंटन दिया गया है, जबकि हरिद्वार एवं नैनीताल को 13-13 प्रतिशत, ऊधमसिंह नगर को 9 प्रतिशत, चमोली को 6 तथा रुद्रप्रयाग को 5 प्रतिशत आवंटन दिया गया है। टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी एवं अल्मोड़ा को 4-4, पिथौरागढ़ को 3 तथा बागेश्वर एवं चम्पावत को 2-2 प्रतिशत आवंटन दिया गया है।

### विवाह समारोह को 2 सिलेंडर निर्धारित

विवाह समारोहों के लिए विशेष प्रावधान में अधिकतम 2 व्यावसायिक सिलेंडरों की सीमा निर्धारित की गई है। इसके लिए आवेदक को संबंधित डीएम या नामित अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। विवाह समारोह हेतु निर्धारित 660 सिलेंडरों में देहरादून एवं नैनीताल को सर्वाधिक 176-176 सिलेंडर जबकि हरिद्वार एवं ऊधमसिंह नगर को 64-64 सिलेंडर दिए गए हैं। अन्य जिलों को उनकी आवश्यकतानुसार 18 से 24 सिलेंडर तक आवंटित किए गए हैं। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्रों के लिए निर्धारित 1250 में देहरादून, हरिद्वार एवं ऊधमसिंह नगर को 380-380 सिलेंडर आवंटित किए गए हैं, नैनीताल व टिहरी को बीस-बीस तथा पौड़ी को 70 सिलेंडर आवंटित किए गए हैं।

# नेताओं पर लगा गैस वितरण शेड्यूल बिगाड़ने का आरोप

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** गैस वितरण प्रणाली को लेकर सरकार और जिला प्रशासन द्वारा होम डिलीवरी की व्यवस्था लागू की गई है लेकिन क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियों पर इस व्यवस्था को बाधित करने के आरोप लग रहे हैं।

स्थानीय गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि कुछ जनप्रतिनिधि इंडियन गैस के वितरण वाहनों में स्वयं सवार हो रहे हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरित कराने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन एजेंसियों पर दबाव बना रहे हैं। इसके चलते गैस वितरण के लिए बनाए गए रूट चार्ट प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पा रहे हैं। आरोप है कि जिन क्षेत्रों में नियमानुसार गैस वितरण होना चाहिए, वहां तक सिलेंडर नहीं पहुंच पा रहे हैं। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में गैस वितरण किया जा रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और हस्तक्षेप के कारण लोगों में रोष बना हुआ है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि अब गैस वितरण प्रणाली वोट देने या न देने के आधार पर प्रभावित होती नजर आ रही है। आरोप यह भी है कि नगर निकाय चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधि अपने समर्थकों को प्राथमिकता देते हुए गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि अन्य उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों ने प्रशासन से होम डिलीवरी व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार सड़कों पर वाहनों से अनियमित रूप से गैस वितरण करने से वास्तविक जरूरतमंद उपभोक्ता वंचित रह जा रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### विनियमितीकरण में दें प्रत्यावेदन: हाईकोर्ट

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के विनियमितीकरण के मामले में गुरुवार को कोई ठोस निर्णय नहीं दिया है। अलबत्ता उन्हें सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में शिक्षामित्र मीना आर्या, गुलशन राजा, रविता समेत अन्य शिक्षामित्रों के मामले पर सुनवाई हुई। पीठ ने निर्णय दिया कि याचिकाकर्ता सक्षम अधिकारी के समक्ष दो सप्ताह में अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत करें और सक्षम प्राधिकारी आठ सप्ताह में आवश्यक निर्णय ले।

### दंगे के मुख्य आरोपी को राहत नहीं मिली

**नैनीताल :** बनभूलपुरा दंगे में मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को गुरुवार को हाईकोर्ट ने राहत नहीं दी। खंडपीठ ने आरोपी के खिलाफ दर्ज अन्य मुकदमों के संबंध में अपीलकर्ता से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। आरोपी पर तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपी पिछले साल से जेल में बंद है और सेशन कोर्ट से आरोपी की जमानत खारिज हो चुकी है। तीनों मामलों में जमानत की अपील पर न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

# सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री हनुमान धाम में किए दर्शन, प्रदेश की खुशहाली की कामना

संवाददाता, रामनगर



श्री हनुमान धाम रामनगर में जनता का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, उत्तराखंड देवभूमि है और यहां की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से राज्य में सख्त कानून लागू किए जा रहे हैं तथा धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन चुका है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है, जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण है।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को रामनगर के छोई स्थित श्री हनुमान धाम पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया तथा भंडारा कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। वहीं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से श्रद्धालुओं को अभूतपूर्व सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। साथ ही, केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम में भी व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड की पहचान और अधिक सशक्त हुई है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से यह संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों केदारखंड और मानसखंड सहित अन्य स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत संरचना विकास के कार्य लगातार जारी हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य में हर वर्ष श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, महापौर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, शांति मेहरा, कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, श्री हनुमान धाम ट्रस्ट के आचार्य विजय एवं ट्रस्ट प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री धामी को सौंपा मांग पत्र

हनुमान धाम के संयोजक आचार्य विजय, मीडिया प्रभारी पवन अग्रवाल, सतनाम सिंह, पवन जैन आदि ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी को हनुमान धाम के मार्ग को चौड़ा किए जाने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा।

### शीतकाल यात्रा में बढ़े पर्यटक व श्रद्धालु

सीएम ने बताया कि, वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुंभ मेले की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं। शीतकालीन यात्रा भी निरंतर संचालित हो रही है और चारधाम के कपाट खुलने तक जारी रहेगी। अब तक करीब 1.60 लाख श्रद्धालु शीतकालीन यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर चुके हैं। शीतकाल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं, जो राज्य में धार्मिक पर्यटन के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सरकार का लक्ष्य धार्मिक पर्यटन को और अधिक सशक्त करना है, ताकि उत्तराखंड की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत हो सके। कहा कि आगामी कुंभ केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था का विषय है, इसलिए इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं।

### बिना हनुमत कृपा के आना असंभव

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु पर बजरंगबली की विशेष कृपा है, क्योंकि उनकी इच्छा के बिना कोई भी उनके दरबार तक नहीं पहुंच सकता। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि कई बार उन्होंने यहां आने का प्रयास किया, लेकिन कार्यक्रम नहीं बन पाया। इस बार बजरंगबली की कृपा से अचानक कार्यक्रम तय हुआ और उन्हें दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए ईश्वर से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामनगर :** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सदस्यों ने 27 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विभिन्न विभागों में कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियरों की समस्याओं और लंबित मांगों को विस्तार से रखा।

महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में सेवा शर्तों में सुधार, पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता, वेतन विसंगतियों का समाधान तथा तकनीकी कर्मचारियों के हितों से जुड़े अन्य मुद्दे शामिल हैं। कहा कि लंबे समय से इन मांगों को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महासंघ के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, शाखा सचिव मोहम्मद वासिफ, अमित उप्रेती, गोविंद सिंह रावत, हर्षवर्धन पाठक आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आने से पहले पुलिस ने फोड़े काले गुब्बारे

संवाददाता, रामनगर



कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पकड़ती पुलिस।

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पहुंचने से पूर्व लखनपुर चुंगी पर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथों पर काले गुब्बारे लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान पुलिस ने तुरंत ही सभी काले गुब्बारे फोड़ दिए और कार्यकर्ताओं को शांति भंग में गिरफ्तार कर पीरूमदारा चौकी पर ले गई। रामनगर में सीएम के आगमन से पहले यूथ कांग्रेस द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस और यूथ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सख्ती दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों को वहीं रोक लिया। जिलाध्यक्ष लोहनी ने आरोप लगाया कि प्रदेश का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है और महंगाई चरम सीमा पर है। भ्रष्टाचार भी लगातार बढ़ रहा है और आम जनता परेशान है। पुलिस ने लोहनी, सचिन आर्य सभासद, अमित कुमार, विकास आर्य, सलमान सलमानी सभासद, दीपक रावत नितिन शाह, पंकज कुमार,चेतन पंत, विजय बिष्ट आदि

### ई-रिक्शा की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**हल्द्वानी:** बेतरतीब ढंग से दौड़ रहे ई-रिक्शा की चपेट में आने से स्कूटी सवार का कंधा टूट गया। गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

देवलचौड़ निवासी गिरीश चंद्र आर्या पुत्र पीराम आर्य और डहरिया देवलचौड़ निवासी खीमानंद तिवारी पुत्र एचडी तिवारी ने हल्द्वानी कोतवाली को संयुक्त रूप से दी तहरीर में लिखा, 2 अप्रैल की सुबह करीब सवा 9 बजे दोनों बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन में एमबी इंटर कॉलेज से स्कूटी पर सवार होकर नवाबी रोड की ओर जा रहे थे। तभी स्कूटी सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक ई-रिक्शा समेत फरार हो गया। एक के कंधे की हड्डी टूट गई और कूल्हे में भी चोट आई। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि तहरीर मिली है चालक की तलाश की जा रही है।

# पुरानी शिकायतें पड़ी ठंडी, कार्रवाई को नई का इंतजार

- पिछले साल 6 निजी स्कूलों को भेजा गया था नोटिस, आज तक नहीं हुई कार्रवाई
- निजी स्कूलों की एसओपी बेअसर, दबी जुबान अभिभावक बयां कर रहे समस्या

संवाददाता, हल्द्वानी



शहर के एक बैंक्वेट हॉल में कॉपी किताबों की खरीदारी करते अभिभावक।

**अमृत विचार :** नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। जिसमें हर साल की तरह फिर से अभिभावकों पर मनमानी फीस, स्कूलों के नाम की लोगी वाली महंगी स्कूल ड्रेस, ऊंची एमआरपी पर कॉपी-किताबों को लेकर समस्याएं सामने आ रही हैं, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

पिछले साल प्रशासन और शिक्षा विभाग ने बकायदा एसओपी बनाई थी कि कोई भी निजी स्कूल बेवजह की फीस नहीं बढ़ाएगा, निर्धारित दुकानों पर कॉपी-किताबों और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य या प्रेरित नहीं किया जाएगा। इन सबके बावजूद फिर से पुराना खेल खुलेआम चल रहा है। जिस पर कार्रवाई करने के लिए विभाग अभिभावकों की शिकायतों का इंतजार कर रहा है।

पिछले सत्र में समस्याओं को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग हरकत में आया था। शिक्षा विभाग ने शिकायतों की जांच के लिए समिति बनाई। जांच के बाद शिकायतें सही पाई जाने पर स्कूलों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर स्कूलों से दोबारा अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया, लेकिन स्कूल इसमें भी फेल हो गए। हैरानी की बात है कि बीते पांच सालों में किसी निजी स्कूल पर कार्रवाई तो दूर, केवल 6 स्कूलों को नोटिस भेजकर इतिश्री कर ली गई। जिसका जवाब भी वे नहीं दे सके। अभिभावकों की शिकायत के लिए मेल- आईडी भी जारी की गई। जिसमें उनकी पहचान को उजागर किए बिना शिकायत पर जांच करने और कार्रवाई का दावा किया गया। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से अधिकांश निजी स्कूलों के हौंसले बुलंद हैं और फिर से कमीशनखोरी का खेल चल रहा है।

### सीईओ ने चेतावनी दी, राज्य शिक्षा सलाहकार समिति के आदेश का इंतजार

निजी स्कूलों की शिकायतों व जांच के बाद इसकी रिपोर्ट राज्य शिक्षा सलाहकार समिति को सौंपी गई, लेकिन 6 माह से अधिक बीतने के बाद भी अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि उनकी ओर से शिकायतों का संज्ञान लेकर इसकी रिपोर्ट समिति को सौंप दी गई थी। उन्होंने बताया कि शिकायतें सही पाए जाने और स्पष्टीकरण में कोई ठोस जवाब नहीं मिलने पर निजी स्कूलों को अंतिम चेतावनी दी गई। बताया कि आदेश मिलने के बाद ही कार्रवाई होगी।

### इन स्कूलों को लेकर मिली थी शिकायतें

शिक्षा विभाग को बीते साल 6 निजी स्कूलों की शिकायतें मिलीं। इनमें टिक्कू मॉर्डन स्कूल, सेंट लॉरेंस स्कूल, लक्ष इंटरनेशनल स्कूल, दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल, ऑर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल और पं. बद्रीदत्त पलड़िया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के खिलाफ शिकायतें शामिल हैं। इन शिकायतों में एनसीईआरटी किताबों के बजाय महंगी किताबों से पढ़ाने, अभिभावकों को एक ही दुकान से कॉपी-किताब, ड्रेस व अन्य शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करने सहित अन्य शिकायतें शामिल हैं।

# जमीन की धोखाधड़ी पर अब सीधे दर्ज नहीं होगा मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जमीन धोखाधड़ी का शिकार हुए वास्तविक लोगों के लिए यह बुरी खबर हैं, क्योंकि ऐसे मामलों में अब पुलिस सीधे मुकदमा दर्ज नहीं करेगी। बल्कि राजपत्रित अधिकारी ऐसे मामलों की पहले जांच करेंगे और जब लगेगा मामला सही है, तब मुकदमा होगा। एडीजी एलओ डॉ.वी.मुरुगेशन ने ऐसे मामलों पर आईजी को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

जमीन धोखाधड़ी सहित कई अहम मुद्दों को लेकर एडीजी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की थी। बैठक में उन्होंने भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा था कि पुलिस मुख्यालय पहले भी स्पष्ट कर चुका है कि ऐसे मामलों में राजपत्रित अधिकारी की जांच के बाद ही नियमानुसार केस दर्ज किया और साक्ष्यों के आधार पर निस्तारण कराया जाए। इस सम्बन्ध में यह भी ध्यान रखा जाए कि दीवानी प्रकृति के मामलों में पुलिस अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। उन्होंने गढ़वाल और कुमाऊं रेंज के आईजी को ऐसे मामलों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि मुख्यालय से मिले निर्देशों के तहत कार्य करते हुए पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाएगी। इसके लिए सभी जिलों के कप्तनों को निर्देशित कर दिया गया है।

### तत्काल दर्ज हो गुमशुदगी, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**हल्द्वानी :** अपराधों की समीक्षा करते हुए एडीजी एलओ ने कहा, नाबालिग बच्चों के गुमशुदा होने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल गुमशुदा की तलाश शुरू की जाए। गुमशुदगी के रिकवरी रेट को बढ़ाना आवश्यक है। गुमशुदगी को लेकर सभी स्तर पर संवेदनशीलता होनी चाहिए। जिले के प्रभारी प्रत्येक सप्ताह खुद इसकी समीक्षा करेंगे और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए क्षेत्राधिकारियों को चेक लिस्ट तैयार करने और हर दिन शेष कार्रवाई का परीक्षण करने के लिए कहा गया है।

# वन विभाग ने सेमल लकड़ी से भरा पिकअप किया जब्त

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

- काठगोदाम-सितारगंज मार्ग पर चेकिंग के दौरान पकड़ा
- हरियाणा नंबर की पिकअप में मिले सेमल के 623 नग

**अमृत विचार :** वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार तड़के एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया। काठगोदाम-सितारगंज मार्ग पर चेकिंग के दौरान टीम ने संदिग्ध वाहन को रोका, जिसमें भारी मात्रा में सेमल की चिरान लदी मिली।

सुबह करीब 4:30 बजे कालीचौड़ गेट के पास हुई इस कार्रवाई में वाहन संख्या एचआर 38 जेड 5737 को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन से 623 नग सेमल की चिरान बरामद हुई, लेकिन चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया और उसे तिकोनिया स्थित रेंज कार्यालय परिसर में खड़ा करा दिया गया है।

कार्रवाई प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान में वन दरोगा राम सिंह रावत, वन आरक्षी प्रमोद जोशी और चालक रविंद्र पाल थे।

वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत ने बताया कि वन संपदा की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने तमंचे के साथ बनाई रील, रीयल में पहुंचा हवालात

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

- बियर की बोतल के साथ इंस्टाग्राम पर अपलोड की फोटो
- क्रिया शाला के पास 315 बोर के तमंचे संग पकड़ा गया



सोशल मीडिया पर असलहे की नुमाइश करने वाला हल्द्वानी पुलिस की हिरासत में।

**अमृत विचार :** टेबल पर बियर की बोतल और बगल में तमंचा रखकर फोटो खिंचवाने और फिर उसे इंस्टाग्राम पर बतौर रीड अपलोड करना युवक को भारी पड़ गया। रील के चक्कर में युवक रीयल में हवालात पहुंच गया। रील बनाकर अपलोड करने के बाद युवक जजफार्म के पास सूनसान सड़क पर बैठा था। पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा भी बरामद हुआ।

हल्द्वानी कोतवाली पुलिस के मुताबिक, गिरफ्त में आया आरोपी 19 साल का अंश खत्री पुत्र भानु प्रताप सिंह खत्री है, मूलरूप से अम्बेडकर नगर शिवपुरी कटघर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में वह गौला गेट राजपुरा हल्द्वानी में रह रहा था। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील अपलोड की, जिसमें वह तमंचे के साथ नजर आ रहा था। मामला संज्ञान में आने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई और एक अप्रैल को उसे धान मिल तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 315 बोर का लोडेड तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया किया है। पुलिस टीम में एसएसआई भूपेन्द्र सिंह मेहता, कांस्टेबल ललित नाथ और धीरेन्द्र अधिकारी थे।

**सावधान** — बदलते मौसम का असर, दिन में जबरदस्त गर्मी तो रात में हो रही ठंड

# मौसम में उतार-चढ़ाव, कर न दे आपको बीमार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दिन के समय तेज धूप और गर्मी महसूस हो रही है, जबकि रात के समय तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इस अस्थिर मौसम का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शहर में वायरल बुखार, सर्दी-खांसी, जोड़ों के दर्द और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

दिन में गर्मी के कारण लोग हल्के कपड़े पहन रहे हैं और रात को ठंड बढ़ने पर पंखे या ठंडी हवा के संपर्क में आ रहे हैं। इस तापमान के अंतर के चलते शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे लोग जल्दी बीमार पड़ रहे हैं। इसके अलावा ठंडे पेय पदार्थों और आइसक्रीम के अधिक सेवन से भी गले और पाचन से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं।

**ये बरतें सावधानियां :** विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय लोगों को दिन और रात के तापमान के अंतर को ध्यान में रखते हुए अपनी दिनचर्या में बदलाव करना चाहिए। हल्के लेकिन पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, ठंडे पेय पदार्थों का सीमित सेवन करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही यदि सर्दी, खांसी या बुखार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या



बेस अस्पताल हल्द्वानी के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के.एस. दत्ताल ने बताया कि इन दिनों अस्पताल में मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से वायरल बुखार और जोड़ों के दर्द के मरीज अधिक आ रहे हैं। वहीं सुशीला तिवारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी के अनुसार मौसम में हो रहे बदलाव के कारण सर्दी-खांसी और गले के संक्रमण के मामलों में इजाफा हुआ है। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने और बदलते मौसम के अनुसार दिनचर्या अपनाने की सलाह दी।

### बच्चों की सेहत पर विशेष ध्यान जरूरी



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि स्कूल खुलने के बाद बच्चों में संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, ठंडी चीजों से परहेज कराएं और उनकी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार दें।

# पर्यटन सीजन सिर पर, व्यवस्थाएं तय नहीं

संवाददाता, नैनीताल



सरोवर नगरी इस समय सैलानियों से गुलजार है, सैर करते पर्यटक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही गर्मी से बचने के लिए अभी से पर्यटक नैनीताल समेत पहाड़ों का रुख करने लगे हैं जिससे नैनीताल समेत जिले के पर्यटक स्थल गुलजार होने लगे हैं।

पर्यटकों के स्वागत के लिए पर्यटन कारोबारी पूरी तरह से तैयार है मगर पुलिस-प्रशासन ने अभी तक पर्यटक स्थलों के लिए यातायात प्लान और व्यवस्था नहीं की है न ही पर्यटन कारोबारियों के साथ अब तक कोई बैठक की है जिससे पर्यटन कारोबारी आने वाले मुख्य सीजन के लिए चिंतित नजर आ रहे है। पर्यटन सीजन शुरू होने से पूर्व पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर बैठक होती थी जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था से लेकर पर्यटकों की सुविधाओं को लेकर कारोबारियों से सुझाव मांगे जाते थे ताकि पर्यटन सीजन में पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो मगर अब तब पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक न होने से कारोबारी आने वाले मुख्य सीजन को लेकर चिंतित है।

> अप्रैल का महीना शुरू हो चुका है लेकिन प्रशासन की ओर से कारोबारियों के साथ कोई बैठक नहीं की गई है ना ही कोई सुझाव मांगे गए हैं जिससे पर्यटन सीजन प्रभावित होगा। **-दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन, नैनीताल

> नैनीताल में पर्यटन को लेकर कारोबारियों के साथ कोई बैठक नहीं की गई है, न ही कोई सुझाव मांगे गए हैं। जिससे पर्यटन सीजन प्रभावित होगा। **-वेद साह**, सचिव होटल एसोसिएशन, नैनीताल

> नैनीताल में पर्यटन को लेकर पुलिस व प्रशासन के बीच बात चल रही है। पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों के लिए यातायात व अन्य सुविधाओं को लेकर बेहतर व्यवस्थाएं की जाएंगी। जल्द पर्यटन से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर चर्चा की जाएगी। **-डॉ. जगदीश चंद्रा**, एसपी सिटी अपराध व यातायात, नैनीताल

### शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर कोई प्लान नहीं

नैनीताल में पर्यटन सीजन और वीकेंड के दौरान पर्यटकों की भीड़ और शहर में लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए अब कोई बेहतर प्लान तैयार नहीं हो सका है। जिससे आने वाले दिनों में स्थानीय लोगों के साथ साथ पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पडेगा। हालांकि वीकेंड में पुलिस ने नैनीताल जाने के लिए वन वे प्लान तैयार किया जिससे नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग में वाहनों का दबाव कम रहा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

पांच साल में नैनी झील का सबसे कम स्तर, बारिश और बर्फबारी की कमी से हालात गंभीर, झील के किनारों पर उभरने लगे डेल्टा, पर्यटन कारोबारियों की बढ़ी चिंता

# मौसम की बेरुखी से संकट में नैनी झील, जलस्तर 3 फीट से नीचे पहुंचा

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी नैनीताल की पहचान मानी जाने वाली विश्व प्रसिद्ध नैनी झील इन दिनों गंभीर जल संकट की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। मौसम की बेरुखी, कम बारिश और सर्दियों में पर्याप्त बर्फबारी न होने के कारण झील का जलस्तर तेजी से घट रहा है। हालात यह हैं कि झील का जलस्तर 3 फीट से भी नीचे पहुंच गया है, जो बीते पांच वर्षों में सबसे न्यूनतम स्तर माना जा रहा है।

जलस्तर में लगातार गिरावट के चलते झील के किनारों पर डेल्टा उभरने लगे हैं, जिससे न केवल झील की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि यह स्थिति पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत भी दे रही है। 5 साल में सबसे निचले स्तर पर झील यदि पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो जलस्तर में लगातार गिरावट साफ नजर आती है।

2026 : 3 फीट 6 इंच
2025 : 3 फीट 11 इंच
2024 : 3 फीट 8 इंच
2023 : 5 फीट 7 इंच
2022 : 6 फीट 10 इंच
2021 : 7 फीट
2020 : 7 फीट 3 इंच



इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हर साल जलस्तर में गिरावट का सिलसिला जारी है, जो अब चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुका है।

### संकट के संकेत

झील का जलस्तर 3 फीट से नीचे
किनारों पर डेल्टा बनने शुरू
बारिश और बर्फबारी में भारी कमी
पर्यटन और पेयजल पर खतरा

### पर्यटन कारोबार पर पड़ सकता है असर

नैनीताल की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा पर्यटन पर निर्भर है। ऐसे में झील का जलस्तर गिरना स्थानीय व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो पर्यटन सीजन के दौरान हालात और बिगड़ सकते हैं। झील का जलस्तर और कम होने से पर्यटकों की संख्या पर भी असर पड़ सकता है।

### पेयजल संकट की आशंका बढ़ी

झील नैनीताल शहर की पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्रोत भी है। जलस्तर में गिरावट के चलते आने वाले समय में पेयजल संकट की आशंका भी जताई जा रही है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश गर्ग्याल के अनुसार, "पिछले बारिश के सीजन में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, जिसके कारण जलस्तर में गिरावट आई है। फिलहाल झील का स्तर लगभग 3 फीट 3 इंच (80 फीट 3 इंच) है।

### फिलहाल 14 एमएलडी पानी की हो रही आपूर्ति

विभाग द्वारा स्थिति को संभालने के लिए फिलहाल होस्टिंग व्यवस्था लागू की गई है। शहर में सुबह और शाम मिलाकर प्रतिदिन 14 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियंता का कहना है कि अभी शहर में पेयजल संकट नहीं है, लेकिन यदि जलस्तर इसी तरह घटता रहा तो भविष्य में और सख्त कदम उठाने पड़ सकते हैं। नैनी झील के जलस्तर में तेजी से हो रही गिरावट के पीछे पर्यावरण विद् डॉ अजय रावत मानते हैं नैनीताल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते लंबे समय में हुए बेतहासा निर्माण और जंगलों में हो रहे कंक्रीट कार्य के चलते झील का जलस्तर कम हुआ है क्योंकि बरसात के दौरान शहर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित कैचमेंट एरिया में पानी भरता था और इन कैचमेंट जिलो से पानी रिस्क कर नैनी झील तक आता था मगर बीते कुछ समय में एनकैशमेंट एरिया में कंक्रीट के निर्माण हुए हैं जिनसे कैचमेंट एरिया नष्ट हुए हैं। और अब इन कैचमेंट झीलों में पानी नहीं रख रहा है जिसका असर नैनी झील के जल स्तर पर दिख रहा है।वही दूसरा कारण जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित निर्माण और जल स्रोतों के संरक्षण की कमी इस संकट के मुख्य कारण हैं। समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो नैनी झील का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मां नैना देवी मंदिर, हनुमानगढ़ धाम सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे आयोजित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सरोवर नगरी नैनीताल में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला। मां नैना देवी मंदिर, हनुमानगढ़ धाम सहित शहर के विभिन्न छोटे-बड़े मंदिरों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मां नैना देवी मंदिर में प्रातःकाल हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, हनुमान भक्तों द्वारा मंदिर में 101 किलो लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। हनुमान भक्त संगठन की ओर से चाट पार्क नैनीताल (मां नैना देवी मंदिर के समीप) में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कैपिटल सिनेमा के पास स्थित विशाल भगवा ध्वज को विधिवत बदला गया और श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया। शहर के अन्य मंदिरों में भी हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की आराधना की। इस अवसर पर सोनू बिष्ट, पंकज सिंह बिष्ट, किशोर सिंह ढैला, सूरज आर्य, करन आर्य, सुंदर सिंह राठौर, मनमोहन सिंह बिष्ट, विशाल कुमार, विक्की कुमार, विमल चंद्रा, शेर सिंह, सौरभ रावत रहे।



हनुमान जयंती के मौके पर नैना देवी मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### लटुरिया महाराज आश्रम में भी मना हनुमान जन्मोत्सव

**हल्द्वानी :** श्री लटुरिया महाराज आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भाग लिया। हनुमान चालीसा और आरती के बाद बूंदी व लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान डा. एससी. अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, राजीव अग्रवाल, विपिन गुप्ता, विनय बिरमानी, राजेश जोशी, नीरज प्रभात, राधेश्याम, ओम प्रकाश, भोला केसरवानी और सुधीर शारदा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कैंची धाम में हजारों भक्तों ने किए दर्शन

**नैनीताल :** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करौली महाराज के कैंची धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हनुमान जयंती के मौके पर करीब 20 हजार से अधिक भक्तों ने बाबा नीम करौली का आशीर्वाद लिया। सुबह से ही मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक लगातार जारी रहीं। देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे हजारों भक्तों ने इस विशेष अवसर पर बाबा नीम करौली महाराज और भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा, जहां श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन नजर आए। हनुमान जयंती के मद्देनजर मंदिर प्रशासन ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कैंची धाम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला।

### त्रिमूर्ति मंदिर में हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ

**हल्द्वानी :** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को हिम्मतपुर तल्ला स्थित त्रिमूर्ति मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में भक्तों ने भक्ति भाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया और कीर्तन कीर्तन में सहभागी होकर मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं हनुमान जयंती के इस शुभ अवसर पर सामूहिक भक्ति और मिल-जुलकर हनुमानजी की आराधना की। इस दौरान महेश शर्मा सहित मंदिर समिति के सदस्य व भक्त उपस्थित रहें।



काठगोदाम हनुमानगढ़ी मंदिर में जन्मोत्सव पर भक्तिमय शोभायात्रा। ● अमृत विचार

# बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा हल्द्वानी शहर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर गुरुवार को शहर के सभी शिवालयों और संकटमोचन मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा।

विशेष रूप से काठगोदाम स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान गढ़ी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां सुबह सात बजे से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर 'जय श्री राम' और 'पवनपुत्र हनुमान की जय' के नारों से गुंजायमान रहा।

भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ किया और सिंदूर, चोला व लड्डू अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

### शहर में जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

**हल्द्वानी :** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रद्धा का रंग केवल मंदिरों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर के कोने-कोने में सेवा का भाव भी दिखा। मुख्य बाजार, कालाढूंगी रोड और नैनीताल हाईवे सहित विभिन्न चौराहों पर भक्तों द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। कहीं पूड़ी-सब्जी तो कहीं हलवे का प्रसाद पाकर राहगीर निहाल हुए।

### शिवाशीष कॉलोनी में भी मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**हल्द्वानी :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शिवाशीष कॉलोनी में क्षेत्रवासियों ने हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। भजन मंडली की ओर से भजन प्रस्तुत किए गए। यहां पुजारी गौरी दत्त जोशी, आनंद भाकुनी, रमेश चंद्र उप्रेती, गिरीश चंद्र जोशी, जगदीश औली, हिम्मत सिंह दानू, गोपाल सिंह बोरा, बंशीधर भट्ट, कैलाश चंद्र कांडपाल, पीसी उपाध्याय आदि शामिल रहे।

### प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया शांति हवन

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल ने हनुमान जयंती के पर विश्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध की शांति के लिए हवन-यज्ञ किया। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने युद्ध समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से पहल का आग्रह किया। जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला सचिव गिरिजा नंदन भट्ट, आलोक टंडन रहे।



कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर में पूजा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

### एसएसपी मंजूनाथ टीसी किया हवन

**हल्द्वानी :** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली हल्द्वानी परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हवन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। एसएसपी ने बजरंग बली की पूजा कर जनपद की सुख-शांति, समृद्धि और सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों, आमजन और उपस्थित सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। एसएसपी नैनीताल की ओर से समस्त जनपदवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक नैनीताल हरकेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी विजय मेहता, वरिष्ठ उप निरीक्षक रोहतास सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्राचीन श्री राम मंदिर में हुआ हवन-यज्ञ

**हल्द्वानीः** शहर के प्राचीन राम मंदिर में दक्षिणमुखी भगवान हनुमान का जन्मोत्सव उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में हनुमान जी को झूला चढ़ाया गया और उसके पश्चात हवन-यज्ञ और पूर्णाहुति का आयोजन किया गया।

मंदिर में सुंदरकांड पाठ के माध्यम से भक्तों ने हनुमान जी की महिमा का ध्यान किया। दोपहर 12 बजे महंत विवेक शर्मा की ओर से महाआरती संपन्न की गई। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग, चूरमा, लड्डू और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर पंडित गिरीश दुर्ग, पाल रोहित ठाकुर, विधायक सुमित हृदयेश, गोविंद बगड़वाल, हेमंत सिंह बगड़वाल, सुशील अग्रवाल और रजत गर्ग सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भक्तों ने पूरे दिन भजन-कीर्तन और आरती में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



कालाढूंगी में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में हनुमान जयंती पर अखंड रामायण और भंडारे का आयोजन

**कालाढूंगी :** गुरुवार को कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव और चकलुवा क्षेत्र के मंदिरों में हनुमान जयंती के अवसर पर उत्साह का माहौल रहा। हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। नगर के हनुमान मंदिर में बुधवार से चल रहे अखंड रामायण पाठ का गुरुवार को भंडारे के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष ललित कांडपाल, हरीश मेहरा, गिरीश पडेलिया, दीपक बनौला, चंद्रशेखर कांडपाल, गुड्डू चौहान, आनंद जोशी, कैलाश बुढलाकोटी, कुंदन बिष्ट, बृजेश साह, पीयूष भट, मेहर बिष्ट, करन जोशी, तारा चंद्र, पुष्कर खनायत, गोविन्द पांडे रहे।

### 291 किलो के लड्डू का लगाया भोग

**हल्द्वानी :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर काठगोदाम गौलापार रोड स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर में काठगोदाम चुंगी कालटेक्स तक नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महंत कालूगिरी महाराज के नेतृत्व में बाबाओं की टोली, भगवान राम-सीता-लक्ष्मण-हनुमान-भरत-शत्रुघ्न की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। भगवान हनुमान के उद्घोष से भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा के उपरांत महंत कालूगिरी महाराज ने हनुमानजी को 291 किलो का लड्डू भोग के रूप में अर्पित किया। इसके बाद भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर तपोनिधि पंचायती दशनाम आनंद अखाड़ा, कपिल धारा वाराणसी, महंत सोमेश्वर गिरी, गब्बर गिरी, महंत निरंजन गिरी और सुमित जोशी सहित सैकड़ों भक्त रहे।

# विधायक पुत्र ने दिखाई धौंस, कार सीज

● यूपी के विधायक राजेंद्र पटेल के पुत्र को हनक दिखाना पड़ा भारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से भाजपा विधायक के बेटे को नैनीताल की माल रोड पर वीआईपी कल्चर दिखाना महंगा पड़ गया। यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए हूटर बजाने और एसडीएम से अभद्रता करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसकी फॉर्च्यूनर कार को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार, फतेहपुर की जहानाबाद सीट से विधायक राजेंद्र पटेल का बेटा राहुल पटेल परिवार के साथ नैनीताल घूमने आया था। माल रोड पर जाम के दौरान उसने बिना किसी आपात स्थिति के लगातार कार का हूटर बजाना शुरू कर दिया। संयोगवश, उसी समय मौके पर मौजूद एसडीएम की नजर इस पर पड़ी तो उन्होंने वाहन रुकवाकर हूटर बजाने का कारण पूछा, तो विधायक पुत्र अपनी गलती मानने के बजाय उल्टा बहस करने लगा। आरोप है कि उसने रौब दिखाते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नाम की हनक दिखा दबाव बनाने की कोशिश की। कुछ देर तक सड़क पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल पुलिस को मौके पर बुलाया। जांच में वाहन के आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर उपलब्ध नहीं पाए गए। इसके बाद पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटते हुए फॉर्च्यूनर को सीज कर दिया। अब वही विधायक पुत्र अपनी गाड़ी छुड़वाने के लिए कचहरी के चक्कर काटता नजर आया।



नैनीताल में एसडीएम से उलझता विधायक पुत्र व अन्य। ● अमृत विचार

### डिप्लोमा इंजीनियरों की हड़ताल जारी

**नैनीतालः** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 11 वे दिन भी जारी रही।

महासंघ के मंडल अध्यक्ष एसएस डंगवाल ने बताया कि लंबे समय से लंबित 27 सूत्रीय मांगों के समाधान न होने के कारण इंजीनियरों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंताओं की वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति में ठहराव खत्म कर सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति सुनिश्चित करने, तथा ई-स्टिमेट और ई-फाइलिंग अनिवार्य किए जाने की स्थिति में सभी इंजीनियरों को लैपटॉप उपलब्ध कराने जैसी मांगें हैं। दीप चंद्र चौधरी, मनमोहन बिष्ट, गोविंद सिंह जनौटी, तुला राम टम्टा, राजेंद्र गिरी, किशोर कुमार, जीसी जोशी, वंदना, वेद प्रकाश, शालू प्रजापति, मोहन सिंह, नीरज तिवारी रहे।

# ओम पर्वत को आदि कैलाश यात्रा में शामिल कराने वाले विपिन पांडे नहीं रहे

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विपिन पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनका बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रानीबाग में किया गया। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं।



विपिन पांडे। (फाइल)

विपिन पांडे कुमाऊं मंडल विकास निगम में पर्यटन विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थे और जून 2017 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह एक निजी विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बुधवार को वह विश्वविद्यालय की गिफ्ट की घड़ी देने टीआरसी नकुचियाताल और भीमताल भी पहुंचे थे। विपिन पांडे एक लेखक और इतिहासकार के रूप में भी जाने जाते थे। वर्ष 1982 से पहले आदि कैलाश यात्रा के दौरान नाभीढांग से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्यांगचुंग में कुमाऊं मंडल विकास निगम का कैंप लगाया जाता था, लेकिन वहां से ओम पर्वत दिखाई नहीं देता था और तब यह यात्रा में शामिल भी नहीं था। सबसे पहले विपिन पांडे ने नाभीढांग से ओम पर्वत के दर्शन किए और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद स्यांगचुंग के बजाय नाभीढांग में कैंप लगाया जाने लगा, जो आज तक जारी है। इसी के साथ आदि कैलाश यात्रा में ओम पर्वत को भी शामिल किया गया। वह केएमवीएन की ओर से दर्जनों बार आदि कैलाश यात्रा की व्यवस्थाओं में शामिल रहे। उन्होंने दो बार कैलाश मानसरोवर यात्रा में भी भाग लिया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। क्षेत्र के कोने-कोने से परिचित विपिन पांडे के अचानक निधन पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन नेगी, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, क्षेत्र प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश बिष्ट, पालिकाध्यक्ष सीमा टम्टा, सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट, हितेंद्र बिष्ट, संजय महरा, जिला मंत्री भाजपा मनोज भट्ट, सभासद नीरज रैकुनी, रामपाल गंगोला समेत केएमवीएन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## सिटी ब्रीफ

### 841 कमर्शियल, 6365 घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन ने जानकारी दी है कि एक अप्रैल को जिले में 6365 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हुई है। इसके साथ ही 841 कमर्शियल सिलेंडर ग्राहकों को दिए गए हैं। जिले में 6662 घरेलू और 1326 कमर्शियल सिलेंडर मिले हैं। इस समय घरेलू गैस का 7041 और कमर्शियल गैस सिलेंडर का 2462 सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद है।

### दिन में बढ़ी तपिश, पारा 36 डिग्री पार

**हल्द्वानी :** गुरुवार को हल्द्वानी में पारा 36 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है और न्यूनतम तापमान 13 .8 डिग्री रहा। पारे में अचानक ही उछाल आया है। इधर मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार चार अप्रैल से नैनीताल जिले में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा, इसका असर छह अप्रैल तक रहेगा।

### न्यू मोंटेसरी ने मनाया स्थापना दिवस

**हल्द्वानी :** न्यू मोंटेसरी स्कूल कुसुमखेड़ा ने अपना 37वां स्थापना दिवस मनाया। शुरुआत स्कूल के संस्थापक कै . हीरा सिंह बिष्ट (रिटायर्ड) के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। मुख्य अतिथि न्यू मोंटेसरी एजुकेशनल सोसाइटी के उपाध्यक्ष आरएस रौतला रहे। स्कूल प्रबंधक बीरेन्द्र बिष्ट ने विद्यालय की स्थापना की जानकारी दी।

# कुकिंग ऑयल ने लगाया महंगाई का तड़का

## आम उपभोक्ता पर दोहरी मार, कुकिंग ऑयल के दाम तो बढ़े ही साथ में पैकेट में तेल की मात्रा भी की कम

- बाजार में एक लीटर की जगह बिक रहा 910 एमएल का पैक
- सरसों के तेल ने बढ़ाया रसोई का बोझ

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** शहर में रसोई का बजट लगातार बिगड़ता जा रहा है। कुकिंग ऑयल की कीमतों में अचानक आई तेजी ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर रिफाइंड और सरसों तेल के दामों में उछाल के साथ-साथ पैकेट में तेल की मात्रा में कमी ने उपभोक्ताओं को दोहरी मार दी है।

बाजार में रिफाइंड ऑयल की कीमतें अब 190 से 210 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई हैं, जबकि सरसों तेल 200 से 220 रुपये प्रति लीटर के बीच बिक रहा है। कुछ समय पहले तक ये कीमतें काफी कम थीं, लेकिन अब अचानक बढ़ोतरी ने घरेलू बजट को प्रभावित कर दिया है। कीमतों में बढ़ोतरी के साथ कंपनियों ने एक और बदलाव किया है। तेल के पैकेट का आकार छोटा कर दिया गया है। जहां पहले 1 लीटर के पैक आम थे, वहीं अब रिफाइंड ऑयल 750 एमएल और सरसों तेल 910 ग्राम के पैकेट में ज्यादा देखने को मिल रहा है। इसके पीछे वजह यह हो सकती है कि उपभोक्ताओं को बढ़ रही कीमतों का अहसास न हो। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, पहले 750 एमएल सोयाबीन रिफाइंड ऑयल लगभग 130 रुपये में मिल जाता था, जो अब बढ़कर करीब 150 रुपये हो गया है। इसी तरह 910 ग्राम सरसों तेल का पैकेट पहले 150 रुपये तक उपलब्ध था, जो अब 160 रुपये तक पहुंच गया है। यानी दोनों ही प्रकार के तेलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दमुवाढूंगा के दुकानदार हेम कांडपाल ने बताया कि बीच में कुकिंग ऑयल के रेट काफी कम हो गए थे। इससे ग्राहकों को राहत मिली थी। साथ ही पैकेट छोटा करने से ग्राहकों को कोई फायदा नहीं है, उन्हें अपने घर की जरूरतों के हिसाब से ही तेल खरीदना पड़ता है।

**युद्ध की वजह से बढ़ रहे हैं रेटः** मंडी कारोबारियों का कहना है कि कुकिंग ऑयल के रेट युद्ध की वजह से बढ़ रहे हैं। रिफाइंड ऑयल बनाने के लिए जो सामान चाहिए उसमें काफी सामान बाहर देशों से आता है। युद्ध का इस पर प्रभाव पड़ा है लेकिन सरसों तेल का रेट बढ़ना समझ से परे हैं क्योंकि सरसों की खेती अच्छी हुई है। मंडी में कारोबारी राकेश गुप्ता ने बताया कि अनुमान था कि अच्छी फसल के बाद सरसों तेल प्रति किलो 15 से 20 रुपये टूटेगा और इसकी डिमांड में उछाल आएगा लेकिन रिफाइंड का मूल्य बढ़ा तो सरसों तेल का भी मूल्य बढ़ा दिया गया है। कहा कि इस समय हर तरह के कुकिंग ऑयल के दाम में उछाल आया है।

### घरेलू बजट पर असर, मांग बनी हुई

**हल्द्वानी :** बमौरी निवासी मोनू बिष्ट का कहना है कि सोयाबीन रिफाइंड और सरसों तेल की मांग सबसे ज्यादा है, क्योंकि ये रोजमर्रा की जरूरत का हिस्सा हैं। ग्राहक लक्ष्मी बिष्ट ने बताय कि तेल के पैकेट छोटे करने से क्या होगा। जितनी जरूरत है उतना कुकिंग ऑयल लेना ही पड़ेगा।

### पानी के बिलों में बढ़ोतरी, घरेलू 9% और व्यावसायिक 15% तक महंगे



**हल्द्वानी :** अगर आपके घर में जल संस्थान की पाइप लाइन से पानी आता है तो पानी के लिए ज्यादा रुपये चुकाने होंगे। पानी के बिलों में बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 9% और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को करीब 15% अधिक बिल का भुगतान करना होगा। पानी के बिल की दरें 2013 के बेस रेट के आधार पर तय की जाती हैं। इस आधार पर पहले लोअर स्लैब में 9% और उच्च स्लैब में 11% की वृद्धि होती थी, जो अब घटकर करीब 4% रह गई है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने कहा पानी के बिलों का निर्धारण दो प्रमुख कारणों पर आधारित होता है। पहला, हाउस टैक्स असेसमेंट के अनुसार उपभोक्ताओं को निर्धारित स्लैब में रखा जाता है। दूसरा, वैल्यूमेट्रिक टैरिफ (लीटर) के आधार पर बिल जारी किए जाते हैं। आगे ईई लोशाली ने बताया कि पानी के बिलों में बढ़ोतरी की जानकारी तो है, लेकिन हमारे पास कोई लिखित आदेश अभी नहीं आया है। जैसे ही आदेश मिलेगा, नियम को लागू कर दिया जाएगा।

# क्षतिग्रस्त नालियों से बढ़ा गंदगी और डेंगू का खतरा



नगर आयुक्त को ज्ञापन देते उक्रांद कार्यकर्ता • अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

- यूकेडी पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** कुसुमखेड़ा क्षेत्र स्थित आरके टेंट रोड में क्षतिग्रस्त नालियों के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की दीवारें कई स्थानों पर टूट चुकी हैं, जिससे कीचड़ और कूड़ा जमा हो रहा है। इसके चलते क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है।

समस्या को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को नगर आयुक्त परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि नालियों के टूटने से पानी का निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे आसपास बदबू और गंदगी फैल रही है। वहीं, पीली कोठी मार्ग पर चल रहे सीवर लाइन कार्य के कारण ट्रैफिक को आरके टेंट रोड पर डायवर्ट किया गया था।

भारी वाहनों की आवाजाही के चलते यहां एक स्थान पर नाली की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से शीघ्र नालियों के पुनर्निर्माण और मरम्मत की मांग की है, ताकि गंदगी और बीमारियों के खतरे से राहत मिल सके।

# परिवहन विभाग ने हासिल किया 99 प्रतिशत लक्ष्य

संवाददाता, हल्द्वानी

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1800 करोड़ से अधिक की कमाई
- पिछले वर्ष की तुलना में 9.20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1800 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व हासिल कर निर्धारित लक्ष्य का 99 प्रतिशत हासिल किया। विभाग लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले प्रमुख विभागों में शामिल रहा। चुनौतियों के बावजूद विभाग ने पिछले वर्ष की तुलना में 9.20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की।

नए वाहनों के पंजीकरण में वृद्धि दर घटकर 7.82 प्रतिशत रह गई, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों को रोड टैक्स में छूट से करीब 13.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जीएसटी दरों में कमी के असर के बावजूद विभाग का प्रदर्शन बेहतर रहा। नेशनल परमिट और ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट से भी केंद्र से 77 करोड़ रुपये का राज्यांश प्राप्त हुआ। उप परिवहन आयुक्त सुनील शर्मा के अनुसार यह उपलब्धि टीम वर्क और बेहतर मैनेजमेंट का परिणाम है। उन्होंने आने वाले समय में डिजिटल पहल के जरिए राजस्व में और वृद्धि की उम्मीद जताई।

### राजस्व किया हासिल

| वित्तीय वर्ष | राजस्व (करोड़ों में) |
|---|---|
| 2023-24 | 1423 .16 |
| 2024- 25 | 1464 .94 |
| 2025-26 | 1599 .01 |

### इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह 7 अप्रैल को

**हल्द्वानी :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 39वां दीक्षांत समारोह 7 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। इसके साथ ही देशभर के 51 क्षेत्रीय केंद्रों पर भी समारोह आयोजित किए जाएंगे।

देहरादून स्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र में कार्यक्रम राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा (रायपुर रोड) के एमपी हॉल में होगा। क्षेत्रीय केंद्र के वरिष्ठ निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी के अनुसार इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. रमाकांत पांडेय (कुलपति, संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार) दीक्षांत भाषण देंगे। समारोह में देहरादून क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत लगभग 3584 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

# गैस वितरण में मनमानी का आरोप, प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी



रसोई गैस सिलेंडर किल्लत को लेकर प्रदर्शन करते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** इंडेन गैस सिलेंडर के वितरण में मनमानी का आरोप लगाते हुए देवकी विहार विकास समिति के बैनर तले बिठौरिया नंबर-1 क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार की मांग उठाई।

समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पांडे ने आरोप लगाया कि गैस वितरण में पिक एंड चूज नीति अपनाई जा रही है, जिससे क्षेत्र में अव्यवस्था और असंतोष का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों का वितरण बुकिंग तिथि के वरिष्ठताक्रम के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि सभी उपभोक्ताओं के साथ समान व्यवहार हो सके। इसके बाद समिति की ओर से नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि देवकीबिहार सहित आसपास की कॉलोनियों में पिछले एक पखवाड़े से इंडेन गैस की होम डिलीवरी नहीं हो रही है, जिससे लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। समिति ने सवाल उठाया कि जब सरकार गैस की कोई कमी नहीं होने का दावा कर रही है, तो फिर उपभोक्ताओं को लंबी कतारों और अफरा-तफरी का सामना क्यों करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ उपभोक्ताओं को बुकिंग के 15 दिन बाद भी गैस नहीं मिली, जबकि कुछ को तुरंत आपूर्ति कर दी गई, जो वितरण प्रक्रिया में अनियमितता को दर्शाता है।

प्रदर्शन में वार्ड 46 के पार्षद नवीन जोशी, डीके पांडे, डीएस बिष्ट, बहादुर सिंह हरड़िया, नरेन्द्र कुमार, योगेश लोहनी, चंचल खाती, अंकुर, बलवंत सिंह, गीता सिराड़ी, तारा खाती, छाया भंडारी, सुनीता कार्की, अंजु रौतेला, मुन्नी बिष्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।

### परिवहन निगम का सर्वर ठप, कामकाज प्रभावित

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम का सर्वर गुरुवार को करीब पांच घंटे तक ठप रहने से कामकाज प्रभावित रहा। सर्वर बाधित होने के कारण विभिन्न डिपो में टिकट वितरण, कैश काउंटर, मशीन कक्ष, डीजल कक्ष और ड्यूटी रूम सहित सभी प्रमुख कार्य रुक गए। दोपहर लगभग 12 बजे सर्वर ने अचानक काम करना बंद कर दिया, जो शाम करीब 5 बजे तक ठप रहा। इस दौरान कई बसों में इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन उपलब्ध न होने के कारण मैनुअल टिकट जारी कर यात्रियों को भेजा गया, जबकि कुछ बसों को कैंसिल भी करना पड़ा। सर्वर ठप होने के कारण कई मार्गों पर निगम की आय प्रभावित रही। शाम पांच बजे के बाद सर्वर सुचारू रूप से राहत मिली। एआरएम गणेश पंत ने बताया कि तकनीकी खामी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसे ठीक कर लिया गया है।

# क्रिकेट में विवेकानंद टीम बनी विजेता

संवाददाता, हल्द्वानी



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में गुरुवार को चल रहा मैच। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में उत्तराखंड कॉरपोरेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित हल्द्वानी कॉरपोरेट कप 2026 (सीजन-1) के पांचवें दिन गुरुवार को खेले गए मुकाबले में विवाद के चलते मैच का परिणाम असामान्य परिस्थितियों में घोषित करना पड़ा।

टीम प्रबंधन की ओर से अनुशासनहीनता के आरोप में चारधाम क्रिकेटर्स को अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके बाद विवेकानंद टीम को विजेता घोषित किया गया। गुरुवार को खेले गए मैच में चारधाम क्रिकेटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 132 रन बनाए। टीम की ओर से गंभीर और संजय ने सर्वाधिक 37-37 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में विवेकानंद टीम के भरत अधिकारी, डॉ. महेश शर्मा और चेतन दरम्वाल ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विवेकानंद टीम ने 9.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 53 रन बना लिए थे। इसी दौरान मैदान में हुए विवाद के चलते मैच को बीच में ही रोकना पड़ा। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन ने चारधाम क्रिकेटर्स को अनुशासनहीन आचरण (इंडिसिप्लिनरी एक्ट) के लिए अयोग्य घोषित कर दिया और विवेकानंद टीम को विजेता घोषित किया गया। मैच के दौरान निशांत मेहता, मनोज, कृपाल, विकास, इशू, मनीष, धामी,ललित और गौरव सहित कई खेल प्रेमी रहे। आज दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच वारियर 11 और सनशाइन जवाहर नगर के बीच, जबकि दूसरा मुकाबला हल्द्वानी एडवोकेट और स्विंग मास्टर टीमों के बीच खेला जाएगा।

# जूनियर नेशनल बॉक्सिंग के लिए ओम भंडारी का चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के युवा बॉक्सर ओम भंडारी का चयन 7वीं जूनियर बालक वर्ग नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ओम भंडारी 75 प्लस किलोग्राम वर्ग में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में ओम भंडारी खेलो इंडिया के तहत पुणे स्थित एएसआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और लगातार अपने प्रदर्शन से कोचों का भरोसा जीत रहे हैं। उनके चयन को उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए बॉक्सिंग कोच ललित कुंवर और बबीता बसेड़ा ने बताया कि उत्तराखंड टीम का चयन ट्रायल रुद्रपुर और उधम सिंह नगर में आयोजित किया गया था। इस चयन प्रक्रिया में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ओम भंडारी ने अपनी जगह बनाई।

कोचों ने बताया कि ओम भंडारी में बेहतरीन प्रतिभा है और उनसे राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। उनके चयन पर खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। 7वीं जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन नागपुर में 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया जाएगा, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

### आरके टेंट हाउस रोड की नालियां ठीक करने की मांग

**हल्द्वानीः** आरके टेंट हाउस रोड की नालियां ठीक करने की मांग को लेकर उक्रांद ने नगर आयुक्त पारितोष वर्मा को ज्ञापन दिया।

उत्तम सिंह बिष्ट, रवि, मोहन नेगी, नीरज, महेंद्र सिंह आदि ने कहा कि आरके टेंट हाउस रोड में नालियां बहुत ही बुरी हालत में हैं। यह कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इससे जल की निकासी ठीक तरह से नहीं हो रही है। जल निकासी न होने की वजह से मच्छर पनप रहे हैं। यही नहीं पीलीकोठी रोड पर सीवर लाइन का काम चलने की वजह से इस क्षेत्र का पूरा यातायात यहीं डायवर्ट हो गया है। जिस वजह से यहां के एक निवासी के घर की दीवार तक धंस गई है। मांग की गई कि समस्या का समाधान किया जाए।



देवलचौड़ में खुरपका-मुंहपका टीकाकरण के दौरान पशुपालन विभाग के डॉक्टर व अन्य।

### देवलचौड़ से खुरपका-मुंहपका टीकाकरण शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जनपद नैनीताल में खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत कुमाऊं मंडल के अपर निदेशक डॉ . आरएस नितवाल ने विकासखंड हल्द्वानी के देवलचौड़ क्षेत्र में टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके और पशुओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ . आरके पाठक, डॉ . भावना बिष्ट, विनीत दुर्गापाल, उपेंद्र जोशी, दीप बेलवाल एवं डेरी संचालक देवेंद्र बिष्ट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आस्था

### पुनर्नवा महिला समिति की ओर से उत्थान मंच हीरानगर में रामलीला का आयोजन

# महिला रामलीला में दिखा भक्ति और संस्कृति का संगम

संवाददाता, हल्द्वानी



पुनर्नवा महिला समिति की ओर से उत्थान मंच हीरानगर में आयोजित रामलीला मंचन का दृश्य। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से उत्थान मंच हीरानगर में आयोजित चतुर्थ वर्ष की महिला रामलीला के गुरुवार को द्वितीय दिवस पर राम जन्म, विश्वामित्र आगमन, ताड़िका वध और गौरी पूजन जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी भवानी नरेश पांडे, समाजसेवी जसविंदर भसीन के साथ ही पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य और संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे। रामलीला में सभी पात्रों का अभिनय महिलाओं की ओर से किए जा रहे हैं, जो कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा। राम की भूमिका सुप्रभा, लक्ष्मण की लक्षिता, सीता की सौम्या, भरत की रिद्धि और शत्रुघ्न की दिव्यांशी ने निभाई। वहीं दशरथ का किरदार विनीता, सुमंत का मेघा, विश्वामित्र का तारा बहुगुणा और ताड़िका का रितु ने सशक्त अभिनय किया। इसके अलावा जनक की भूमिका तारा, अहिल्या की मनस्वी, सुबाहु की किरण, मारीच की ललिता पाठक, वशिष्ठ की लता और श्रृंगी ऋषि की गीता पंत ने निभाई। विशेष रूप से राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के बाल रूप में 6 महीने से 10 महीने तक के बच्चों में बोधिका, रौशनी, खुशी और आरोही की उपस्थिति ने दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति की प्रचार सचिव कल्पना रावत सहित सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महिला रामलीला के इस मंचन ने क्षेत्र में सांस्कृतिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।



यूओयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधन देते कुलपति प्रो . नवीन चंद्र लोहनी।

### एआई के उपयोग से शिक्षा में आएगा बड़ा बदलाव

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में सीआईक्यूए (करिकुलम डिजाइन इन द एज ऑफ एआई फॉर ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग) विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें कुलपति प्रो . नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि एआई के उपयोग से शिक्षण-लर्निंग प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा में एआई को परिवर्तनकारी बताते हुए व्यक्तिगत और लचीले एजुकेशन सिस्टम पर जोर दिया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के मुख्य वक्ता प्रो . बीएस बालाजी ने कहा कि पारंपरिक पाठ्यक्रम अप्रासंगिक हो रहे हैं और उनकी जगह मॉड्यूलर व टेक्नोलॉजी-आधारित पाठ्यक्रमों की आवश्यकता है। उन्होंने एआई टूल्स, वर्चुअल लैब्स और ओबीई मॉडल अपनाने पर जोर दिया। सीआईक्यू निदेशक प्रो . गिरिजा प्रसाद पांडे ने करिकुलम रिडिजाइन की आवश्यकता बताई। संचालन डॉ . शालिनी चौधरी ने किया।

### प्रदेश की धार्मिक संस्कृति को सहेजने की पहल शुरू

**हल्द्वानीः** अपनी धरोहर न्यास ने गुरुवार को पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय में गोल्ज्यू यात्रा की प्रथम योजना बैठक आयोजित की। अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि यह यात्रा उत्तराखंड की धार्मिक संस्कृति के संरक्षण और समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

यात्रा 19 अप्रैल को चंपावत के मुख्य मंदिर से शुरू होकर खटीमा, रुद्रपुर, हरिद्वार होते हुए 21 अप्रैल को देहरादून पहुंचेगी। इसके बाद पौड़ी, बद्रीनाथ, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा का भ्रमण कर 7 मई को हल्द्वानी पहुंचेगी। हल्द्वानी में रामलीला मैदान से शोभायात्रा निकालकर गोल्ज्यू मंदिर में संपन्न होगा। बैठक में न्यास के कई सदस्य मौजूद रहे, जिनमें रवि दुर्गापाल, डीके पांडे, विजय तिवारी, महेश बेलवाल और अन्य शामिल थे।

सिटी ब्रीफ

## डॉ.रमेश राम को मिला राष्ट्र गौरव सम्मान



डॉ.रमेश राम।

रुद्रपुर : अल्मोड़ा के विवि में तैनात एक सहायक प्रोफेसर को राष्ट्र गौरव सम्मान से नवाजा गया है। हरियाणा में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रोफेसर को सम्मान पत्र दिया गया। 15 मार्च को हरियाणा में शिक्षा एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर गुरु फाउंडेशन रोहतक हरियाणा में राष्ट्र गौरव सम्मान समारोह आयोजित हुआ था। इसमें गुरु विद्यापीठ के निदेशक डॉ.विकास शर्मा ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में तैनात राजनीतिक विज्ञापन के सहायक प्रोफेसर डॉ.रमेश राम को बेहतर कार्य करने पर राष्ट्र गौरव सम्मान 2026 से नवाजा।

## मंदिर में हुआ सुंदरकांड

किच्छा : नगर के मंदिरों में श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बरेली मार्ग स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पंडित ब्रह्मानंद शर्मा ने विधि-विधान से बाबा को नया चोला चढ़ाया, जिसके बाद सामूहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। नगर के हल्द्वानी मार्ग, डीडी चौक और श्री राधा कृष्ण मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली को सिंदूर अर्पित कर आशीर्वाद लिया और मंदिर परिसरों में भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# महिला की मौत मामले में पार्टनर हिरासत में

## होटल में हुई थी दिल्ली की महिला कारोबारी की मौत, बहन ने आकर बिजनेस पार्टनर पर लगाए आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर



ज्योति शर्मा (फाइल)।

**अमृत विचार:** शहर के एक प्रतिष्ठित पांच सितारा होटल में दिल्ली निवासी महिला कारोबारी ज्योति शर्मा (32) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में बिजनेस पार्टनर को हिरासत में लिया गया है। ज्योति अपने बिजनेस पार्टनर अमित चौधरी के साथ कैंची धाम दर्शन के लिए निकली थी और मंगलवार रात होटल रेडिसन ब्लू में रुकी थी। बुधवार सुबह ज्योति के न जागने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया है। होटल के कमरे की तलाशी में पुलिस को बीयर की बोतलें और सिगरेट बरामद हुई हैं। साथ ही, मृतका का शरीर नीला पड़ा पाया गया, जिससे मामला और उलझ गया है।

मृतका की बहन वंदना ने बिजनेस पार्टनर अमित पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने अमित चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह हत्या, आत्महत्या या कोई हादसा है। फिलहाल, रिपोर्ट का इंतज़ार किया जा रहा है।



पुलिस को मृतका के बारे में जानकारी देती बहन वंदना शर्मा। ● अमृत विचार



फोन पर बात करता मृतका का भाई। ● अमृत विचार

### शादी का झांसा, करोड़ों की धोखाधड़ी और हत्या का आरोप

रुद्रपुर : शहर के पांच सितारा होटल में हुई दिल्ली की महिला कारोबारी ज्योति शर्मा की मौत का मामला अब एक गहराती ''मिस्ट्री'' बन गया है। मृतका की बहन वंदना शर्मा ने बिजनेस पार्टनर अमित चौधरी पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए इसे सुनियोजित हत्या करार दिया है। वंदना का आरोप है कि अमित ने ज्योति को शादी और दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित होटल ''बारबेक्यू नेशन'' में साझेदारी का झांसा देकर उसका आर्थिक और मानसिक शोषण किया। आरोप के अनुसार, ज्योति ने व्यवसाय के लिए 38 लाख रुपये का ऋण लिया था, जिसे अमित ने हड़प लिया। इतना ही नहीं, अमित ने ज्योति के 200 ग्राम सोने और डेढ़ किलो चांदी के आभूषण भी निवेश के नाम पर ले लिए थे। बहन ने खुलासा किया कि अमित पहले भी ज्योति की जान लेने की कोशिश कर चुका था, जिसका मुकदमा 11 मार्च 2026 को दिल्ली के लोधी कॉलोनी थाने में दर्ज है। वंदना का दावा है कि अमित साक्ष्य मिटाने में माहिर है और उसने होटल के कमरे से भी सबूत गायब किए हैं। पंतनगर पुलिस ने इन संगीन आरोपों के आधार पर अमित के विरुद्ध जांच तेज कर दी है और दिल्ली पुलिस से भी संपर्क साधा जा रहा है।

### ज्योति की नवंबर में हुई थी हार्ट सर्जरी

रुद्रपुर : पांच सितारा होटल में हुई ज्योति शर्मा की मौत की गुत्थी में अब ''मेडिकल हिस्ट्री'' और ''नियमों के उल्लंघन'' के नए कोण सामने आए हैं। मृतका की बहन वंदना ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि नवंबर 2025 में ज्योति की एंजियोप्लास्टी (हार्ट सर्जरी) हुई थी और वह बीपी की नियमित दवा ले रही थी। चर्चा है कि हृदय रोग से ग्रस्त होने के बावजूद बीयर और सिगरेट का अत्यधिक सेवन ज्योति के लिए जानलेवा साबित हुआ होगा। हालांकि, पुलिस अभी भी इसे संदिग्ध मान रही है क्योंकि कमरे से साक्ष्य मिटाने के आरोप भी लगे हैं।

### होटल प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध

रुद्रपुर : जांच में एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी आया है कि होटल रेडिसन ब्लू में रात 11 बजे के बाद शराब परोसने पर पाबंदी है, लेकिन अमित चौधरी की डिमांड पर देर रात और तड़के सुबह भी बीयर सप्लाई की गई। पुलिस अब उस होटल कर्मचारी की तलाश कर रही है जिसने नियमों को ताक पर रखकर बीयर पहुंचाई। पुलिस यह भी तस्दीक कर रही है कि जब सुबह बीयर कमरे में दी गई, तब क्या ज्योति जीवित थी? क्या अमित अकेले शराब पी रहा था या ज्योति भी उसके साथ थी? पुलिस इन तमाम सवालों के जवाब तलाशने के लिए सीसीटीवी फुटेज और होटल स्टाफ के बयानों को खंगाल रही है।

# 3.83 करोड़ से 9 किमी सड़क का निर्माण होगा

संवाददाता, रुद्रपुर



जानकारी देते विधायक शिव अरोरा।

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उनके प्रस्ताव पर राज्य योजना से भूरारानी शांति विहार होते हुए छतरपुर तक जाने वाले 5 किलोमीटर मोटर मार्ग के लिए 2.47 करोड़ का शासनादेश जारी हो गया है। इसके अलावा तीन अन्य महत्वपूर्ण मार्गों और छतरपुर मोटर मार्ग के लिए कुल 3. 83 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। जिन मार्गों की कुल लम्बाई 9 किलोमीटर है। जिनके निर्माण कार्य अगले कुछ समय में प्रारंभ किए जाएंगे।

गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि मानूनगर-महतोष मोड़ से अलखदेवी को जाने वाले 1.5 किलोमीटर मार्ग के लिए 45.51 लाख की धनराशि जारी हुई है। इसका कार्य भी जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही मुकरदपुर आंतरिक मार्ग निर्माण के लिए 32.42 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है।

रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के केशवपुर में 57.90 लाख से 1.9 किलोमीटर लम्बे मुख्य मार्ग से शमशान तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य का शासनादेश हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में रुद्रपुर लगातार विकास के पद पर आगे बढ़ रहा है। सड़क निर्माण से लेकर बड़े-बड़े विकास कार्यों को रुद्रपुर की जनता धरातल पर उतरते देख रही है।

## दुआ गैस एजेंसी पर हो सकती है कार्रवाई

रुद्रपुर : दुआ एजेंसी के खिलाफ लगातार अनियमितता और कालाबाजारी की शिकायत सामने आने के बाद अब एजेंसी पर कार्रवाई हो सकती है। जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद्र तिवारी ने एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के लिए खाद्य आयुक्त और इंडियन ऑयल गैस को संस्तुति पत्र भेज दिया है। यहां बता दें कि बुधवार को जिलाधिकारी ने जिला सभागार में गैस एजेंसी प्रबंधकों की बैठक बुलाई थी। इसमें दुआ गैस एजेंसी के स्वामी के नहीं पहुंचे और फोन भी नहीं उठाया। इससे नाराज होकर विधायक शिव अरोरा, एडीएम पंकज उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद कुमार के साथ एजेंसी पहुंचे। जहां ताला लटका नजर आया।



टीकाकरण प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम। ● अमृत विचार

# पशु टीकाकरण प्रचार वाहन को किया रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पशु रोग निदान व टीकाकरण प्रचार-प्रसार वाहन को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि खुरपका, मुंहपका रोग के नियंत्रण के लिए 45 दिवसीय अभियान चलाकर जनपद के सभी विकास खंड क्षेत्रों में चिकित्सकों द्वारा पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। गुरुवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी ने बताया कि 45 दिवसीय अभियान में 22 राजकीय पशु चिकित्सालयों के तहत 122 एफएमडी वैक्सीनेशन टीम ने 2,20,000 मवेशियों का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी आदि मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट विस्तारीकरण की भूमि पर आने वाले भवनों को शीघ्र तोड़ें

रुद्रपुर : जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की समीक्षा की। उन्होंने निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट को एयरपोर्ट की बाउंड्री कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिए। एयरपोर्ट विस्तारीकरण की भूमि पर जो भी भवन अभी तक नहीं तोड़े गये हैं उन्हें शीघ्र तुड़वाड़ाया जाए। गुरुवार को जिला सभगार में समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत लाईन को शिफ्ट करने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत, उप जिलाधिकारी व पंतनगर विश्वविद्यालय के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर विद्युत लाईन को शीघ्र शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे जो पेड़ कटवाने हैं उन्हें वन विभाग से समन्वय करते स्वीकृति लेकर कटवाएं। उन्होंने एयरपोर्ट विस्तारिकरण के कार्यों को सभी अधिकारी समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, डेम जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय बीएस चलाल, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय आदि मौजूद रहे।

# भूरारानी अंडरपास का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

- आरओबी निर्माण की धनराशि रेलवे को की जाए हस्तांतरित
- डीएम ने रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने भूरारानी अंडरपास कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही काशीपुर-रामनगर आरओबी व छतरपुर-मटकोटा मार्ग पर आरओबी निर्माण के लिए लोनिवि, एनएच को धनराशि रेलवे को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। ताकि दोनों आरओबी कार्य को प्रारंभ किया जा सके।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों की जिला सभागार में बैठक के दौरान दिए। उन्होंने छतरपुर गुड शेड निर्माण की प्रगति पूछने पर प्रबंधक सिडकुल पंतनगर ने बताया कि शेड निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि में 4.5 एकड़ भूमि टाटा कंपनी और 4.5 एकड़ भूमि सिडकुल की है। इस तरह 9 एकड़ भूमि पर गुड शेड निर्माण के लिए 114 करोड़ की धनराशि की लागत से किया जाना प्रस्तावित है। भूमि को रेलवे के नाम पर हस्तांतरित किये जाने के लिए प्रस्ताव सिडकुल मुख्यालय को भेजा गया है।

जिलाधिकारी ने खटीमा से मझोल के मध्य रेलवे फाटक 18 सी खोलने, किच्छा गल्लामंडी के पास व किच्छा-पंतनगर रेलवे लाइन में अंडर पास बनाये जाने के लिए उप जिलाधिकारी, रेलवे व सड़क महकमे को संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजपुर क्षेत्र के रेलवे फाटक 21 व 22 में पानी भर जाता है। इसलिए जनहित में सुरक्षा की दृष्टि से आरओबी अथवा एलिवेटेड सड़क का निर्माण के लिए रेलवे व लोनिवि को संयुक्त निरीक्षण कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी तरह रेलवे स्टेशन काशीपुर के सामने बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या रेलवे अधिकारियों द्वारा उठायी गयी थी। उन्होंने उप जिलाधिकारी काशीपुर, रेलवे, नगर आयुक्त काशीपुर, अधिशासी अभियंता लोनिवि व सिंचाई को स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिस पर रेलवे अधिकारी ने अवगत कराया गया कि संयुक्त रिपोर्ट आ गयी है। वर्षा काल से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### रुद्रपुर-टांडा सड़क की मरम्मत के निर्देश

रुद्रपुर : जिलाधिकारी ने रुद्रपुर-टांडा हल्द्वानी सड़क मार्ग पर दो रेलवे फाटक पड़ते हैं। जहां पर रेलवे क्रासिंग के दोनों और टूटी सड़क को ठीक करने के लिए रेलवे को अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के साथ ही अधीक्षण अभियंता लोनिवि को सड़क मरम्मत करने के निर्देश दिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, गौरव पांडेय, अधिशासी अभियंता लोनिवि नीरज कुमार अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता विद्युत राजीव चक्रवर्ती, रेलवे के अभियंता अखिलेश कुमार, मुन्ना लाल, प्रवीन कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद थे। वहीं उप जिलाधिकारी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, बाजपुर डॉ.अमृता शर्मा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## स्टडी वीजा के नाम पर युवती से दुष्कर्म

रुद्रपुर: पटियाला की एक युवती ने रुद्रपुर के दो सगे भाइयों पर स्टडी वीजा दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म और लाखों रुपये की ठगी का गंभीर आरोप लगाया है। पटियाला पुलिस ने इस मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर रुद्रपुर पुलिस को जांच के लिए भेजी है। अब पुलिस आरोपियों की भूमिका की तफ्तीश में जुट गई है।

पीड़िता का आरोप है कि रुद्रपुर की आदर्श कॉलोनी के निवासी गौरव और साहिल ने उसे विदेश में पढ़ाई का सपना दिखाया। आरोपियों ने उसे पहले दुबई और फिर दिल्ली ले जाकर उसके साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। युवती ने यह भी बताया कि वीजा दिलाने के नाम पर उससे लाखों रुपये वसूल लिए गए। बताया जा रहा है कि आरोपी साहिल दिल्ली में रहता है, जबकि गौरव रुद्रपुर में रहता है। एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार घटनाएं दुबई और दिल्ली की हैं। चूंकि एक आरोपी रुद्रपुर का निवासी है, इसलिए पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या पीड़िता को कभी रुद्रपुर भी लाया गया था।




किच्छा में फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते संजीव कुमार सिंह।

## खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच है प्रतियोगिताएं

किच्छा : ग्राम बब्बरपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सिंह ने लालपुर और बब्बरपुर की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं उभरकर सामने आती हैं और भविष्य में देश का नाम रोशन करती हैं। आयोजकों ने मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया। मौके पर अजय कुमार, विजय कुमार, तस्लीम अहमद, आशीष कुमार, तरुण, नज़ाकत खान, सौरभ, मन्नू सिंह, विकास सिंह, अयान योगी, लियाकत अहमद आदि मौजूद रहे।

## कुत्ते को पीटने पर बवाल एक-दूसरे से हुई हाथापाई

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके की भूत बंगला बस्ती में उस वक्त बवाल हो गया जब एक व्यक्ति ने कुत्ते को बेरहमी से पीट डाला। इसकी सूचना मिलते ही पशु प्रेमी मौके पर पहुंचे तो विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में हाथापाई की घटना घटित हो गई। मामला रंपुरा चौकी पुलिस पहुंचा और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार की दोपहर को बस्ती के कुछ बच्चों ने एक कुत्ते को बेरहमी से पीटते हुए घायल कर दिया। जब इसकी भनक पशु प्रेमियों को हुई तो वह हिंदू पक्ष की महिलाओं के साथ मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताई। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। सूचना मिलते ही रंपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को चौकी लेकर आई। जहां एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के साथ तहरीर बाजी हुई।



किच्छा में स्वागत द्वार का लोकार्पण करते विधायक बेहड़ एवं उपस्थित ग्रामीण।

## बाबा अंबेडकर द्वार का फीता काटकर किया लोकार्पण

किच्छा : कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने करीब 9 .40 लाख रुपये की लागत से बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से निर्मित किए गए स्वागत द्वार का लोकार्पण किया। विधायक बेहड़ ने ग्राम इंदरपुर में विधायक निधि से निर्मित विकास कार्यों का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक बेहड़ का जोरदार स्वागत किया। विधायक बेहड़ ने कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से इंदरपुर कॉलोनी में बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम से स्वागत द्वार बनाए जाने की मांग की जा रही थी तथा क्षेत्रीय जनता की मांग को उनके द्वारा पूरा किया गया है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, प्रेम आर्य, शिशुपाल सिंह, राजेंद्र मिश्रा, पुष्पा देवी, गीता देवी मौजूद रहे।



खटीमा से एलायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बने पारूथी के साथ अन्य लोग।

## पारूथी बने एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

खटीमा : एलायंस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी को एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 144 (नॉर्थ) का नया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुना गया है। उन्होंने जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में पद की शपथ ली। इस दौरान उन्हें समाज हित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन में पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात सहित कई प्रांतों के सदस्यों ने हिस्सा लिया था। इस मौके पर पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल, पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट केजी अग्रवाल, चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, इंटरनेशनल डायरेक्टर प्रियंका दीक्षित, अजय बंसल, एमसीसी(नॉर्थ) संजीव भटनागर, डॉ. अनिल बाजपेई, मिथिलेश शर्मा, डॉ. एसके शर्मा आदि मौजूद रहे।

आरोप — अध्यक्ष पर लगाया नियमों की अवहेलना का आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन

# गुरुद्वारा कमेटी के 15 डायरेक्टरों ने उठाए मुद्दे

संवाददाता, रुद्रपुर



प्रेसवार्ता करते गुरुद्वारा नानकमत्ता प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 15 डायरेक्टरों ने प्रेस वार्ता कर कमेटी से जुड़े पांच विषयों पर जानकारी दी और अध्यक्ष पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और डीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने डीएम से मांगों पर गौर करते हुए निस्तारण किए जाने का मुद्दा उठाया।

गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बरेली से आए डायरेक्टर अमरजीत सिंह बेदी ने कई खुलासे करते हुए बताया कि 5 मई 2024 को जोगिंदर सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद से नियमों को ताक पर रखा जाने लगा। बिना कुछ प्रस्ताव के ही अध्यक्ष बना दिया गए। जिसको लेकर कमेटी डायरेक्टर दो साल से हिसाब नहीं दे रहे हैं। नियम के तहत हिसाब देना अनिवार्य होता है। 22 अगस्त 2022 को तत्कालीन अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ द्वारा गठित शिक्षा समितियां की डॉक्यूमेंट्री तैयार की थी। बावजूद आपत्तियां लगाकर गुरुद्वारा आठ लाख रुपये प्रतिमाह का नुकसान कर दिया।

उन्होंने बताया कि नियमानुसार के खिलाफ जाकर महासचिव खुद को गुरुद्वारे का सेवादार नहीं, बल्कि मालिका समझकर मेंबर्स से हिसाब छिपा रहे हैं। आखिरी मुद्दा उठाते हुए बताया कि 15 मेंबर्स की मांग है कि बिना किसी लालच के दूसरे पक्ष को हिसाब देना चाहिए। प्रेस वार्ता के बाद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता के 15 डायरेक्टर ने डीएम को ज्ञापन देकर पांच सूत्रीय मुद्दों पर विचार करने की मांग की। इस मौके पर हरबंस सिंह चुघ, अमरजीत सिंह बेदी, गुरसेवक सिंह, प्रितपाल सिंह, निर्मल सिंह हंसपाल, चरणजीत सिंह, पलविंदर सिंह, जसबीर सिंह, गुरमीत सिंह, सुखदेव सिंह, बजिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, गुरमुख सिंह, कमलेश कौर, हरजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## भविष्य की चुनौतियों पर मार्गदर्शन दिया



रुद्रपुर: आनंद विहार के समीप आयोजित दो दिवसीय सत्संग के समापन पर संत बाबा उमाकांत महाराज ने बच्चों के चरित्र निर्माण और भविष्य की चुनौतियों पर मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने कहा कि जैसे कच्चे घड़े या टेढ़े पौधे को बाद में ठीक करना असंभव है, वैसे ही बच्चों को बचपन में ही शुद्ध खान-पान और भक्ति के संस्कार देना अनिवार्य है। विश्व शांति पर चिंता जताते हुए महाराज ने चेतावनी दी कि पश्चिमी देशों में बढ़ता संघर्ष और अशांति आने वाले समय में हवा, पानी और बिजली के भीषण संकट का कारण बन सकती है।



श्री हनुमान मंदिर में मत्था टेकते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

## पूर्व विधायक ने हनुमान जयंती पर चढ़ाया चोला

रुद्रपुर : हनुमान जयंती पर क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने अपने समर्थकों के साथ भूतबंगला स्थित श्री हनुमान मंदिर में मत्था टेका। ठुकराल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बालाजी महाराज को चोला अर्पित किया और क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। गुरुवार को ठुकराल ने कहा कि संकट मोचन हनुमान का जीवन हमें सेवा, भक्ति और समर्पण की प्रेरणा देता है। प्रभु हनुमान की कृपा से ही समाज में आपसी सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ठुकराल ने सभी को हनुमान जयंती की बधाई देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अनन्य भक्त हनुमान के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नत्थूलाल गुप्ता, हिम्मत राम कोली, कुंवर पाल कोली, राजेश गुप्ता, संतोष दिवाकर, बबलू दिवाकर, राजू गुप्ता, ललित सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

HINDUJA HOUSING FINANCE
हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड
अश्वनी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी 263139
शुद्धिपत्र
यह नोटिस श्री कृष्णा नंद कुनियाल (लैन नं. UP/HDW/HDWN/A000000349) के संबंध में 26.03.2026 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित नीलामी सूचना के संदर्भ में है। आम जनता को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि अनजाने में हुई एक चूक के कारण यह सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित हो गई थी।
यह मामला अब वापस ले लिया गया है।
अधिकृत अधिकारी

## ब्रीफ न्यूज

### एमए की कक्षाएं शुरू करने की मांग

**किच्छा :** राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर (एम.ए.) की कक्षाएं शुरू करने की मांग को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष मोहम्मद तारिफ के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ. राजीव रत्न को ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों का कहना है कि स्नातक के बाद उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना आर्थिक रूप से कठिन है, जिससे कई गरीब विद्यार्थियों की पढ़ाई छूट जाती है। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द एम.ए. की कक्षाएं शुरू नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष मोहम्मद तारिफ के साथ उपाध्यक्ष अम्मान रजा, प्रीति, तान्या, अमन, इमरान सैफी आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**खटीमा :** उपजिला अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने वनमहोलिया और मेलाघाट आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम की डॉ. शैलजा द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों को मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। उन्होंने अभिभावकों को बदलते मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया। मौके पर चंद्रवती, शकुंतला, मंजू जयवर्धन मौजूद रहे।

### मदरसा गौसिया में परीक्षाफल वितरित

**खटीमा :** इस्लामनगर स्थित मदरसा गौसिया में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड और विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपनी सफलता पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक मौलाना इरफ़ान उल हक़ क़ादरी ने बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर मुहाफ़िज़ रज़ा मिस्बाही, हाफ़िज़ ज़फ़रुद्दीन, मौलाना अमान उल हक़ क़ादरी, मुन्ना भाई सरराफ़, पप्पू अली, रियाज़ अहमद, शमशुल हसन, हाफ़िज़ इरशाद हुसैन तहसीनी, असलम, चुम्मन आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग ने अवैध सागौन से भरी पिकअप पकड़ी

**खटीमा :** वन विभाग की टीम ने सागौन की लकड़ी से लदी एक पिकअप पकड़ी है। खटीमा वन रेंज की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि तस्कर गुरखुड़ा में सागौन की लकड़ी काटकर पिकअप में लोड कर पीलीभीत के न्यूरिया ले जाया जा रहा है। जिसपर टीम ने मौके पर पहुंची तो पिकअप खड़ी मिली जबकि तस्कर मौके से फरार हो गए।

# चीनी मिलों को 35.30 करोड़ का ऋण स्वीकृत

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** उत्तराखंड शासन ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की समस्या को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के लिए 35.30 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों गन्ना किसानों को लंबे समय से रुके हुए भुगतान मिलने की उम्मीद जगी है।

शासनादेश के अनुसार, यह धनराशि मिलों को ''सॉफ्ट लोन'' के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी, जिस पर 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय होगा। मिलों को राहत देते हुए मूलधन की अदायगी पर 2 वर्ष की मोहलत (मोराटोरियम) दी गई है, जिसके बाद ऋण की वापसी 10 समान वार्षिक किस्तों में करनी होगी। भुगतान में चूक होने पर 7 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज का प्रावधान भी किया गया है।

### धरातल पर परिणाम देने में है विश्वास



**शक्तिफार्म :** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर हमारी सरकार ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। 35.30 करोड़ की अंतिम किस्त जारी होने के साथ ही अब, सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों के माध्यम से किसानों का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

## कुमाऊं में खोले गये हैं गेहूं खरीद के लिए 185 क्रय केंद्र, विगत वर्ष मिला था 38 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य

# गेहूं खरीद के लिए मिला 35 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद को लेकर शासन ने खरीद नीति जारी कर दी है। इस बार गढ़वाल मंडल को 15 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है, जबकि कुमाऊं को इस गेहूं खरीद सत्र में खरीद का लक्ष्य 35 हजार मीट्रिक टन का मिला हुआ है। इसके लिए कुमाऊं में 185 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। वहीं विगत वर्ष कुमाऊं को 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था।

यहां बता दें कि कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। यह खरीद 30 जून तक जारी रहेगी। कुमाऊं भर में गेहूं खरीद के लिए 185 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें खाद्य विभाग के 20, सहकारिता विभाग के 120, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) 10, उत्तराखंड प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन (यूपीसीयू) 30 और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ (यूकेयूएसएस) के 5 तौल कांटे खोले गये हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार कुमाऊं को 35000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

इसमें खाद्य विभाग को 5000 मीट्रिक टन, यूसीएफ को 20000 मीट्रिक टन, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ को 2000 मीट्रिक टन, उत्तराखंड प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन को 6000 और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ को 2000 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

### 48 घंटे में होगा किसानों को भुगतान

**रुद्रपुर :** खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार किसानों को क्रय किये गये गेहूं की भुगतान 48 घंटे में किया जाएगा। किसानों को यह भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से किया जाएगा। ताकि भुगतान के विलम्ब से किसानों में असंतोष पैदा न हो।



कुमाऊं में गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। इस बार कुमाऊं को 35 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है। हालांकि अभी तक किसी भी क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीद शुरू नहीं हुई है। उम्मीद है कि जल्द क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी।

**-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

### सितारगंज में 21 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित, जल्द शुरू होगी खरीद

**सितारगंज :** क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। इस बार गेहूं खरीद को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सितारगंज में कुल 21 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। इन केंद्रों पर किसानों की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। एसएमओ धीरज कांडपाल ने बताया कि सितारगंज के विभिन्न गांव में खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, उपभोक्ता सहकारी संघ, एनसीसीएफ और पीसीयू के कुल 21 गेहूं खरीद केंद्र खोल दिए गए हैं। सभी क्रय केंद्रों पर बारदाना, कांटा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। पोर्टल पर किसानों का पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जल्द ही, गेहूं खरीद भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह समय से अपना पंजीकरण करा लें और निर्धारित केंद्रों पर ही अपनी उपज की तौल कराएं।

# फाइनेंस कंपनी के एमडी ने दी धमकी डायरेक्टर पत्नी लेकर पहुंची पिस्टल

## खाताधारक से भी एमडी ने की धक्का-मुक्की, मामला पहुंचा आवास विकास चौकी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आवास विकास स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक महिला खाताधारक ने कंपनी के एमडी पर बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। मामला तब और गरमा गया जब एमडी की पत्नी, जो कंपनी की डायरेक्टर भी हैं, कथित तौर पर कमर में पिस्टल लगाकर मौके पर पहुंच गईं और खाताधारक को धमकाने लगीं।

जानकारी के अनुसार, रेशमा नाम की एक महिला अपने गारंटर के साथ ''संपूर्ण जीवन धन निधि'' कंपनी के कार्यालय पहुंची थी। उनका आरोप था कि मात्र 20 हजार रुपये के लोन पर उन्हें 1.20 लाख रुपये का नोटिस थमाया गया है। इसी बात पर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद महिला ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि इस दौरान कंपनी के एमडी ने धक्का-मुक्की की और गोली मारने की धमकी दी। थोड़ी देर में एमडी की पत्नी भी असलहे के साथ वहां पहुंच गईं, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को आवास विकास चौकी ले आई। दरोगा मनोज जलाल ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एमडी और खाताधारक, दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



खाताधारक से बहस करती कंपनी की डॉयरेक्टर। ● अमृत विचार

### खाताधारक बोली- 20 हजार का लिया था लोन

**रुद्रपुर :** खाताधारक रेशमा का कहना था कि अक्टूबर 2025 को उसने 20 हजार का लोन लिया था। नियम था कि 100 दिन तक 220 रुपये प्रतिदिन देना है। जिसके हिसाब से वह सात हजार रुपये जमा कर चुकी थी। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण किस्त जमा नहीं पाई थी। गारंटर जावेद व उसने पेनाल्टी के साथ रकम जमा करने की बात कही थी। बावजूद एमडी ने 1.20 लाख रुपये का नोटिस भेज दिया। जब वह कारण पूछने कार्यालय गई तो एमडी व प्रबंधक ने हड़काना शुरू कर दिया और दो घंटे तक बैंक में बंधक बनाए रखा। तहरीर में पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### एमडी बोले 20 नहीं, 1.20 लाख का लिया था लोन

**रुद्रपुर :** धक्का-मुक्की के आरोपी कंपनी के एमडी एवं प्रबंधक गगन चंद माझी ने बताया कि रेशमा नाम की महिला ने 20 हजार का नहीं, बल्कि 1.20 लाख रुपये का लोन लिया था और छह माह तक किस्त भी जमा नहीं की। जब महिला को नोटिस भेजा तो खाताधारक महिला ने उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और मामला रफा-दफा करने की एवज में दस लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। आरोप यह भी था कि गुरुवार को महिला कुछ साथियों और मीडिया कर्मियों के साथ आयी और साथियों ने धक्का-मुक्की भी की। जिससे वह चोटिल भी हो गया। पत्नी के पिस्टल दिखाने और गोली मारने की धमकी देने का आरोप गलत है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, प्राथमिकी दर्ज

**सितारगंज :** खटीमा हाईवे पर एक कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वहां गंभीर रूप से घायल हो गया। हल्द्वानी के निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

गांव सबौरा, खटीमा निवासी रजत सिंह ने बताया कि 31 मार्च को उसका भाई अभिषेक सिंह (21) हल्द्वानी से खटीमा लौट रहा था। खटीमा हाईवे पर गांव चीकाघाट के पास सामने से आई एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने राहगीरों से उप जिला अस्पताल सितारगंज में भर्ती कराया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। भाई रजत ने बताया कि हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण वह कोमा में चला गया। हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वहीं, मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 42.76 करोड़ की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी


खटीमा में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खटीमा क्षेत्र के लिए 42.76 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति देने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए मिठाई बांटी। मुख्य रूप से नानकसागर डैम से सत्रह मील मार्ग के लिए 34 करोड़, अलविर्दी-चकरपुर मार्ग को डेढ़ लेन करने हेतु 7.5 करोड़ और सुखपुल-लोहिया हेड मार्ग पुनर्निर्माण के लिए 1.75 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नौसर और चकरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने टेंडर प्रक्रिया शुरू होने पर हर्ष जताया। इस अवसर पर रविंद्र सिंह राणा, सोमनाथ मौर्य, देवेंद्र सिंह रिंकू, वीरेंद्र मौर्य, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक नवीन भट्ट, मंडल अध्यक्ष विक्रम भाट, बिमला मुडेला, पूर्व जिला पंचायत चंद्रशेखर मुंडेला, मंडल महामंत्री संतोष जोशी, माया जोशी, इंद्र सिंह कुंवर, रतन सिंह, नितिन सिंह राना, विपिन सिंह राना, भूपाल रौतेला, चंद्रकला रौतेला, नरेश कालोनी, भरत सिंह खड़का, भूपाल चंद, बॉबी सामंत, जीवन कार्की, विपिन राणा, सुखदेव सिंह, सोनी सरदार, गोविन्द तिवारी, मोहन बोहरा, विकास पोखरिया, भगवान धामी, जानकी गोस्वामी सतीश भट्ट, रंदीप पोखरिया, प्रेम चन्द, राजू चंद अजय अज्जू, सुमित बहादुर पाल विपिन राणा, मोहित राणा मौजूद रहे।

# स्कूलों में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



सरस्वती एकेडमी में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में बच्चे।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा श्री रामचरितमानस पर आधारित सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों को प्रबंधन समिति द्वारा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा की पुस्तकें वितरित कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आइवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, रमेश जोशी, सुरेंद्र रावत, अशोक जोशी, मनीष ठाकुर, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली, दीपा भट्ट, दीपा डसीला, कमला राय आदि रहे। इधर सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में हनुमान जयंती पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन ज्योति पाल ने राम भक्त हनुमान के आदर्शों, बल, बुद्धि और भक्ति को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामयश सहित समस्त स्टाफ और बच्चे मौजूद थे।



खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल के स्थापना दिवस पर उपस्थित शिक्षक और प्रबंधन।

### सिटी कॉन्वेंट स्कूल में मनाया स्थापना दिवस

**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में विद्यालय का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ किया। इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं सफलता की कामना की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय ने सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य सक्सेना ने कहा कि विद्यालय ने 18 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं और इस अनुभव के साथ भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कलश यात्रा के साथ भागवत शुरू

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** जवाहरनगर मनकेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार से सात दिवसीय सामूहिक श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कथा प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान दीप चंद्र जोशी एवं उनकी पत्नी सरोज जोशी के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली।

कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर गांव के शिव शक्ति मंदिर नगला होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। दोपहर करीब 2 बजे प्रथम दिवस की कथा प्रवचन करते हुए व्यास पंडित देवीदत्त पांडेय ने बताया कि नव संवत्सर 'रौद्र' के आगमन के अवसर पर यह आयोजन लोक कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना से किया जा रहा है। इस अवसर पर कमल कांडपाल, कमल तिवारी, कमल त्रिपाठी, पूर्व प्रधान दीपा ललित कांडपाल, कलावती चौबे, लीला मिश्रा, सीमा पटवाल, कविता, नीमा पाठक, गीता भंडारी, बिना पांडे, पूर्व प्रधान पूरन बिष्ट, सैनिक संगठन अध्यक्ष सरैवधार भट्ट, कैप्टन पुरानचंद चौबे, पूजा कुनियाल, मंजू, सुनीता पटवाल, अनीता बोहरा, मानसी, ज्योति, जया कोरंगा, नंदी अधिकारी आदि मौजूद रहे।


जवाहरनगर में श्रीमद् देवी भागवत से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

## आस्था

### महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, हवन पूजन के साथ भंडारे का भी आयोजन

# बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** चारूबेटा कॉलोनी स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर महावीर हनुमान, राधा कृष्ण, सरस्वती, राम दरबार आदि स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इससे पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली।

कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र शारदा के जल के जलाभिषेक से हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पीतांबर पांडे एवं भोपाल बिष्ट की देखरेख में ग्रामीण महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में निकाली गई कलश यात्रा के जलाभिषेक से हुआ। मंदिर परिसर पर पंडित मुरलीधर भट्ट द्वारा नवग्रह पूजन, वेद मंत्रों के उच्चारण से जलाभिषेक के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस दौरान हवन, पूजन एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। यहां आयोजित भंडारे का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य एवं सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र राणा की उपस्थिति में हुआ।


खटीमा के चारुबेटा में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


शांतिपुरी में हनुमान जयंती पर नवनिर्मित श्री बालाजी मंदिर में हवन यज्ञ करते श्रद्धालु।

### तीन दिवसीय अनुष्ठानों के बाद बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर चार में नवनिर्मित श्री बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों के समापन पर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न कराई गई। इसके उपरांत हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसके बाद मूर्ति भ्रमण, श्री गणेश पूजन, पंचदेव पूजन एवं भूमि पूजन जैसे अनुष्ठान कराए गए। पंडित शेखर चंद्र जोशी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई, जबकि मुख्य यजमान चंदन सिंह कोरंगा व उनकी पत्नी विमलेश कोरंगा ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, ईश्वर नेगी, दीपक चंदोला, राकेश रावत, विजय कांडपाल, गोविंद दानू आदि मौजूद रहे।

# बालिका आश्रम पद्धति में युवा संवाद

- सीमा जागरण मंच का किया आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** सीमा जागरण मंच द्वारा युवाओं के बीच राष्ट्र जागरण की दृष्टि से बालिका आश्रम पद्धति में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, आत्मनिर्भर राष्ट्र, सीमा विमर्श, सीमा दर्शन, अवैध घुसपैठ, नशा और बदल रही डेमोग्राफी पर चर्चा की गई।

अमाऊं स्थित बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय में आयोजित युवा संवाद में मंच के प्रदेश संगठन कर्ता आशीष वाजपेयी ने युवाओं को अवैध घुसपैठ, नशा और देश विरोधी तत्वों से सावधान रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देवभूमि के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मुगल व अंग्रेज आए और भारतीय संस्कृति और मानवता को कुचलने का प्रयास किया लेकिन भारत के महापुरुषों और वीर नारियों के बलिदान का परिणाम है कि हम स्वतंत्र भारत की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने युवाओं को देवभूमि की संस्कृति और अस्तित्व को बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजलि कपिल, कैलाश पांडे, तारा भट्ट, तारा राणा, शिखा सक्सेना, रामरतन यादव, नीलम, विजय आदि मौजूद रहे।


खटीमा के बालिका आश्रम पद्धति में युवा संवाद कार्यक्रम में अतिथि, शिक्षक और बच्चे।

अमृत विचार

हल्द्वानी, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

काशीपुर

## सिटी ब्रीफ

### शौचालय निर्माण के खिलाफ दायर वाद खारिज

**काशीपुर** : कोर्ट रोड पर नगर निगम द्वारा अपनी भूमि पर बनाए जा रहे शौचालय के खिलाफ दायर वाद कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मोहल्ला गंज, काशीपुर निवासी राजेंद्र कुमार अरोरा व केवल कृष्ण अरोरा के द्वारा सिविल जज (सीडि) काशीपुर कोर्ट में वाद दायर कर कहा गया कि उनके द्वारा एक भूमि कोर्ट रोड पर खरीदी गयी है। जिसके दक्षिण की तरफ वाले हिस्से में नगर निगम काशीपुर शौचालय बनाना चाह रहा है। जिसे रोका जाना अति आवश्यक है। नगर निगम की ओर से अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने जवाब दाखिल कर कहा कि उपरोक्त भूमि केवल 1100 वर्ग फिट है और उसके बाद की भूमि नगर निगम की है। पहले इस जमीन पर अतिक्रमण था, जिसे नगर निगम काशीपुर ने हटा दिया है और राजकीय भूमि पर कब्जा कर नगर निगम कुछ भी निर्माण कर सकता है। अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल की बहस से संतुष्ट होकर राजेंद्र कुमार अरोरा का वाद कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### खौलता तेल गिरने से दो महिलाएं झुलसीं

**काशीपुर** : खौलता तेल गिरने से दो महिलाएं झुलस गईं। कटोराताल निवासी मेहनाज और अलीशा घर में पकवान बना रही थीं। अचानक खौलता तेल दोनों के हाथ पर आ गया। इससे दोनों झुलस गईं। परिजनों ने उन्हें एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी है।

### पूर्व सैनिकों ने मनाया 47 वां स्थापना दिवस

**काशीपुर** : मैकेनाइज्ड ग्रुप के पूर्व सैनिकों ने बृहस्पतिवार को मैकेनाइज्ड का 47 वां स्थापना दिवस रुद्राक्ष गार्डन में उत्साह पूर्वक मनाया। वक्ताओं ने कहा कि दो अप्रैल 1979 को अहमद नगर महाराष्ट्र में जनरल के सुंदरजी पीवीएम ने भारतीय सेना में मैकेनाइज्ड फोर्स का नया केंद्र स्थापित किया। जहां से एक नई यंत्र और आधुनिक तकनीक की मिसाइलों से युद्ध लड़ा जा सके। वहां पर सेनि कैप्टन महिपाल सिंह नेगी, सेनि सूबेदार प्रेम सिंह रावत, सेनि सूबेदार लोक बहादुर राणा, सेनि सूबेदार सोहन सिंह, सेनि नायब सूबेदार विरेंद्र सिंह नेगी, सेनि हवलदार उदय सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर** : कोतवाली आईटीआई क्षेत्र के तहत पैगा चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। बुधवार की रात पैगा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जसविंदर सिंह अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था एवं संदिग्धों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। रात करीब 10 :25 बजे जब पुलिस टीम महुआखेड़ा गंज फाटक के पास ' 'सोनार इंफ्राटेक' ' फैक्ट्री के समीप पहुंची, तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देख कर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सोहन सिंह निवासी कुईखेड़ा सकेनिया, थाना गदरपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### किचन में गड्ढा खोदकर छिपाई अवैध शराब

**बाजपुर** : कोतवाली पुलिस ने सुभाष नगर में छापेमारी कर एक महिला को 224 पाउच (75 लीटर) कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने पुलिस को चकमा देने के लिए किचन की टाइल्स के नीचे गड्ढा बनाकर शराब के ड्रम छिपा रखे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी पूजा पत्नी कैलाश यहाँ से शराब निकालकर अपनी दुकान पर बेचती थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। टीम में उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह, महिला आरक्षी अदिति गोस्वामी और कांस्टेबल अनुपम सिंह शामिल थे।

### घर में घुसकर चोरों ने की तोड़फोड़

**केलाखेड़ा** : ग्राम बेदी फार्म (शांति कॉलोनी) में 1 अप्रैल की तड़के दो नकाबपोश चोरों ने हरदेव सिंह के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने घर की बिजली फिटिंग के तार काट दिए और छत पर रखा तारों का बंडल चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। चोरी और तोड़फोड़ की इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### मंडप से बाइक चोरी

**काशीपुर** : बाजपुर निवासी दीपक कुमार की बाइक 21 फरवरी को समय लगभग रात्रि 8 बजे काशीपुर के एक मंडप से चोरी हो गई। पीड़ित दीपक ने टांडा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बाइक चोरी की शिकायत की है।

# चैती मेले के बाहर दुकानें हटाने पर भड़क उठे व्यापारी, लगाया जाम

## नगर निगम पर 13 दिन तक तहबाजारी की रसीद काटकर शुल्क वसूली का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चैती मेले के बाहर लगी अवैध दुकानों को प्रशासन और नगर निगम की टीम ने हटा दिया। इससे आक्रोशित दुकानदारों ने हंगामा काटते हुए ब्लॉक रोड पर जाम लगा दिया। आरोप लगाया कि 13 दिन तक नगर निगम तहबाजारी की रसीद काटकर शुल्क वसूली करता रहा। अब प्रशासन को उनकी अवैध दुकानें नजर आई। उन्होंने मेला प्रशासन पर मेला ठेकेदार से मिलीभगत कर दुकानें हटवाने का आरोप लगाया।

19 मार्च से चैती मेला शुरू हो गया। जो 17 अप्रैल तक संचालित किया जाना है। मेला परिसर से बाहर ब्लॉक कार्यालय के आसपास करीब 30-40 दुकानदारों ने हर वर्ष की तरह दुकानें लगाई हैं। गुरुवार को तहसीलदार पंकज चंदोला और नगर निगम के सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने अवैध दुकानों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया। जिससे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित दुकानदारों ने सड़क पर सामान रखकर जाम लगा दिया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि यदि उनकी दुकानें अवैध थी, तो प्रशासन पहले दुकानें ही नहीं लगाने देता। नगर निगम लगातार उनसे तहबाजारी शुल्क वसूल कर रहा है।



काशीपुर के चैती मेले में जाम लगाते दुकानदार। ● अमृत विचार

### मेले को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर

**काशीपुर** : मेला मजिस्ट्रेट/एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कार्यालय में चैती मेला में सफाई, कूड़ा निस्तारण और सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। साथ ही कूड़े का समय से निस्तारण किया जाये। उन्होंने मेला क्षेत्र में कीटनाशक का छिड़काव व फॉगिंग कराने के निर्देश दिये। कहा कि मेले में 128 सीसीटीवी कैमरे संचालित किये जा रहे हैं। मेले में स्थापित कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र में नजर रखी जा रही है। उन्होंने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि मां का डोला जाने के बाद मंदिर में कम और मेला क्षेत्र में ज्यादा भीड़ है। भीड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर उस क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाये। उन्होंने पार्किंग की जांच कर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। कहा कि देखने में आ रहा है कि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से मेले को लेकर भ्रम की स्थिति फैला रहे हैं। सोशल मीडिया की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया में कोई चीज सही है तो उसकी जांच की जाये। यदि भ्रम फैलाया जा रहा है तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस दिया जाए।

> चैती मेला क्षेत्र के बाहर अवैध रूप से दुकानें लगाई गई हैं। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। कई बार दुकानदारों को मौखिक रूप से दुकानें हटाने के लिये कहा गया, लेकिन उन्होंने दुकाने नहीं हटाई। इस पर अवैध दुकानों को जबरन हटाया गया है।
> –**अभय प्रताप सिंह**, चैती मेलाधिकारी/एसडीएम काशीपुर।

# नैनी पेपर्स ने निगम को उपलब्ध कराए 10 ई-रिक्शा टिपर्स व 19 ई-ट्रॉली कार्ट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर देश का ऐसा पहला नगर निकाय बन गया है जहां शहर की छोटी से छोटी गली में जाकर भी कूड़ा गाड़ी कूड़ा एकत्र कर पाएगी। इन गली यान गाड़ियों का निर्माण महापौर दीपक बाली ने विशेषज्ञों से करवाया है। इन वाहनों की खासियत है कि यह वाहन छोटी से छोटी गली में भी ले जा सकेंगी और उस गली से वापसी के लिए मुड़ने की भी कोई जरूरत नहीं होगी, क्योंकि इसकी ड्राइविंग सीट खुद ही घूम जाएगी।

नैनी पेपर्स लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड के तहत दिए गए 50 लाख की सहायता के चलते काशीपुर नगर निगम को आधुनिक वाहनों की यह सौगात उपलब्ध हुई है। जिसके लिए महापौर दीपक बाली, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सभी पार्षदों एवं नगर निगम कर्मचारियों ने शहर की जनता की ओर से पूरे नैनी पेपर्स लिमिटेड के परिवार एवं प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। बृहस्पतिवार को नगर निगम में नैनी पेपर्स द्वारा उपलब्ध कराई गई 10 ई-रिक्शा टिपर्स और 19 ई-ट्रॉली कार्ट (संकरी गलियों में कचरा संग्रहण हेतु) दी गई गाड़ियों के लोकार्पण एवं हस्तांतरण के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महापौर दीपक बाली ने कहा कि पूरा काशीपुर मेरा बेडरूम है लिहाजा मैं उसे साफ स्वच्छ और सुंदर बना कर ही छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन सड़कों पर कूड़ा डालने वाले लोगों को रोकने वालों की संख्या ज्यादा हो जाएगी उसी दिन यह शहर साफ और स्वच्छ हो जाएगा। नैनी पेपर लिमिटेड के एमडी पवन अग्रवाल ने कहा कि यह काशीपुर का बहुत बड़ा सौभाग्य है कि उसे दीपक बाली जैसा कर्म योगी मेयर मिला है। जिसके अंदर बहुत कुछ करने का जज्बा है और उनके सपनों की उड़ान बहुत ऊंची है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नैनी पेपर्स लिमिटेड नगर निगम को हमेशा आर्थिक मदद देता रहेगा।



नैनी पेपर्स के एमडी पवन अग्रवाल को सम्मानित करते महापौर व अधिकारी।

### हर घर को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा

**काशीपुर** : महापौर दीपक बाली ने बताया कि नगर निगम काशीपुर द्वारा शहर के प्रत्येक घर को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से जोड़ने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही यह सुविधा प्रारंभ होगी, जिससे कचरा प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया का डिजिटल मॉनिटरिंग एवं संचालन संभव हो सकेगा।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

पीसीयू चेयरमैन राम मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, मुक्ता सिंह, उद्यमी देवेंद्र कुमार जिंदल, अनुराग अग्रवाल, अनुज सेठ, अनिल डाबर, हरिओम अग्रवाल, विकास जिंदल, पंकज टंडन, गोड़ सभा अध्यक्ष अनिल शर्मा, संजय अग्रवाल, प्रकाश नेगी, विकास अग्रवाल, शक्ति प्रकाश अग्रवाल, प्रधान संघ के अध्यक्ष जसपाल सिंह मौजूद रहे।

# हनुमान जयंती पर हुई भजन संध्या



काशीपुर में हनुमान जयंती पर भजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मां चामुंडा देवी मंदिर में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासंघ के तत्वावधान में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के साथ सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति से सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्त आनंदित हुए। वहीं नगर निगम महापौर दीपक बाली और नगर और दूरदराज से आए भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्ति की मनोकामना की। वहीं आरती के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली महासंघ कुमायूं मंडल वरिष्ठ समाजसेवी शक्ति प्रसाद अग्रवाल महासंघ नगर अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल पूर्व महापौर ऊषा चौधरी सचिव गौरव गर्ग कोषाध्यक्ष सुमित शंकर अग्रवाल ब्रह्म प्रकाश गोयल प्रिंस अग्रवाल उदित अग्रवाल मुदित अग्रवाल संजय अग्रवाल विमल गुड़िया आकाश गर्ग विकास शर्मा कौशलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। उधर स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर, मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर, नागनाथ स्थित शनि मंदिर, बूरा बताशा गली स्थित प्रेम धाम मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन हुआ।

### जसपुर में मूर्ति को चढ़ाया चोला

**जसपुर** : हनुमान जन्मोत्सव यहां बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पर्व के मौके पर सुबह से ही स्थानीय मंदिरों में सुंदर कांड के पाठ और विशेष अनुष्ठान शुरू हो गये। गुरुवार को स्थानीय ठाकुर मंदिर स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर, धर्मशाला मंदिर, काली माता मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। भक्तों ने संकटमोचन हनुमान को चोला चढ़ाया तथा फल एवं मिष्ठान अर्पित कर मंगल कामना की।



बाजपुर में निकली ध्वज यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष आर्य व पालिकाध्यक्ष गित्ते।



ध्वज यात्रा में प्रदर्शित भगवान हनुमान एवं वानर सेना की झांकी।

# बालाजी जन्मोत्सव पर निकली ध्वज यात्रा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बांकेनगर स्थित श्री बालाजी घाटा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। गुरुवार को मंदिर कमेटी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर भगवान को सवामनी भोग लगाया गया। दोपहर बाद अनाज मंडी से विशाल पद ध्वज यात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंची। यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते को कमेटी ने सम्मानित किया। यशपाल आर्य ने बजरंगबली को जीवंत देवता बताते हुए समाज से धर्म और राष्ट्र हित में निःस्वार्थ कार्य करने का आह्वान किया। शाम को भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संजय कॉलोनी स्थित मंदिर में भी सुंदरकांड और महाआरती का आयोजन किया गया।



जसपुर में सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई देते अन्य शिक्षक। ● अमृत विचार

### राजकीय शिक्षक संघ ने दी भावभीनी विदाई

**जसपुर** : क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में तैनात दस शिक्षकों के सेवानिवृत होने पर राजकीय शिक्षक संघ ने सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह देकर उन्हें विदाई दी। गुरुवार को मिलन बैंक्विट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी एवं जिलाध्यक्ष दीपक चौहान का शिक्षकों ने स्वागत किया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत सीताराम कछारी, राकेश सैनी, महेंद्र सिंह, केपी सुमन, सुलखान यादव, अखिलेश चौहान, राम प्रसाद, सुरेश, अजय अग्रवाल, रागनी गुड़िया को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनूप सिंह, कौशल चौहान ने किया। इस मौके पर प्रभारी बीईओ हरि बाबू निरंजन, नीरज चौहान, डॉ. तजम्मुल हसन, विपिन पांडे, राजेश चौधरी, अनिता, केशव सिंह, विजय सैनी, सुभाष चंद्र मौजूद रहे।



प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह का स्वागत करते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

### गुरमेज सिंह बने प्रधान संघ के अध्यक्ष

**जसपुर** : स्थानीय ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की सहमति से गुरमेज सिंह को प्रधान संघ अध्यक्ष चुन लिया गया। गुरमेज सिंह के अध्यक्ष चुने जाने पर साथी ग्राम प्रधानों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में पहुंचे ग्राम प्रधानों द्वारा हस्ताक्षर कर सहमति देते हुए ग्राम सूरजपुर के प्रधान गुरमेज सिंह को प्रधान संघ का अध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष गुरमेज सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर चर्चा होगी तथा ग्राम प्रधानों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इस दौरान सुमन देवी, राजेन्द्र सिंह, धर्मपाल सिंह, कुलविंदर कौर, भावना, सरजीत सिंह, नीशू, हरिओम सुधा, आशीष चौहान, मनोज कुमारी, कविता देवी, मृदुला सागर, प्रदीप सिंह, सीमा देवी, राजेश्वरी देवी, घनश्याम सिंह मौजूद रहे।

### मंडी परिसर में हुआ विशाल भंडारा

**बाजपुर:** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर स्थित मां दुर्गा, श्री हनुमान एवं श्री खाटू धाम मंदिर में गुरुवार को समाजसेवकों के सहयोग से विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पं. समन्वय भारद्वाज द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात भंडारा शुरू हुआ। इस आयोजन में प्रमुख समाजसेवक उमेश त्यागी और रामवृक्ष महतो का सहयोग रहा। इस अवसर पर अरुण शर्मा, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, अशोक चौरसिया, पृथ्वी पांडेय, अनिल वाल्मीकि, अरविंद कुमार, भगवानदास, पंकज भारद्वाज, संजय दुबे, दिनेश जोशी मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के साथ मुख्य पुजारी महंत विकासनाथ महाराज।

### स्थापना दिवस पर भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**बाजपुर** : चकरपुर रोड स्थित सिंह कॉलोनी के श्री दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ मंदिर में बुधवार देर रात माता काली और बाबा गुरु गोरखनाथ की मूर्तियों के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थापना दिवस के मुख्य आकर्षण के रूप में आयोजित भजन संध्या में आमंत्रित गायकों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विकासनाथ महाराज की देखरेख में आयोजित इस अनुष्ठान के लिए कीर्तन दरबार और मंदिर परिसर को फूलों व रंग-बिरंगी रोशनी से दिव्य रूप में सजाया गया था। इसमें दर्जा राज्यमंत्री (गन्ना) मंजीत सिंह राजू, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार ने शिरकत की।

# यूथ फेस्ट में बिखरी सांस्कृतिक छटा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में गुरुवार को पहली बार 'यूथ फेस्टः अभिव्यक्त' कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. बीके सिंह ने फीता काटकर इस फेस्ट का शुभारंभ किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और उद्यमिता का अद्भुत प्रदर्शन किया।

फेस्ट के दौरान पाककला, हस्तकला, सृजनात्मक कला और पारंपरिक वेशभूषा के कई आकर्षक स्टाल लगाए गए। अंजलि, सरिता और उनकी टीम ने बुक्सा जनजाति के आभूषण प्रदर्शित किए। सुखप्रीत और निर्मल कौर ने पंजाबी संस्कृति, लता जोशी ने कुमाऊंनी और वंदना ने पूर्वांचल की पारंपरिक वेशभूषा की झलक दिखाई। रितिक मित्तल की मोमबत्तियां, आर्यन और यशिका का नेल आर्ट तथा शताक्षी की बॉटल आर्ट व की-रिंग आकर्षण का केंद्र रहे। यासमीन और मरियम ने फैशन डिजाइनिंग का हुनर दिखाया। छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा ने 'मडुवा के मोमो' और 'भांग की चटनी' परोसी, वहीं रितिक यादव ने लिट्टी-चोखा, अरमान ने शीर खोरमा और लता जोशी ने 'आलू के गुटके व रायता' जैसे व्यंजनों से सभी का दिल जीत लिया। प्राचार्य डॉ. बीके सिंह, आयोजन समिति की संयोजक डॉ. जया कांडपाल, डॉ. आदर्श चौधरी मौजूद रहे।



बाजपुर कॉलेज के यूथ फेस्ट में स्टॉल का निरीक्षण करते प्राचार्य डॉ.बीके सिंह।

### फर्जी आईडी बनाकर फोटो कर दी पोस्ट

**जसपुर:** दहेज के लिए तीन तलाक देने पर पत्नी द्वारा मुकदमा दर्ज कराने से नाराज पति ने साले के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बना कर पति-पत्नी की फोटो पोस्ट कर दी। साथ ही गांव में बदनाम करने की धमकी देने लगा। पीड़ित पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एक ग्रामीण महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी चार साल पहले ग्राम बढ़ियोवाला निवासी एक युवक के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद दहेज के लिए आरोपी पति ने पीड़िता के साथ मारपीट कर तीन तलाक दे दिया था। मामले में पीड़िता ने अपने पति और ससुरालियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि आरोपी पति पीड़िता को मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए गांव में बदनाम करने की धमकी देने लगा।



जसपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल को ढांढस बंधाते पूर्व सीएम पोखरियाल।

### जिलाध्यक्ष की मां की तेरहवीं में पहुंचे पूर्व सीएम

**जसपुर** : भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल की मां लीलावती देवी के तेरहवीं संस्कार एवं शोकसभा में पूर्व सीएम समेत कई राजनेता और स्थानीय लोग उमड़ पड़े। शोकसभा में उनकी मां के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनोज पाल को सांत्वना दी। भाजपा जिलाध्यक्ष की माता का बीती 23 मार्च को स्वर्गवास हो गया था। गुरूवार को नगर पंचायत महुवाडाबरा स्थित उनके आवास पर आयोजित तेरहवीं संस्कार में पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, खजान दास, एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, स्थानीय विधायक आदेश चौहान, विधायक अरविंद पांडे, शिव अरोरा, तिलकराज बेहड़, त्रिलोक चीमा, पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट, पूर्व सांसद बलराज पासी, राजेश शुक्ला, डॉ. प्रेम राणा, ईश्वरी प्रसाद गंगवार, डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, खड़क सिंह, डॉ. एमपी सिंह, राजकुमार सिंह, गुरताज भुल्लर, डॉ. सुदेश, राजकुमार गुंबर, प्रीतम सिंह, सनी पधान पहुंचे।

### धान की रोपाई कर रहे किसान पर हमला

**सितारगंज (अमृत विचार)** : शक्तिफार्म के अरविंद नगर में खेत में धान की रोपाई की तैयारी कर रहे एक किसान पर उसके पड़ोसियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, अरविंद नगर निवासी कमलेश मल्लिक 29 मार्च की सुबह अपने खेत में काम कर रहा था। आरोप है कि तभी पड़ोसी खेत स्वामी प्रभास राय ने उसे गाली देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर प्रभास ने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद मुकेश राय, अशोक राय और सपन राय ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से कमलेश की जमकर पिटाई कर दी। इस हमले में कमलेश की बाईं आंख, छाती, कमर और जांघ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

## ब्रीफ न्यूज

### राजकीय महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

**बनबसा :** राजकीय महाविद्यालय में कैरियर काउन्सलिंग प्रकोष्ठ, आन्तरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ एवं राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग एवं उससे प्राप्त सुविधाएं व कार्यकुशलता में वृद्धि विषय पर महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला मे मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. योगश कुमार शर्मा ने कृत्रिम बुद्धिमता से प्राप्त होने वाले लाभों जैसे शोध, अध्ययन, व्यवहारिकता, कार्यकुशलता, बुद्धिमता एवं जिज्ञासा से सम्बन्धित बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि इन सबके बिना आज का समाज विद्वत्ता के परिप्रेक्ष्य अधूरा है। प्राचार्य डॉ. आनन्द प्रकाश सिंह ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं व्यक्ति के चारित्रिक विकास में अपनी भूमिका अत्यन्त प्रमुखता से निभाती हैं।

### धूमधाम के साथ मनाई गई हनुमान जयंती, सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारे का आयोजन

# हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की आस्था

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** जिलेभर में गुरुवार को हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाया गई। हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना सहित सुंदरकांड का आयोजन किया गया। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे के चौसली-क्वारब स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में अंखड रामायण का पाठ, भजन-कीर्तनों के साथ ही सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

क्वारब स्थित प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी मंदिर में गुरुवार सुबह से पूजा करने लोग पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड के साथ भजन कीर्तन किया। इससे पूर्व अंखड रामायण, हनुमान चालीसा पाठ, बजरंग वाण का पाठ किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, नगर के थाना बाजार स्थित हनुमान मंदिर के अलावा त्रिपुरासुंदरी संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर समेत खत्याड़ी हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तनों के साथ ही सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में पहुंच श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर यहां मेयर अजय वर्मा, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, जिला पंचायत सदस्य प्रेम लटवाल, मनोज सिंह पवार, आनंद कनवाल, हिमांशु साह, अरविंद जोशी, अरविंद कनवाल, राजेंद्र सिंह, पवन नगरकोटी, मोहित अधिकारी, भूपाल लटवाल, चंदन सिंह, मदन रावत, सोनू सिंह, अराधना शुक्ला, त्रिलोक लटवाल, पूरन लटवाल, दीप चंद्र जोशी, नरेंद्र बगड़वाल, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा के क्वाबर स्थित हनुमान मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

#### सुंदरकांड का आयोजन

द्वाराहाट में हनुमान जयंती पर मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने सुंदर कांड का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सुंदर कांड के बाद महिलाओं ने देर सांय तक भजन-कीर्तन गाये। चौखुटिया में भी हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।

## चुनाव को टालना लोकतंत्र की हत्या



**अल्मोड़ा:** जिला योजना समिति (DPC) चुनाव टलने पर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने इसे भाजपा सरकार की नाकामी और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की अनदेखी बताया।

उनका आरोप है कि सरकार जानबूझकर चुनाव टाल रही है, ताकि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी खत्म कर मनमाने फैसले थोपे जा सकें। कहा कि इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं और जनता की आवाज दबाई जा रही है। कांग्रेस ने सरकार से जल्द चुनाव कराने की मांग की है, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके, अन्यथा पार्टी जन आंदोलन शुरू करेगी।

# चम्पावत के 74 छूटे तोकों तक जल्द पहुंचेगी बिजली

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में विद्युत सुविधा से वंचित रहे दूरस्थ एवं छूटे हुए 74 तोकों में अब शीघ्र ही बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 5 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री की इस पहल से 74 तोकों में रहने वाले ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी, जहां अब तक विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी थी।



योजना के अंतर्गत इन सभी तोकों में विद्युत लाइन विस्तार, आवश्यक ट्रांसफार्मर स्थापना एवं अन्य आधारभूत विद्युत ढांचे का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में स्थायी और सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

इस स्वीकृति से न केवल ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों को भी नई गति मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को भी मजबूती प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और कोई भी गांव या तोक मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

# जल निगम और जल संस्थान के इंजीनियरों ने भी की हड़ताल शुरू

### डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल जारी, मांगों के पूरा नहीं होने पर जताया आक्रोश

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** 27 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर आक्रोशित डिप्लोमा इंजीनियर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। गुरुवार को पेयजल निगम, जल संस्थान के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

नगर के शक्ति सदन में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले अभियंताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से डिप्लोमा इंजीनियर्स 27 सूत्रीय समस्याओं के निदान की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार मांगों को पूरा करने की बजाय सिर्फ झूठे आश्वासन दे रही है। कहा कि हड़ताल के कारण सड़कों के डामरीकरण, सरकारी भवनों के निर्माण, सौंदर्यीकरण आदि कार्य पूरी तरह से बंद हो गए हैं। बुधवार से पेयजल निगम व जल संस्थान के इंजीनियर्स के हड़ताल पर जाने से पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा। ऊर्जा निगम के इंजीनियरों के हड़ताल करने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी, लेकिन इसके बाद भी सरकार मांगों को अनसुना कर रही है। यहां विरेंद्र मेहता, दीपक मटियाली, ललित शर्मा, रिनी पांडे, हिमांशु जोशी, जीएस मेहरा, ललित मोहन बिष्ट, जीवेश वर्मा, हितांशी नैलवाल, सूरज सिंह रावत समेत कई विभागों के अभियंता मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में गुरुवार को प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर्स। ● अमृत विचार

#### जल्द मांग नहीं मानी तो कार्यबहिष्कार रहेगा जारी

**लोहाघाट :** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों को लेकर शाखा चम्पावत एवं लोहाघाट का संयुक्त कार्यबहिष्कार गुरुवार भी जारी रहा। महासंघ के जिलाध्यक्ष गोपाल कालाकोटी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने एकत्र होकर जोरदार नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनकी 27 सूत्रीय मांगें स्वीकार नहीं की जातीं, तब तक कार्यबहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान किशोर राठौर, सचिन पुनेठा, प्रशांत वर्मा, विमल भट्ट, पंकज पटवा, दिव्यांशु सिंह, हयात राम, प्रकाश चंद्र, अनिल कुमार, प्रेम प्रकाश और ललित भट्ट सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## रास्ते के निर्माण कार्य की जांच की मांग

**बागेश्वर:** प्रदेश सरकार द्वारा पहाड़ में पर्यटन बढ़ाने की बात की जा रही है तथा इसके लिए बजट आवंटित किया जा रहा है परंतु विभागीय अधिकारी बजट को ठिकाने लगाने से नहीं चूक रहे हैं। लघु सिंचाई विभाग द्वारा किए गए इस कार्य में ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए कार्य की जांच की मांग की है।

पूर्व ग्राम प्रधान प्रिया उप्रेती, उप प्रधान नैना लोहुमी, भाजपा नेता देवीदत्त तिवारी आदि ने बताया कि डीएम व विधायक के प्रयास से गांव को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग के पैदल मार्ग के लिए धनराशि स्वीकृत की। पर्यटन विभाग द्वारा इस राशि को लघु सिंचाई को देकर मार्ग मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी। आरोप है कि विभाग ने कार्य के नाम पर मात्र औपचारिकता करके ही कार्य पूर्ण का बोर्ड लगा दिया। बताया कि इसके बाद विभाग ने कुछ कार्य किया है।

इधर जिला पर्यटन अधिकारी ने एक बयान जारी करके कह दिया कि मार्ग के निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि से कार्य किया गया है साथ ही कहा कि विभागीय गलती के चलते बोर्ड गलत स्थान पर लगाया गया। इधर पर्यटन अधिकारी पीके गौतम ने दोहराया है कि विभागीय गलती से बोर्ड गलत स्थान पर लगाया गया जिसे सही कर दिया गया है।

# जयकारों से गूंजी सतचुली की चोटी


खतेडा गांव से सतचूली मंदिर को कंधों के सहारे देवी रथ को ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संवाददाता, लोहाघाट/चम्पावत**

**अमृत विचार :** सतचुली मंदिर की पहाड़ी गुरुवार को भक्ति और आस्था के रंग में पूरी तरह डूबी हुई थी। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। हर किसी के मन में बस एक ही उत्साह था मां भगवती के दर्शनों का।

मुख्य पुजारी दयानंद चिलकोटी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महोत्सव की शुरुआत की। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, माहौल और भी भक्तिमय होता चला गया। भगवती भंडार में देव डांगरों की गद्दी सजी, जहां महिलाओं ने श्रद्धा के साथ सिर पूजन, आरती और देव स्तुति की। मान्यता के अनुसार, देवताओं का अवतरण हुआ और उन्होंने धूनी की परिक्रमा कर भक्तों को आशीर्वाद दिया।

दोपहर बाद वह क्षण आया, जिसका सभी को इंतजार था। मां भगवती की भव्य रथ यात्रा शुरू हुई। रथ में मां भगवती के साथ महाकाली का स्वरूप भी विराजमान था। जैसे ही रथ आगे बढ़ा, पूरा वातावरण "जय मां भगवती" और "जय मां काली" के जयकारों से गूंज उठा।

गांव-गांव से आए श्रद्धालुओं ने रथ को अपने कंधों पर उठाया। मल्ला-तल्ला खतेड़ा, कनेड़ी, काफली, नसखोला, कोट, बसान, सक्टा और अन्य गांवों के लोग इस आस्था यात्रा का हिस्सा बने। रथ के आगे चल रहे वीर आशीर्वाद देते हुए बढ़ रहे थे, जबकि पीछे महिलाएं वीर रस से भरे मंगल गीत गा रही थीं। पूरा दृश्य किसी जीवंत लोक परंपरा का अद्भुत उदाहरण बन गया था।

लोहाघाट और आसपास के गुमदेश व चौमेल क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। मंदिर परिसर में रथ के पहुंचते ही आस्था का सागर उमड़ पड़ा। हर ओर सिर्फ भक्ति, उल्लास और श्रद्धा का संगम दिखाई दे रहा था।

अंत में मंदिर की परिक्रमा के साथ रथ यात्रा का विधिवत विसर्जन हुआ और इसी के साथ तीन दिवसीय सतचुली महोत्सव का समापन हो गया। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की और इस धार्मिक उत्सव की यादें अपने साथ लेकर लौटे।

# खुरपका-मुंहपका टीकाकरण शुरू

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** जनपद में पशुओं को घातक खुरपका-मुंहपका रोग से सुरक्षित करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर 45 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीडीओ आरसी तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा पशुधन को बढ़ावा देने व उनकी सुरक्षा के लिए यह अभियान प्रारंभ किया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पशुओं का टीकाकरण निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा नगरपालिका, जिला पंचायत एवं दुग्ध विकास विभाग का सहयोग लेने के निर्देश भी दिए। इस अभियान के तहत जनपद में 80,000 गाय-भैंसों एवं 95,000 भेड़-बकरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. के.के. जोशी ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु 68 टीमों का गठन किया गया है, जो पशुपालकों के द्वार पर पहुंचकर टीकाकरण करेंगी। इनमें बागेश्वर विकासखंड के लिए 30 टीमें, गरुड़ के लिए 13 तथा कपकोट के लिए 25 टीमें तैनात की गई हैं। 16 मई तक चलने वाले इस चरण में गाय-भैंसों के लिए यह आठवां तथा भेड़-बकरियों के लिए चौथा टीकाकरण चरण होगा। टीकाकरण से पूर्व प्री-वैक्सीनेशन सैंपल लिए जा चुके हैं तथा अभियान के उपरांत पोस्ट-वैक्सीनेशन सैंपल भी लिए जाएंगे, जिससे वैक्सीन की प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके।


दल को रवाना करते सीडीओ। ● अमृत विचार

## स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा:** ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। एसएसपी के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने लोधिया बैरियर के पास दो संदिग्ध युवकों को रोका। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 11.46 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 3.43 लाख आंकी गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सज्जन बिष्ट निवासी दुगालखोला, अल्मोड़ा और प्रभांशु उर्फ कन्नू कपिल निवासी दियारी, भवाली, नैनीताल के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। टीम में उपनिरीक्षक आनन्द बल्लभ कश्मीरा, कांस्टेबल राकेश भट्ट, गणेश दत्त पांडे, इरशाद उल्ला आदि मौजूद रहे।

# वर्ल्ड ऑटिज्म डे मनाया गया


वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचार:** राजकीय स्नातक उत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में वर्ल्ड ऑटिज्म डे के अवसर पर यूथ रेड क्रॉस प्रकोष्ठ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ऑटिज्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। उनके ज्ञानवर्धन के लिए ऑटिज्म पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गई।

इस अवसर पर डॉ. किरण चौहान ने अपने वक्तव्य में ऑटिज्म से ग्रस्त व्यक्तियों के मानसिक एवं शारीरिक लक्षणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी, ताकि गर्भस्थ शिशु के विकास की सही जानकारी मिल सके। डॉ. कमला ने कहा कि ऑटिज्म से ग्रस्त व्यक्तियों को दया नहीं, बल्कि प्रेम और सहानुभूति की आवश्यकता होती है। ऐसे बच्चों के लिए भावनात्मक सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डॉ. आस्था अधिकारी ने ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों के व्यवहार को समझने पर जोर दिया। अंत में फिल्म प्रदर्शन के बाद स्वयंसेवियों के साथ परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। इस दौरान इतिहास विभाग से डॉ. दीपा पांडे, समाजशास्त्र विभाग से डॉ. सत्यम मित्र सिंह, राजनीति शास्त्र से डॉ. वीके जोशी, डॉ. पूजा बोरा, अर्थशास्त्र से डॉ. पारुल भारद्वाज सहित रेड क्रॉस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कैंटर से चर्बी भरे कनस्टर पकड़ने के बाद घर में छापेमारी

**खटीमा:** खटीमा में बीते दिन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने 196 कनस्तर चर्बी से भरे कैंटर को पकड़ने के बाद प्रशासन सतर्क हो गया। अगले दिन नगर पालिका, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने इस्लामनगर, गोटिया में छापामारी की। एक घर से भारी मात्रा में जानवरों की हड्डियां, खाल और चर्बी के ड्रम बरामद हुए। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सकों ने अवशेषों के नमूने लिए और जांच के लिए आगरा की लैब भेज दिए। अनुमानित 500 अवैध खाल और हड्डियां मिलीं। नगर पालिका इन्हें नष्ट करेगी और मकान के अभिलेख देखकर आगे कार्रवाई करेगी। यह छापामारी अवैध पशु अवशेषों की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# एक फार्म पर दो पदों के लिए कर सकेंगे आवेदन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** देश की सेवा करने का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। अग्निवीर बनने के लिए वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए सेना भर्ती कार्यालय ने तिथि आगे बढ़ा दी है। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जून में परीक्षा कराई जाएगी।

इसकी पूरी जानकारी सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों की मांग को देखते हुए सरकार ने इस बार अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 22 साल कर दी है। भर्ती के लिए अब 17.5 वर्ष से 22 वर्ष की आयु वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन और अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस के पदों लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है। नर्सिंग सहायक (एनए-एनए वेट) के लिए अधिकतम आयु 23 वर्ष और सिपाही फार्मा के लिए 25 वर्ष तक निर्धारित की गई है। सभी वर्गो के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये तय किया गया है। अभ्यर्थी एक फार्म में दो-दो पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे। सेना भर्ती कार्यालय के तहत आने वाले 12 जिलों बहराइच, बलरामपुर, बरेली, बदायूं, फरुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, संभल, शाहजहांपुर, श्रावस्ती और सीतापुर के उम्मीदवार 10 अप्रैल से पहले भारतीय सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**बैठक**

### जिलाधिकारी ने चम्पावत बाईपास कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

# सड़क की राइडिंग क्वालिटी बेहतर करने पर जोर

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की।

बैठक में सड़कों की स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा यातायात को सुगम बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अवगत कराया गया कि स्वाला क्षेत्र में चल रहा सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने टनकपुर से घाट तक राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति को प्राथमिकता से सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क की राइडिंग क्वालिटी को बेहतर बनाया जाए, ताकि आमजन को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन का लाभ मिल सके। ईई ने आश्वस्त किया कि इस कार्य को 20 अप्रैल तक प्रारंभ कर दिया जाएगा। बैठक में चम्पावत बाईपास के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी कि प्रस्तावित 9.8 किलोमीटर लंबी सड़क में से लगभग 4 किलोमीटर की पूर्ण कटिंग का कार्य संपन्न हो चुका है, जबकि 3 किलोमीटर में आंशिक (हाफ) कटिंग पूरी कर ली गई है। शेष कार्य आगामी एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जनपद में बेहतर सड़क अवसंरचना विकसित हो सके और आवागमन सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बन सके। बैठक में एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी, डीडीओ दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्ब्याल, ईई एनएच दीपक जोशी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।


चम्पावत में बैठक लेते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा डीनापानी में हिमाद्रि हैंडलूम का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

#### हिमाद्रि हैंडलूम महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** डीएम अंशुल सिंह ने गुरुवार को डीनापानी स्थित हिमाद्रि हैंडलूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हिमाद्रि हैंडलूम की गतिविधियों, कार्यों समेत विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। साथ ही संस्थान में तैयार किए जा रहे शॉल, ऊनी वस्त्र, हस्तशिल्प आदि की आपूर्ति तथा विपणन के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर डीएम ने कहा कि उत्तराखंड सरकार की यह पहल महिला सशक्तिकरण की एक जीती जागती मिसाल है। कहा कि इसको विस्तृत रूप से विकसित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। जिससे और अधिक महिलाओं को यहां नियोजित किया जा सके। इस संस्थान में 48 महिला बुनकर कार्यरत है तथा 9 महिलाएं फैशन डिजाइनिंग में कार्य कर रही हैं। डीएम ने हिमाद्रि हैंडलूम में बुनकर महिलाओं से वार्तालाप भी किया तथा उनकी आजीविका तथा आय के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, हिमाद्रि हैंडलूम से मुक्ति दत्ता समेत अन्य मौजूद रहे।



कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। – **ओशो**, दार्शनिक

# ट्रंप के दावों का अर्थ

डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि तीन सप्ताह के भीतर युद्ध खत्म हो सकता है, जितना आकर्षक लगता है, उतना ही जटिल और संदिग्ध भी है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में युद्ध केवल एक देश की इच्छा से समाप्त नहीं होते, बल्कि अनेक पक्षों, हितों और वास्तविकताओं के संतुलन से नियंत्रित होते हैं। ट्रंप अमेरिका के लिए युद्ध समाप्ति की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन वे न तो इजराइल और न ही ईरान को युद्ध विराम के लिए बाध्य कर सकते हैं। इजराइल और ईरान दोनों अपने-अपने रणनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेते हैं। ऐसे में तीन सप्ताह में संपूर्ण युद्ध समाप्त होने का दावा व्यावहारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शिगूफा है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका अपने "लक्ष्य हासिल कर चुका है", कई सवाल खड़े करता है। यदि लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमताओं को सीमित करना था, तो सीमित अर्थों में यह दावा स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन यदि लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन था, तो यह दावा वास्तविकता से दूर है। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अभी भी कायम है और वहां किसी स्पष्ट सत्ता परिवर्तन के संकेत नहीं हैं। इसी प्रकार, ट्रंप का यह दावा कि ईरान युद्ध विराम चाहता है, तब और कमजोर पड़ जाता है, जब स्वयं ईरान इस बात से इनकार करता है।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में इस तरह के विरोधाभासी बयान अक्सर "नेरेटिव निर्माण" का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक जनमत को प्रभावित करना होता है। ट्रंप के युद्ध समाप्ति के प्रति उत्साह के पीछे घरेलू राजनीतिक दबावों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, रक्षा खर्च का बोझ और आगामी चुनावी चुनौतियां, उन्हें एक "निर्णायक नेता" की छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास गवाह है कि ट्रंप कई बार बड़े दावे करते रहे हैं और बाद में उनसे पीछे भी हटते रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा भी है और कभी-कभी परिस्थितिजन्य मजबूरी भी। ट्रंप का यह कहना कि "होर्मुज जलडमरूमध्य से मेरा लेना-देना नहीं" वस्तुतः आंशिक सत्य है। अमेरिका पर इसका प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने पर पूरी दुनिया प्रभावित होती है। चूंकि यह संकट उसी संघर्ष से जुड़ा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका रही है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का यह अपेक्षा करना स्वाभाविक है कि अमेरिका समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए।

ट्रंप का तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने का दावा सुनिश्चित कूटनीतिक वास्तविकता नहीं होने से ऐसा संभव नहीं दिखता, पर मान लिया जाए कि तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसका भारत और विश्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तेल की कीमतों में स्थिरता आएगी, आपूर्ति श्रृंखला सुधरेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता कम होगी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह राहत अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। परंतु भारत को ट्रंप के बयानों को सतर्कता और यथार्थवाद के साथ लेना चाहिए। कूटनीति में घोषणाओं से अधिक महत्व परिस्थितियों और ठोस कदमों का होता है। भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए- भावनाएं पीछे, पहले रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और अपने नागरिकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के विवेक सम्मत निर्णय।

### प्रसंगवश

# दहेज नहीं लिया या बस नाम बदल दिया

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है, लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है। हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है। आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है-"हमने दहेज नहीं लिया।" यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं, लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार-सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है-लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ "रिवाज", "भात", "शगुन" या "उपहार" के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है। यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं, असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं। दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर मांगा जाता था- नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं, लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे मांगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। "भात", "तिलक", "सगाई के उपहार" और "विदाई के तोहफे" नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है। "भात" जैसी परंपराएं, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए, इन्हीं पैमानों पर अब "इज्जत" का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएं सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि "हमने दहेज नहीं लिया", बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें, जहां किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक खाद्य संकट की ओर बढ़ता खाड़ी युद्ध






अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

कोई भी युद्ध हमेशा विनाशक ही होता है। इंसान हमेशा से अपने वर्चस्व, सत्ता की ताकत और अहंकार के लिए खुद को युद्ध में झोंकता रहता है, लेकिन इसका परिणाम सिर्फ युद्ध में लड़ रहे दोनों पक्षों पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज, देश और विश्व पर पड़ता है। एक माह से अधिक समय से चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध की दशा और दिशा तय नहीं हो पा रही है और उसके परिणामों की आग में न सिर्फ ईरान और इजरायल, बल्कि लगभग आधी दुनिया जलने के कगार पर है और यदि ऐसा ही चलता रहा, तो पूरा विश्व एक ऐसे संकट में फंसने जा रहा है, जिस ओर अभी किसी का संभवतः ध्यान नहीं जा रहा है। तेल, गैस, उर्जा संकट से गुजर रहे विश्व पर निकट भविष्य में खाद्य संकट का पहाड़ टूटने वाला है।

मैरीटाइम इंटेलिजेंस कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्यापार होने वाली प्रमुख उर्वरकों-अमोनिया, फॉस्फेट और सल्फर का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के अनुसार यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, उर्वरकों की कीमतें 10 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हर महीने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन उर्वरक का निर्यात किया जाता है।

यहां हम जानते हैं कि उर्वरकों का सीधा संबंध खाद्यान उत्पादन से है। उर्वरकों की कमी से मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों का उत्पादन गिरने की संभावना है। भारत के दृष्टिकोण से देखें, तो हम लगभग दो-तिहाई नाइट्रोजन यानी यूरिया के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। भारतीय यूरिया उत्पादकों को अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का 60-70 प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है। भारत ओमान, सऊदी अरब और कतर से यूरिया का भी आयात करता है, जो वर्तमान युद्ध से प्रभावित हैं। उर्वरक की कमी आने वाले मानसून में खरीफ की बुवाई पर असर डाल सकती है, जिससे चावल, गेहूं और अन्य मुख्य अनाजों की खेती की लागत बहुत बढ़ जाएगी तथा उत्पादन भी कम हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2025 में भारत ने 22 लाख टन सल्फर का आयात किया, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आया है। सल्फर, कच्चे तेल के शोधन का एक मूल्यवान उत्पाद है, जिसका उपयोग डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में किया जाता है, जो एक अन्य महत्वपूर्ण उर्वरक है। वित्त वर्ष 2025 में डीएपी आयात का 42 प्रतिशत से सऊदी अरब से आया था। 10 मार्च 2026 को भारत का यूरिया भंडार 62 लाख टन था। खरीफ फसल सीजन (जून-सितंबर) के लिए इसकी आवश्यकता लगभग 18-19 लाख टन है। गैस की कमी और आयात को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है, ऐसे में आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम सब जानते हैं कि भारतीय किसान यूरिया का अत्यधिक उपयोग करते हैं, क्योंकि अन्य उर्वरकों की तुलना में इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। युद्ध की प्रारंभ से ही, वैश्विक यूरिया की कीमतें लगभग 48 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

> भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सोयाबीन तेल की कीमत 1100 डॉलर प्रति टन को पार कर गई है। कच्चे पाम तेल में भी लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। काला सागर बंदरगाहों से आने वाला सूरजमुखी का तेल भी तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इसका मूल्य 1,355 डॉलर प्रति टन है। वस्तुतः भारत पाम तेल और सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर है और यह उन्हीं जहाजों से आता हैं, जिनमें जीवाश्म ईंधन आता है।

भारत ही नहीं, बल्कि ब्राजील जो प्रमुख कृषि उत्पाद निर्यातक है, अपनी आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत नाइट्रोजन (यूरिया) खाड़ी देशों से मंगाया है। युद्ध से उपजे संकट का असर वहां सोयाबीन और मक्के के उत्पादन पर पड़ेगा। अफ्रीकी देशों के लिए तो यह ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उर्वरक की कीमतों में थोड़ी सी भी वृद्धि छोटे किसानों पर गहरा असर डालेगी, जिससे फसलों का उत्पादन गिर जाएगा और वहां पहले से विद्यमान भुखमरी की समस्या और भी गहरी हो जाएगी। स्वयं खाड़ी देश भी अपनी आवश्यकता का 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ आयात करते हैं, जिनमें अनाज और मांस से लेकर डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल तक शामिल हैं। वे सभी आवागमन के लिए पूरी तरह होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। अगर यह स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो उनके सुरक्षित भंडार भी जल्द ही खत्म हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें राशनिंग लागू करने या लाल सागर और ओमान की खाड़ी के जरिए बहुत महंगे वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करना होगा।

लंबे युद्ध का असर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बोआई के मौसम पर बहुत बुरा पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में खाद्य संकट पैदा हो जाएगा। संभवतः इसीलिए राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं। कम उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के संयोजन से किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा और इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा। बहस का मुद्दा यह नहीं है कि मध्य-पूर्व सहित पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में किसने और क्यों झोंका? मुद्दा यह है कि इस युद्ध से उपजे उर्जा और खाद्य संकट ने पूरे वैश्विक मानव को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि यह इसी तरह चलता रहा तो तेल, गैस खाद्यान्न एवं पानी के लिए इंसान को तरसा देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, जबकि इसकी तुलना में केरल एक विकसित राज्य है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में बिहार को केरल से सीखने की आवश्यकता है। एलडीएफ एक बार फिर केरल की सत्ता में वापसी करेगी।
**–तेजस्वी यादव**
कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

केरल की धरती पर खड़े होकर बिहार का अपमान करना शर्मनाक है। बिहार को गरीब बताने से पहले, तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने शासनकाल के दौरान बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां कैसे भरी थीं।
**–उमेश कुशवाहा**
प्रदेश अध्यक्ष, जेडीयू



# पश्चिम एशिया में तनाव और भारतीय शेयर बाजार



धनीश शर्मा
लेखक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के बाद से क्षेत्र में पैदा हुई अस्थिरता ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिसका सीधा असर बाजार की दिशा पर पड़ा है। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह अपने उच्चतम स्तर से फिसलकर नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव खासतौर पर इजरायल, ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है। भले ही इसे पूर्ण युद्ध नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव और गिरावट का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है। नतीजतन, तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिसका असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ता है। इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है और कंपनियों की लागत में इजाफा होता है, जो अंततः शेयर बाजार को प्रभावित करता है।

> इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है।

इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने बाजार की गिरावट को और तेज कर दिया है। हाल ही में जारी केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से भारी धनराशि निकाली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह निकासी करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये रही, जिसे असाधारण और रिकॉर्ड स्तर की बिकवाली माना जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी मात्रा में शुद्ध निकासी की है। इस बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्वाह ने बाजार में गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया तथा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

विदेशी निवेशकों की यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के बीच सामान्य मानी जाती है। जब भी दुनिया में किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट का सामना होता है, निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे सोना या अमेरिकी बॉन्ड की ओर रुख करते हैं। भारत भी इस वैश्विक प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह पाया है।

वहीं दूसरी ओर, रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध भी वैश्विक आर्थिक माहौल पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर अब तक अपेक्षाकृत कम देखने को मिला है, लेकिन यह वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम के आकलन में एक कारक के रूप में बना हुआ है। तेल, गैस और अन्य कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी प्रवाह पर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला रहा है। इस वजह से, भारतीय बाजार भले ही फिलहाल स्थिर दिखाई दे रहा हो, लेकिन लंबे समय में इस संघर्ष के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार की भूमिका सराहनीय रही है। सरकार ने हालात को देखते हुए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। महंगाई को नियंत्रित करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु रखना और निवेशकों का भरोसा बनाए रखना इसके मुख्य प्रयास रहे हैं। वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखना सरकार की प्रभावी रणनीति को दर्शाता है। इसके चलते बाजार में भरोसा बना हुआ है और दीर्घकाल में सुधार की उम्मीद कायम है। हालांकि इस चुनौतीपूर्ण माहौल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुछ हद तक बाजार को सहारा दिया है। उनकी खरीदारी ने गिरावट को पूरी तरह बेकाबू होने से रोका है। इसके अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती जैसे मजबूत मांग, सरकारी निवेश और सुधारों की प्रक्रिया लंबी अवधि में बाजार के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

अंततः कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध का अप्रत्यक्ष असर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की भारी निकासी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को दबाव में ला दिया है। अल्पकाल में यह स्थिति निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है, लेकिन दीर्घकाल में बाजार की रिकवरी की उम्मीद बनी हुई है, क्योंकि मजबूत आर्थिक आधार अंततः निवेशकों का भरोसा वापस ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

# विलुप्त होती किराना दुकानें

30 वर्षों में मेरे देखते-देखते अमेरिका में मॉम और पॉप स्टोर अर्थात् गली के नुक्कड़ वाली किराना वाली दुकानें विलुप्त हो गईं। वैसे 1996 तक ही अमेरिका में काफी हद तक कॉर्पोरेट कल्चर आ चुका था, लेकिन फिर भी पचास पर्सेंट किराना मार्केट छोटी-छोटी दुकानें होती थीं और शेष पचास पर्सेंट बड़े सुपर स्टोर्स। उस समय चार बड़ी सुपर स्टोर चेन का प्रतिशत कुल बाजार का 40 प्रतिशत था। वर्तमान में चार बड़ी चेन का बाजार में हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत है। आरंभ सभी देशों का गली के नुक्कड़ वाली किराना दुकानों से हुआ, पर जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आई, मॉनिटरिंग आसान होने लगी, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल आसानी से होने लगा और एक दो दुकान वाले मालिक हजार स्टोर वाली चेन के मुकाबले टक्कर न ले पाए और फिर अंत में अमेजन आ गया, जहां घर बैठे सब कुछ मिल जाता है, तो इसने तो ताबूत में अंतिम कील ठोक दी। रही-सही कसर एआई ने पूरी कर दी। पिछले कुछ वर्षों में स्मॉल बिजनेसेज का कॉर्पोराइजेशन और तेजी से होने लगा। एआई ने ऐसे रिसोर्सेज जो कभी बिलियन डॉलर कंपनीज के पास ही होते थे आम जनता को पहुंचा दिए। अब ऐप बनाने के लिए प्रोग्रामर को दस हजार डॉलर देने की जरूरत न रही, क्लॉड में कोई भी स्वयं बना सकता है, तो ऐसे में हर क्षेत्र में नए दिमागी एंटरप्रेन्योर्स आए, सामान्य जनता इनके मुकाबले टिक न पाई और कॉर्पोरेटाइजेशन बहुत तेजी से हुआ।



नितिन त्रिपाठी
लेखक

वैसे यह बुरा किसी के लिए न हुआ। एक ग्रोसरी स्टोर मालिक का औसत फायदा आज की मुद्रा में 50,000 डॉलर होता, जिसके लिए उसे रोजाना पंद्रह घंटे खपाने पड़ते, सरदर्द अलग रहती। अब यह ऑनर नौकरी करते हैं मोस्टली स्टोर/ शिफ्ट मैनेजर जैसी पोस्ट पर हैं। दिन के आठ घंटे काम कर 70,000 डॉलर प्लस सैलरी बनाते हैं बगैर किसी रिस्क के। हां! वो आजादी चली गई, बॉस को रिपोर्ट करना पड़ता है। टेक के क्षेत्र में पिछले सौ सालों से टेक्नोलॉजी पहले अमेरिका में आती है, फिर शेष विश्व में यहीं के इन्वेस्टर फैलाते हैं। भारत में भी बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में कॉर्पोरेटाइजेशन हो रहा है। अब आप टैक्सी स्टैंड कोई न देखेंगे। ज्यादातर इंडिपेंडेंट टैक्सी ड्राइवर अब ओला/उबर में चलने लगे हैं। किराना के क्षेत्र में भी यह अंतिम पीढ़ी है, जो गली के कोने पर गुप्ता जी की दुकान देख रही है। गुप्ता जी का बेटा दुकान बेचकर या तो रियल एस्टेट में जाएगा या नौकरी करेगा। काफी हद तक छोटी दुकानों की मार्केट आलरेडी मॉल/ स्टोर/अमेजन/ब्लिंकिट चौपट कर चुके हैं। बस यह समय की बात है, दस से बीस वर्षों में यहां भी कॉर्पोरेट ही दुकानें भी चलाएंगे और देश भी।

**– फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

# अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के गांव जोगिया जगुनी पट्टी में पिछले 19 साल से चल रहा लोकरंग किसी साहित्य, संस्कृति, कला प्रेमी के लिए अब नया नहीं रह गया है। हाशिए के समाज के इतिहासकार और इतिहासकार सुभाषचंद्र कुशवाहा जिस लगन और प्रतिबद्धता के साथ इसे आयोजित करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं, उसने जन संस्कृति के संवर्धन को एक नया व्यावहारिक रंग-रूप दिया है। अंधाधुंध बाजारीकरण से उपजी लिप्सा की संस्कृति और बेरोजगारी के दंश ने गांवों की तस्वीर कुछ मायनों में शहरों से भी ज्यादा खराब कर दी है।

वैसे तो वर्णाश्रमी व्यवस्था की जटिल सामाजिक संरचना वाले भारतीय गांव श्यामाचरण दुबे की भद्र लोक वाली नजर से देखे गए और छायावादी कवियों की कल्पनाओं और कविताओं में अभिव्यक्त 'अहा ग्राम्य जीवन' वाले गांव कभी नहीं थे। आज बेरोजगारी के दंश के बीच शराब की दुकानों ने जिस तरह बहुतेरे गांवों की कुछ बची खुची पारंपरिक लोक संस्कृति पर हमला बोला है, उससे वहां की तस्वीर और बदरंग हो चुकी है। ऐसे में शहर से कम जरूरी नहीं है कि गांवों के इस बदरंग होते स्वरूप को किसी न किसी तरह बचाया जाए।



दया शंकर राय
लेखक

सुभाष कुशवाहा ने 19 साल पहले जो पहल की थी, उसने अब एक दिशा पकड़ ली है और फूहड़ता और अपसंस्कृति के खिलाफ कारगर हस्तक्षेप की एक ठोस राह भी दिखाई है। उनकी यह पहल उल्लेखनीय इसलिए कही जाएगी कि शराब की खुलती दुकानों ने गांवों के बेरोजगारों को नशे की ओर धकेल दिया है, लेकिन पिछले 19 साल से लोकरंग से जुड़ी इस जोगिया गांव की टीम के युवा न सिर्फ नशे से दूर हैं, बल्कि वे लोक संस्कृति और फूहड़ संस्कृति का फर्क भी बखूबी समझने लगे हैं।

बेरोजगारी बेशक उनके सामने भी वैसे ही है, पर जिस समझदारी भरी लगन से यह टीम लोकरंग को जमीन पर उतारती है, वह एक मिसाल है। जाहिर है इसमें सुभाष कुशवाहा का मार्गदर्शन अहम रहा है, लेकिन पहल तो किसी न किसी को लेनी पड़ती ही है। आज शहरों से भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसे आयोजन गांवों, कस्बों और छोटे जिलों में हों। लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल जैसे शहरों में तो फिर भी कुछ साहित्यिक सांस्कृतिक और वैचारिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे एक वैचारिक हलचल और बहस मुबाहिसे के मंच उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर गांव तो इससे अछूते ही हैं, जबकि जरूरत इस बात की है कि हर किस्म के पिछड़ेपन और वैचारिक कूपमंडूकता और जड़ता के खिलाफ आधुनिकता पर आधारित मूल्यों और विचारों के उन्नयन और विचार-विमर्श के लिए गांवों में संस्कृति, कला और विचार के ज्यादा से ज्यादा मंच बनें।

लोकरंग का यह सफर इस दिशा में एक रास्ता दिखाता है। इसलिए अगर लोकरंग में शामिल टीमें और साथी इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह बेहद मानीखेज होगा और लोकरंग का यह विस्तार एक नया रंग लाएगा। इससे बहुत कुछ न सही कुछ कुछ तो समृद्ध होगा ही, जो आगे चलकर बहुत कुछ की जमीन तैयार करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# यूरेका

## खोज




# ऐसे हुआ माचिस का आविष्कार

माचिस की खोज मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम थी, क्योंकि इससे आग जलाना बेहद आसान हो गया। पहले के समय में लोग आग जलाने के लिए पत्थरों को आपस में रगड़ते थे या लकड़ी से घर्षण पैदा करते थे, जो काफी कठिन और समय लेने वाला काम था। आधुनिक माचिस का विकास 19 वीं सदी में हुआ। वर्ष 1826 में इंग्लैंड के रसायनज्ञ जॉन वॉकर ने पहली बार ऐसी माचिस बनाई, जिसे रगड़कर जलाया जा सकता था। उन्होंने लकड़ी की छोटी तीली के सिरे पर रसायनों का मिश्रण लगाया, जिसमें एंटिमनी सल्फाइड, पोटैशियम क्लोरेट और गोंद शामिल थे। जब इस तीली को खुरदुरी सतह पर रगड़ा जाता था, तो घर्षण से यह जल उठती थी।

हालांकि वॉकर की माचिस में एक समस्या थी। यह जलते समय तेज गंध और चिंगारियां पैदा करती थी। इसके बाद फ्रांस के रसायनज्ञ चार्ल्स सौरिया ने इसमें सफेद फॉस्फोरस का उपयोग किया, जिससे माचिस आसानी से जलने लगी, लेकिन यह फॉस्फोरस जहरीला था और इससे काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वीडन के वैज्ञानिक गुस्ताफ पास्च और बाद में जोहान लुंडस्ट्रॉम ने "सेफ्टी माचिस" विकसित की। इसमें लाल फॉस्फोरस को तीली पर नहीं, बल्कि माचिस की डिब्बी की साइड पर लगाया गया। इससे माचिस ज्यादा सुरक्षित हो गई और आज भी हम इसी प्रकार की माचिस का उपयोग करते हैं। इस तरह माचिस की खोज कई वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिसने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया। आज माचिस हमारे दैनिक जीवन का एक सामान्य और बेहद उपयोगी साधन बन चुकी है।

### वैज्ञानिक के बारे में



जॉन वॉकर का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत सरल और सादगीपूर्ण था, लेकिन उनकी खोज ने उन्हें इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। उनका जन्म 29 मई 1781 को इंग्लैंड के स्टॉकटन-ऑन-टीज में हुआ था। वे पेशे से एक केमिस्ट और दवा विक्रेता थे तथा अपनी दुकान पर दवाइयां बनाते हुए खाली समय में रसायनों के साथ प्रयोग किया करते थे। स्वभाव से वे शांत, जिज्ञासु और मेहनती थे। उन्हें न तो अधिक प्रसिद्धि की चाह थी और न ही धन कमाने की लालसा, यही कारण रहा कि उन्होंने माचिस की खोज का पेटेंट भी नहीं कराया। उनके इस निर्णय का लाभ बाद में अन्य लोगों ने उठाया। जॉन वॉकर ने विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन अपने काम व प्रयोगों को समर्पित कर दिया। 1 मई 1859 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी खोज आज भी दुनियाभर में उपयोगी बनी हुई है।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

प्रकृति की हर रचना के पीछे एक सुस्पष्ट उद्देश्य और जीवन का गहरा विज्ञान छिपा होता है। पक्षियों के लिए घोंसला महज तिनकों का संकलन नहीं, बल्कि उनके वंश की सुरक्षा का एक अभेद्य दुर्ग है। ये नीड़ न केवल उन्हें प्रकृति के थपेड़ों- सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाते हैं, बल्कि शत्रुओं से सुरक्षा का एक मनोवैज्ञानिक और भौतिक कवच भी प्रदान करते हैं। वर्षावनों की सघनता हो या ग्रामीण अंचलों की शांति, परिंदों ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ऐसे समाधान खोजे हैं, जो आधुनिक इंजीनियरिंग को भी विस्मय में डाल देते हैं।



# सृष्टि के स्मार्ट सर्जक



### बया: वास्तुकला की बेजोड़ किलेबंदी

भारतीय परिवेश में यदि पक्षियों के कलात्मक कौशल की बात हो, तो नन्हें 'बया' का नाम सर्वोपरि है। बया का घोंसला किसी कलात्मक उल्टे लटके थैले जैसा दिखता है, जिसे वह टहनियों के सबसे लचीले और संकरे सिरों पर बड़ी कुशलता से बुनती है। बया के घोंसले का असली रहस्य इसकी लंबी और संकरी प्रवेश सुरंग में छिपा है। जब कोई सांप या शिकारी पक्षी अंदर पहुंचने का प्रयास करता है, तो उसे इस झूलती हुई संकरी नली से गुजरना पड़ता है। चूंकि घोंसला अत्यंत लचीली टहनी पर होता है, शिकारी का भारी वजन उसे हिला देता है और वह अपना संतुलन खोकर नीचे गिर जाता है। जहां मैनाकिन शिकारी को मनोवैज्ञानिक भ्रम में छकाती है, वहीं बया अपनी संरचनात्मक बुनावट से शिकारी के लिए रास्ता ही दुर्गम और असंभव बना देती है।

### ब्लू मैनाकिन: लहराती पूंछ और दृश्य-भ्रम का विज्ञान

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी जंगलों में जब हवा का झोंका आता है, तो पेड़ों की डालियों से काई और घास की लंबी-लंबी लटें झूलती दिखाई देती हैं। पहली नजर में ऐसा भ्रम होता है मानो किसी ने मोटे हरे रेशमी धागों की कोई झालर टांक दी हो, लेकिन यह कोई साधारण सजावट नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा का एक चतुर और सूझबूझ भरा सुरक्षा उपाय है। यह 'ब्लू मैनाकिन' पक्षी का घोंसला है, जिसने हाल ही में जीव विज्ञानियों को चकित किया है।

ब्लू मैनाकिन का घोंसला ऊपर से छोटा और प्यालेनुमा होता है, लेकिन इसके नीचे लटकती काई और रेशों की लंबी 'पूंछ' इसे अद्वितीय बनाती है। हवा में लहराती ये लटें दरअसल एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं। इस पूंछ की लंबाई कभी-कभी दो मीटर तक पहुंच जाती है। हाल ही में विज्ञान पत्रिका 'बायलॉजी लैटर्स' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बड़े शिकारी पक्षी इन लटों को देख तो लेते हैं, पर यह नहीं समझ पाते कि इनके शीर्ष पर घोंसला भी हो सकता है। दरअसल, घोंसले का जाना-पहचाना गोल आकार इन बिखरी हुई रेखाओं के बीच पूरी तरह लुप्त-सा जाता है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डिसरप्टिव कैमुफ्लाज' (विघटनकारी छलावरण) कहते हैं - एक ऐसा दृश्य-भ्रम जहां असली आकृति अपनी पहचान खोकर प्राकृतिक परिवेश में विलीन हो जाती है। एक प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कुछ घोंसलों की ये लटकती पूंछें हटा दीं और कुछ को यथावत रहने दिया। परिणाम चौंकाने वाले थे जिन घोंसलों की पूंछ नहीं थी, उन पर शिकारियों के लगभग दस गुना अधिक हमले हुए। प्रयोग से यह प्रमाणित हुआ है कि प्रकृति में कभी-कभी 'दिखना' ही 'छिपने' का सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

### रक्षा के दो बेजोड़ दर्शन: एक नजर में

प्रकृति ने इन नन्हें पक्षियों को जो 'सर्वाइवल स्किल्स' दी हैं, वे उनकी बुद्धिमत्ता का जीवंत प्रमाण हैं। जहां ब्राजील की ब्लू मैनाकिन दृश्य-भ्रम पर भरोसा करती है, वहीं भारतीय बया अपनी सुरक्षा के लिए जटिल वास्तुकला का सहारा लेती है। मैनाकिन की लंबी पूंछ घोंसले के वजूद को शिकारी की नजरों से ओझल करने वाला पर्दा है, तो बया का शिल्प कौशल एक ऐसा फिल्टर है, जहां से यह पक्षी खुद तो अंदर आ-जा सकता है, लेकिन बड़े सांप या शिकारी पक्षी संतुलन खोकर नीचे गिर जाते हैं।



### गंध और दृष्टि का संतुलन

दिलचस्प तथ्य यह है कि मैनाकिन की यह तकनीक केवल उन शिकारियों पर प्रभावी है, जो दृष्टि का इस्तेमाल करते हैं। सांप या छोटे स्तनधारी शिकारी जो गंध से शिकार तलाशते हैं, उनके लिए यह पक्षी एक और युक्ति अपनाता है। ये अपने घोंसले जलस्रोतों के ठीक ऊपर लटकी पतली टहनियों पर बनाते हैं, जहां गंध का पीछा करने वाले जीवों के लिए पहुंचना लगभग नामुमकिन होता है।

### कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति

घोंसला पक्षियों के शिशुओं के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि एक विकसित और सूझबूझ भरा अनुकूलन है। इन नन्हें परिंदों की दुनिया हमें सिखाती है कि सुरक्षा के लिए हमेशा शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। कभी सूझबूझ भरी बुद्धिमानी, तो कभी समझदारी से बुना गया शिल्प ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन जाता है। मैनाकिन की लहराती पूंछें हों या बया की सूक्ष्म कलाकारी, जिसमें हर तिनका जीवन की रक्षा के विज्ञान से जुड़ा है। ये जीव अपने सीमित संसाधनों से ऐसी रणनीतियां विकसित करते हैं, जो आधुनिक सुरक्षा-डिजाइन की अवधारणाओं को भी प्रेरित कर सकती हैं। अंततः यह संघर्ष केवल परिंदों का नहीं, बल्कि इस सार्वभौमिक सत्य का है कि अस्तित्व की लड़ाई में कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# आखिर क्यों उदय और अस्त के समय लाल दिखाई पड़ता है सूर्य

सुबह उगते और शाम को ढलते समय सूरज का लालिमा लिए दिखाई देना एक सामान्य, लेकिन बेहद आकर्षक प्राकृतिक दृश्य है। दिन के समय वही सूरज सुनहरा या पीला नजर आता है, जबकि क्षितिज के पास पहुंचते ही उसका रंग लाल या नारंगी हो जाता है। साथ ही आसमान भी कई रंगों- लाल, पीला, नीला, बैंगनी और नारंगी की छटा बिखेरता नजर आता है। यह परिवर्तन किसी जादू का नहीं, बल्कि विज्ञान का परिणाम है। इस घटना के पीछे 'रेली स्कैटरिंग' यानी प्रकाश का प्रकीर्णन जिम्मेदार होता है। जब सूर्य का सफेद प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह हवा में मौजूद गैसों, धूल और अन्य सूक्ष्म कणों से टकराकर अलग-अलग दिशाओं में फैल जाता है। सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य (वेवलेंथ) अलग-अलग होती है।

बैंगनी और नीले रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है, इसलिए ये रंग वायुमंडल में अधिक बिखर जाते हैं। इसी कारण दिन के समय आसमान हमें नीला दिखाई देता है। वहीं लाल और नारंगी रंग की तरंगदैर्ध्य लंबी होती है, जिससे ये रंग ज्यादा दूरी तय कर पाते हैं और कम बिखरते हैं। सुबह और शाम के समय सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से तिरछे कोण पर गुजरती हैं। इस दौरान उन्हें अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप छोटी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (नीला और बैंगनी) रास्ते में ही बिखर जाते हैं, जबकि लंबी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (लाल और नारंगी) हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। यही कारण है कि सूरज उस समय लाल या नारंगी दिखाई देता है और आसमान रंग-बिरंगा हो जाता है। इस समय सूरज जरूर पीले से लाल रंग का लगने लगता हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता कि उसका रंग बदल गया है। धूल के बादल, धुंआ और इसी तरह के अन्य तत्व आसमान के रंग पर असर डालते हैं। अगर आप भारत, कैलिफॉर्निया, चिली, ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका के कुछ हिस्सों या लाल रेत वाले इलाकों के नजदीक रहते हैं, तो आपका वातावरण मौसम की स्थिति के आधार पर प्रकाश को प्रतिबिंबित करने वाले कणों से भरा हो सकता है।


# अप्रैल में आकाश दर्शन

अप्रैल 2026 आकाश को देखने वालों के लिए काफी रोमांचक महीना है। इसमें कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण नहीं है, लेकिन पूर्णिमा, उल्का वर्षा, ग्रहों के सुंदर संयोग और गहरी आकाशीय वस्तुएं अच्छा-खासा नजारा दिखाएंगी। हमें सबकुछ आसानी से दिखेगा, बस शहर की रोशनी से दूर जाएं, बाइनोकुलर या छोटा टेलीस्कोप हो, तो बेहतर है। सभी समय यूटीसी में दिए गए हैं (भारतीय समय आईएसटी- यूटीसी+ 5 :30 घंटे)।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

- **चंद्र पूर्णिमा** - 2 अप्रैल को पूर्णिमा थी। चंद्रमा सूर्य से पृथ्वी के विपरीत स्थित और उसका चेहरा पूरी तरह से रोशन था। यह चरण 2:13 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) पर था। इस पूर्णिमा को प्रारंभिक मूल अमेरिकी जनजातियों द्वारा पूर्ण कृमि चंद्रमा (पिंग मून) के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसने मॉस पिंक या जंगली ग्राउंड फ्लॉक्स की उपस्थिति को चिह्नित किया, जो पहले वसंत फूलों में से एक है। इस चंद्रमा को स्प्राउटिंग ग्रास मून, ग्रोइंग मून और एग मून के नाम से भी जाना जाता है। कई तटीय जनजातियों ने इसे फिश मून भी कहा जाता है।
- **उच्चतम बिंदु पर बुध**- 3 अप्रैल को बुध ग्रह सूरज से 27.8 डिग्री की सबसे ज्यादा पश्चिमी ऊंचाई पर पहुंचेगा। बुद्ध ग्रह को देखने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि यह सुबह आसमान में क्षितिज के ऊपर अपने सबसे ऊंचे बिंदु पर होगा। सूरज उगने से ठीक पहले ग्रह को पूर्वी आसमान में नीचे देखें। बुध ग्रह को देखने का आनंद वाकई अनोखा और रोमांचक होता है। सौरमंडल का सबसे छोटा और सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह होने के कारण बुध को 'भूतिया ग्रह' भी कहते हैं। यह ज्यादातर समय सूर्य की चमक में छिपा रहता है, इसलिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण, लेकिन बेहद संतोषजनक होता है। बुध सूर्य से कभी ज्यादा दूर नहीं जाता। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से ठीक पहले (सुबह) या सूर्यास्त के तुरंत बाद (शाम) होता है, जब यह क्षितिज के पास चमकदार बिंदु की तरह दिखता है। सूर्यास्त के 30-40 मिनट बाद पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में देखा जाकता है। इसे देखने के लिए साफ क्षितिज चाहिए, शहर की लाइट्स से दूर बेहतर रहेगा। बुध को देखने का आनंद सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि यह एहसास भी है कि आप सूर्य के इतने करीब घूमते एक चट्टानी दुनिया को देख रहे हैं, जहां दिन में 400 सेल्सियस से अधिक तापमान और जहां रात में बेहद ठंड होती है।
- **आकाश में अंधकार**- 17 अप्रैल को अमावस्या (न्यू मून) होगी। इस दिन चंद्रमा सूर्य की तरह पृथ्वी के एक ही तरफ स्थित रहेगा और रात्रि आकाश में दिखाई नहीं देगा। यह खगोलीय घटना 20:30 यूटीसी पर घटित होगी। यह आकाशगंगा और तारा समूहों जैसी धुंधली वस्तुओं का निरीक्षण करने के लिए इस माह का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इन्हें देखने के लिए चांदनी बाधा नहीं बनेगी। ऐसे में रात के आकाश में आकाशगंगा या मंदाकिनी के दर्शन किए जा सकते हैं। नासा की शक्तिशाली हब्बल टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष की कई आकाशगंगाओं की तस्वीरें लेने का अद्भुत काम किया है। कई आकाशगंगाएं इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हम तक पहुंचने में लाखों साल का समय लग जाता है।



### अर्थ शाइन

19-20 अप्रैल को अर्थ शाइन होगी, जिसे हिंदी में पृथ्वी चमक या चंद्र चमक भी कहा जाता है, एक खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा के उस भाग पर पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की रोशनी पड़ती है, जो हमारी दृष्टि से अंधेरा (अनिलुमिनेटेड) दिखाई देता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा पतला (क्रिसेंट) आकार का होता है, तो उसके उज्ज्वल किनारे पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन अंधेरे भाग पर पृथ्वी की चमक (जो सूर्य से प्राप्त रोशनी को परावर्तित करती है) दिखाई देती है। यह चंद्रमा को दोहरी चमक वाला बनाती है, एक पतली रोशनी की पट्टी और उसके पीछे हल्की, नीली-ग्रे चमक। यह घटना अल्बर्टो डेमोंड (15वीं शताब्दी) द्वारा वर्णित की गई थी और इसे 'पुराना चंद्रमा नई चंद्रमा की गोद में' (ओल्ड मून इन द न्यू मून्स आर्म्स) भी कहा जाता है। अर्थ शाइन पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों के कारण चमकीला होता है, जो सूर्य की रोशनी को फैलाते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा दृश्य नव चंद्रमा (न्यू मून) के 2-3 दिन बाद या पहले, जब चंद्रमा 5-10 प्रतिशत रोशन (इल्यूमिनेटेड) होता है। इस समय चंद्रमा सूर्योदय या सूर्यास्त के करीब होता है और अंधेरा आकाश चमक को उभारता है।

### उल्का वर्षा का आनंद

अप्रैल माह में रात के आकाश में उल्का वर्षा का आनंद लिया जा सकता है। 22 व 23 अप्रैल रात के आकाश में लिरिड्स नामक उल्का वर्षा दिखाई देगी। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का (मेट्योर) और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे अथवा लूका कहते हैं। उल्काओं का जो अंश वायुमंडल में जलने से बचकर पृथ्वी तक पहुंचता है, उसे उल्कापिंड (मेट्योराइट) कहते हैं। प्राय : प्रत्येक रात्रि को उल्काएं अनगिनत संख्या में देखी जा सकती हैं, किंतु इनमें से पृथ्वी पर गिरने वाले पिंडों की संख्या अत्यंत अल्प होती है। एक विशेष समय में रात के आकाश में इनके गिरने की संख्या बढ़ जाती है, तब इसे उल्का वर्षा (मेट्योर शॉवर) कहते हैं। यह एक औसत प्रकार की उल्का वर्षा है, जिसमें आमतौर पर प्रति घंटे लगभग 20 उल्काओं का पात होगा। यह धूमकेतु सी/1861 जी 1 थैचर द्वारा छोड़े गए धूल कणों द्वारा निर्मित उल्का वर्षा है, जिसे वर्ष 1861 में खोजा गया था। उल्का वर्षा 16-25 अप्रैल तक सालाना चलती है। यह इस साल 22 की रात और 23 की सुबह अपने चरम पर होगी। ये उल्कापिंड कभी-कभी चमकीले धूलकणों का उत्पादन कर सकते हैं, जो कई सेकंड तक चलते हैं और टूटते तारों के रूप में दृष्टिगोचर होंगे। सर्वश्रेष्ठ दृश्य आधी रात के बाद किसी अंधेरे स्थान से दिखाई दे सकता है। उल्का नक्षत्र लियरा से आते दिखाई देंगे, लेकिन आकाश में कहीं भी दिखाई दे सकते हैं।

# हम चले चांद की ओर

नासा ने बीते कल आर्टेमिस 2 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर दी। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समयानुसार सुबह 3 :54 बजे विशाल एसएलएस रॉकेट ने आसमान में उड़ान भरी। यह 54 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जाने वाला पहला मानव मिशन है। लॉन्च पूरी तरह सफल रहा और चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गए हैं।



इस मिशन में चार सदस्यीय क्रू शामिल है- रीड वाइसमैन (मिशन कमांडर)

विक्टर ग्लोवर (पायलट) - चांद के पास जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री।

क्रिस्टीना कोच (मिशन स्पेशलिस्ट) - चांद मिशन पर जाने वाली पहली महिला।

जेरेमी हैनसेन (मिशन स्पेशलिस्ट)- चांद के पास जाने वाले पहले कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ये चारों अब ओरियन कैप्सूल में बैठकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। आर्टेमिस 2 लैंडिंग मिशन नहीं है। यह 10 दिन का परीक्षण मिशन है। क्रू चांद के बहुत करीब- लगभग 9600 किलोमीटर तक जाएगा। वे चांद के चारों ओर घूमेंगे और फिर पृथ्वी पर वापस आएंगे। इस दौरान ओरियॉन कैप्सूल की गहरे अंतरिक्ष में काम करने की क्षमता, जीवन रक्षा प्रणाली, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हीट शील्ड की पूरी जांच की जाएगी। वापसी के समय ओरियॉन 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा।

यह लॉन्च इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसान चांद के इतने करीब जा रहे हैं। यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम की असली शुरुआत है। इसकी सफलता के बाद नासा आर्टेमिस 3 में चांद पर इंसानों को उतारेगा और आगे चलकर चांद पर स्थायी बेस बनाने की तैयारी करेगा। यह मिशन भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों की भी नींव रखेगा, साथ ही यह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान की ओर आकर्षित करेगा।



डॉ. राजीव अग्रवाल
लेखक

16 नवंबर सन् 2022 को आर्टेमिस-1 के प्रक्षेपण के साथ इस मिशन की शुरुआत हुई थी। अब क्रू कई दिनों तक चांद की ओर बढ़ता रहेगा। वे चांद के पीछे वाले हिस्से से भी गुजरेंगे, जहां पृथ्वी से रेडियो संपर्क कुछ समय के लिए टूट जाएगा। इस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। लगभग 10 दिन बाद ओरियॉन कैप्सूल प्रशांत महासागर में पैराशूट की मदद से उतरेगा। नासा की आर्टेमिस 2 मिशन की सफल लॉन्चिंग अंतरिक्ष इतिहास का एक बड़ा पल है। 54 साल बाद इंसान फिर चांद की यात्रा पर निकले हैं। यह मिशन न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आया है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,319.55 | 22,713 |
| बढ़त | 185.23 | 33.70 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.15 |

सोना 1,51,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,37,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल**–(प्रति कु0)–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में–**
**चावल :** शरबती– 3700 मसूरी– 1200 बासमती– 7500–7800 परमल– 1200–3800
**दाल दलहन**–काला चना– 2200–3400 साबुत चना दाल– 1000 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 7500–12400 दाल उड़द– 5000 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल– 1200 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5400–10000 अरहर दाल– 10200 –12000 लोबिया/करमानी– 1800–3200

### सेल के चेयरमैन का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, इस्पात मंत्रालय की मंजूरी के बाद उनका इस्तीफा दो अप्रैल से प्रभावी हो गया है।

# पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**




● मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था।

साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है।

## रुपये में उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,700 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,713 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा।

### पूर्वोत्तर में IIA की पहल

# एमएसएमई क्षमता और प्रत्यक्ष निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नमसाई, अरुणाचल प्रदेश**

● राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल पहुंचा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल

पूर्वोत्तर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA) ने इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक एंट्री की घोषणा की है। IIA के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल आज नमसाई पहुंचे, उनके साथ विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाला एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा।

इसके तहत स्थानीय उद्यमियों को शुरूआत से लेकर राष्ट्रीय बाजारों में विस्तार और वैश्विक स्तर तक पहुंचने के लिए संपूर्ण मार्गदर्शन (एंड-टू-एंड हैंडहोल्डिंग) प्रदान किया जाएगा।

उच्चस्तरीय सरकारी वार्ता प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के साथ महत्वपूर्ण बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में MSME विकास को छात्रों के करियर प्रोफाइल से जोड़ने और औद्योगिक सहयोग को राज्य की आर्थिक नीति का मुख्य हिस्सा बनाने पर चर्चा होगी।

आईआईए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि हमारा लक्ष्य पूर्वोत्तर को एमएसएमई का सशक्त केंद्र बनाना है। अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी, राज्य नेतृत्व के साथ संवाद और प्रत्यक्ष निवेश के माध्यम से हम केवल उद्योग नहीं बना रहे, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के लिए एक स्थायी आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहे हैं। IIA की इस पहल से क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यवसायों को देश के अग्रणी औद्योगिक संगठनों में से एक का समर्थन और नेटवर्किंग का लाभ मिलेगा।

**इन बातों पर रहेगा ध्यान**

- **आपसी राज्य निवेश :** स्थानीय उत्पादों के विकास को बढ़ावा देने और औद्योगिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूंजी आकर्षित करना।
- **पारंपरिक क्षेत्र का आदान-प्रदान :** क्षेत्र के विशिष्ट पारंपरिक उद्योगों और व्यवसायों के आधुनिकीकरण एवं आपसी समझ को बढ़ावा देना
- उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटना
- इसके अलावा IIA अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा है। इस साझेदारी का उद्देश्य होगा-इंडस्ट्री-अकादमिक कनेक्ट। जिसके तहत शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को वास्तविक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## श्वेतक्रांतिः 51 हजार महिलाएं बनीं उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● 250 करोड़ से ज्यादा कारोबार 1500 गांवों में फैला दुग्ध व्यवसाय
● छह जिलों में महिलाओं ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

**अमृत विचारः** प्रदेश के तराई क्षेत्र में आई श्वेतक्रांति ने महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर समेत छह जिलों के 1500 गांवों में 51 हजार महिलाएं दुग्ध व्यवसाय के जरिए उद्यमी बन चुकी हैं। इन महिलाओं के खातों में हर महीने 3, 13 और 23 तारीख को नियमित भुगतान पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय स्थिर और भरोसेमंद बनी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर संग्रहण और विपणन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

सृजनी एमपीसीएल के नेतृत्व में तराई क्षेत्र में प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण और बिक्री हो रही है। अब तक महिलाएं सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं। जो क्षेत्र पहले पिछड़े माने जाते थे, वे अब महिला उद्यमिता के नए केंद्र बन गए हैं।

तराई की यह श्वेतक्रांति केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी मजबूत उदाहरण बन रही है, जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

## युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे व हरदोई तीसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया। प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली।

अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा।

आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया। हरदोई ने 3,226 युवाओं को लोन देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झांसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि लखीमपुर खीरी पांचवें स्थान पर रहा। अंबेडकरनगर, बहराइच, चित्रकूट और बलिया का प्रदर्शन भी बेहतर रहा।

# लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया
● यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन व संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खासकर अंतराष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया।

बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।




अतिथियों को बरेली का उपहार सौंपते प्रगतिशील किसान अनिल साहनी।

## निर्यात के लिए खुले नए द्वार : अनिल साहनी

**बरेली।** बरेली के प्रगतिशील उद्यमी अनिल कुमार साहनी (गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म) ने इवेंट में वैश्विक स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र 5 प्रतिभागियों में शामिल अनिल साहनी की संस्था द्वारा विकसित पेटेंटेड धान किस्म 'झुमका बासमती' और लुप्तप्राय सुगंधित किस्म 'तिलक चंदन' अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अनिल कुमार साहनी ने बताया कि इस वैश्विक मंच ने उत्तर प्रदेश के किसानों की पहुंच सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सुनिश्चित की है। इससे न केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों और विरासत उत्पादों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। इवेंट के सकारात्मक परिणाम स्वरूप बरेली की इन प्रीमियम धान किस्मों के निर्यात हेतु कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते शुरू हुए हैं। ये समझौते वैश्विक 'स्पेशलिटी राइस मार्केट' में भारत और उत्तर प्रदेश की उपस्थिति को और अधिक सशक्त करेंगे।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल में यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं लोग : प्रधानमंत्री

## मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है।
तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है। अब तक वाम दलों और कांग्रेस दोनों का मानना था कि कुशासन या कुप्रबंधन की परवाह किए बिना वे बारी-बारी से सत्ता में आ सकते हैं। हालांकि, तिरुवनंतपुरम ने इस धारणा को चकनाचूर कर दिया है। मोदी ने कहा कि नतीजतन, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब एक-दूसरे पर हमले करने के बजाय भाजपा को निशाना बना रहे हैं... लोग यूडीएफ और एलडीएफ द्वारा की जा रही लूट से तंग आ चुके हैं। संवाद में प्रधानमंत्री ने मौके पर खरा उतरने के महत्व को रेखांकित किया और इस बाबत केरल के क्रिकेट खिलाड़ी संजू सैमसन का उदाहरण दिया। मोदी ने कहा कि हम अक्सर संजू सैमसन के प्रदर्शन में यह देखते हैं। विश्व कप के दौरान, जब टूर्नामेंट अपने निर्णायक नॉकआउट चरणों में पहुंचा, तो उनका प्रदर्शन चरम पर था। एक महान खिलाड़ी हमेशा तब बेहतरीन प्रदर्शन करता है, जब उसकी टीम को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।



## महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यूडीएफ उम्मीदवार का चुनाव प्रचार रोका

**पलक्कड़, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बुधवार रात पलक्कड़ चुनाव क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार रमेश पिशारडी के चुनाव प्रचार को रोक दिया, जिससे चुनाव के इस अहम समय में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश महासचिव और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन श्री पिशारडी की उन टिप्पणियों के खिलाफ था, जो उन्होंने हाल ही में यौन उत्पीड़न के एक मामले में फिल्म निर्देशक रंजीत की गिरफ्तारी को लेकर की थीं। उन्होंने श्री पिशारडी पर इस गंभीर मुद्दे को हल्का बनाने का आरोप लगाया। श्री पिशारडी ने घेराव की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उम्मीदवारों को सभी क्षेत्रों में वोट मांगने का अधिकार है। तनाव को देखते हुए बाद में यूडीएफ की टीम वहां से हट गयी। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए राजग, यूडीएफ और एलडीएफ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।



असम के कालियाबोर में जनसभा में स्थानीय प्रत्याशियों के साथ गृहमंत्री अमित शाह।

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा, राजग ने बचाया : शाह

**कालियाबोर (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासन के दौरान असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह राजग सरकार थी जिसने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। कहा कि कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा सदस्य थे, लेकिन न तो उस समय की केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ किया। दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने कालियाबोर में भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) के उम्मीदवार और मंत्री केशव महंत के लिए प्रचार किया।

### भाजपा किसी धर्म-भाषा के खिलाफ नहीं : गडकरी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा किसी भी जाति, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है और विविधता में एकता ही हमारी विशेषता है। असम के पलाशबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशिष्ट धर्म के लोगों को मतदान का अधिकार देने में दी गई छूट संविधान के मार्गदर्शन के अनुसार है। गडकरी ने कहा कि भाजपा किसी जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है। लेकिन जो विदेशी नागरिक आते हैं, क्या उन्हें मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए? फिर आप सबका क्या होगा? दावा किया कि संविधान इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करता है क्योंकि सिख, हिंदू, बौद्ध, जैन निर्वासित हैं और उनका कोई दूसरा देश नहीं है।

## न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा रच रही साजिश : ममता

**सुति/सागरदिघी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंततः विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं।

## द्रमुक शासन में अपराधों में वृद्धि : पलानीस्वामी

**धर्मपुरी (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार जन सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है, और दावा किया कि सरकार ने स्वयं राज्य में लगभग 18,000 पॉक्सो मामलों के पंजीकरण को स्वीकार किया है। धर्मपुरी में रैली को संबोधित करते हुए, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने अपने दावे के समर्थन में विधानसभा में महिला सशक्तीकरण मंत्री पी. गीता जीवन के बयान का हवाला दिया।

## एलडीएफ और सीएम विजयन पीएम मोदी की बी-टीम : प्रियंका

**तिरुवनंतपुरम/कोल्लम, एजेंसी**



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बी-टीम होने और राज्य में सत्ता में बने रहने के लिए हताशा में भाजपा के साथ गुपचुप तरीके से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। केरल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के चुनाव अभियान के तहत तिरुवनंतपुरम के पुतनतोपु में एक नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने आरोप लगाया कि मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के संबंध में अमेरिका और इजराइल के सामने झुककर ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जहां भारत को भी अन्य देशों के साथ-साथ नुकसान उठाना पड़ेगा। न्होंने आरोप लगाया कि हमारे प्रधानमंत्री कायर, बिना रीढ़ के और दबाव में हैं। हम हर दिन इसकी कीमत चुका रहे हैं क्योंकि उनमें भारत के लिए खड़े होने का साहस नहीं है...। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के कोल्लम और कौडियार में यूडीएफ की जनसभाओं में अपने आरोपों को दोहराया। यह भी आरोप लगाया कि मोदी की नीतियों ने खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के दौरान वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान नहीं की।

### राहुल गांधी ने जारी किया असम के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र



**बोकाजन (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की यात्रा के दौरान 29 मार्च को 'पांच गारंटी' जारी की थीं।

# यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रख्यात भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' बुधवार को मुंबई में सैफ्रोनआर्ट की स्प्रिंग लाइव नीलामी में रिकॉर्ड 167.20 करोड़ रुपये यानी 17,978,495 अमेरिकी डॉलर में बिकी। इसके साथ ही यह नीलामी में बिकने वाली आधुनिक भारतीय कला की अब तक की सबसे अधिक मूल्य वाली कृति बन गई है।

इस पेंटिंग ने पिछले साल एक नीलामी में 118 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत में बिकने वाली एमएफ हुसैन की अनाम (ग्राम यात्रा) पेंटिंग के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राजा रवि वर्मा की इस कृति का अनुमानित मूल्य 80-120 करोड़ रुपये था और इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. साइरस एस पूनावाला ने खरीद लिया।

## एमएफ हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा



### 1890 के दशक में बनी

1890 के दशक में बनाई गई यह कृति भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था और माता यशोदा के मातृ प्रेम की एक सूक्ष्म व्याख्या प्रस्तुत करती है। इसे रवि वर्मा की सबसे महत्वपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं में से एक माना जाता है।

> प्रतिष्ठित पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' को प्राप्त करने, संरक्षित करने और उसकी देखभाल करने का अवसर पाकर गर्व महसूस हो रहा है। यह राष्ट्रीय धरोहर समय-समय पर जनता के दर्शन के लिए उपलब्ध होने योग्य है। - **साइरस एस पूनावाला**

## केंद्रीय बलों में नेतृत्व का सवाल

# सीएपीएफ विधेयक

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) संशोधन विधेयक, 2026 हाल के दिनों में काफी विवाद का विषय रहा है। सरकार इसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के बेहतर समन्वय और सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बता रही है, जबकि खुद सीएपीएफ के कई अधिकारी इसे अपने अधिकारों का हनन मान रहे हैं। विपक्षी दल भी उनका समर्थन कर रहे हैं। सीएपीएफ के अधिकारियों की सबसे बड़ी आपत्ति विधेयक के उस प्रावधान को लेकर है जिसमें भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को इन बलों का नेतृत्व देने का रास्ता साफ किया गया है। हाल ही में सीएपीएफ अधिकारियों की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिए गए एक ज्ञापन में कहा गया था कि इस प्रावधान से वे अपनी ही सेवा में दोयम दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। हालांकि, इसके बावजूद यह विधेयक राज्यसभा में पारित किया जा चुका है और उसे लोकसभा में रखा जाना है।



### सरकार की ओर से तर्क

- बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों के लिए एक समान कानूनी ढांचा तैयार करना।
- नियमों में स्पष्टता लाने के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता और सेवा की अन्य शर्तों से जुड़ी विसंगतियों को दूर करना।
- आईपीएस अधिकारियों के पास राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय का अनुभव होता है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- सरकार का मानना है कि इससे कानूनी सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी, सेवा संबंधी मामलों में होने वाली मुकदमेबाजी भी घटेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले

- सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में सीएपीएफ अधिकारियों को ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस का दर्जा देते हुए उन्हें नॉन-फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन का लाभ देने का निर्देश दिया था ताकि उन्हें अन्य सिविल सेवाओं के समान वित्तीय लाभ मिलें।
- अदालत ने 2025 में निर्देश दिया था कि शीर्ष पदों पर आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को धीरे-धीरे कम किया जाए ताकि सीएपीएफ के अपने कैडर अधिकारियों को नेतृत्व करने और शीर्ष पदों तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर मिले।

### विधेयक के मुख्य प्रावधान

- इसके तहत महानिदेशक और विशेष महानिदेशक जैसे 100% शीर्ष पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।
- अतिरिक्त महानिदेशक यानी एडीजी के कम से कम 67%, आईजी के 50% पद भी आईपीएस अफसरों के लिए सुरक्षित रहेंगे।
- केंद्र सरकार को इस विधेयक की धारा 3 के तहत सेवा शर्तों और भर्ती के नियम बनाने के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं।
- विपक्ष ने कहा है कि न्यायपालिका के फैसलों को पलटा जा रहा है, वास्तविक मुद्दे सुलझाने के बजाय नौकरशाही नियंत्रण बढ़ाया है।

### विरोध के प्रमुख कारण

- आरोप है कि विधेयक लाकर कोर्ट का वह फैसला पलटा जा रहा है जिसमें आईपीएस कोटा कम करने को कहा गया था।
- सीएपीएफ अधिकारियों का कहना है कि वे कभी अपने बल के प्रमुख नहीं बन पाएंगे। इससे उनमें निराशा पैदा हो रही है।
- यह भी तर्क है कि जो अधिकारी दशकों से लड़ रहे हैं, वे बाहरी आईपीएस अधिकारियों की तुलना में बल को बेहतर समझते हैं।
- विपक्ष इसे संस्थागत अन्याय करार दे रहा है, जहां लड़ाई कैडर अधिकारी लड़ते हैं लेकिन कमान बाहर से थोपी जाती है।

**10 लाख** के लगभग कर्मचारी हैं भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में, यह दुनिया के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बलों में से एक माना जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में भूकंप से उठीं सुनामी की लहरें

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार को आए भूकंप से सुनामी की छोटी लहरें उठीं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और इमारतों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र मोलूका सागर में 35 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, भूकंप के आधे घंटे से भी कम समय में कई निगरानी केंद्रों में सुनामी की लहरें दर्ज की गईं, जिनमें बिटुंग में आंठ इंच और पश्चिम हलमाहेरा में एक फुट ऊंची लहरें शामिल हैं।

### गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच पूरी : सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है और इसमें किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक कृत्य के सबूत नहीं मिले हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सिंगापुर के 'कोरोनर्स एक्ट, 2010' के तहत एसपीएफ ने मामले की गहन जांच की, उपलब्ध सबूतों की पड़ताल की और सभी संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए। एसपीएफ ने कहा कि यह बयान मीडिया के सवालों के जवाब में जारी किया गया है और आमजन को ऐसी टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी गई है जो अदालत के फैसले या न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती हों।

# ट्रंप ने ईरान के खतरे को खत्म बताया तो तेहरान ने मिसाइलें दागकर दिया जवाब

## इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया, कहा- अभी हथियारों का पर्याप्त भंडार

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा लेकिन इसके बाद ईरान ने बृहस्पतिवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर साफ किया कि वह फिलहाल अपने हमले रोकने नहीं जा रहा है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेहरान के पास अभी काफी छिपे हुए हथियार, गोला-बारूद और उत्पादन सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जिन केंद्रों को आप निशाना बनाने का दावा करते हैं, वे महत्वहीन हैं और हमारा रणनीतिक सैन्य उत्पादन ऐसे स्थानों पर होता है जिनकी आपको कोई जानकारी नहीं है और आप वहां कभी नहीं पहुंच सकते। इससे पहले, ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि इस जलडमरूमध्य को बलपूर्वक खोला जा सकता है लेकिन यह काम अमेरिका का नहीं है। अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने होर्मुज से गुजरने वाले तेल पर निर्भर देशों से देर से सही, हिम्मत दिखाने और इसे अपने कब्जे में लेने की अपील की। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई इतनी निर्णायक रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माने जाने वाले ईरान से अब वास्तव में कोई खतरा नहीं रहा। ईरान ने बृहस्पतिवार को ही ट्रंप के भाषण का दृढ़ता से जवाब दिया और इजराइल के साथ खाड़ी देशों पर कई मिसाइल हमले किए।

पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरुमध्य पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ दुनियाभर में लगातार बढ़ता जा रहा है। युद्ध में



इजराइल के तेल अवीव में ईरान की मिसाइल गिरने के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका से लड़ने के लिए 70 लाख ईरानी तैयार

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालीबाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 70 लाख ईरानी किसी भी अमेरिकी जमीनी आक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। कालीबाफ ने युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका को चुनौती देने वाली कई पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हफ्ते से भी कम समय में पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 70 लाख ईरानी सामने आए और कहा कि वे हथियार उठाकर अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर कई दिन से इस दावे के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं। इस दावे का उल्लेख करने वाले कालीबाफ पहले उच्चस्तरीय अधिकारी हैं।

## जल्द से जल्द इराक छोड़ें सभी अमेरिकी नागरिक

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है।

दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने कहा, ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। बयान में चेतावनी दी गई है कि ईरान समर्थित ये आतंकवादी समूह इराक में अमेरिकी नागरिकों, व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, राजनयिक मिशनों, ऊर्जा केंद्रों, होटलों और हवाई अड्डों को निशाना बना सकते हैं।

- **अमेरिकी दूतावास ने अपील की, अगले 24 घंटों में बगदाद में हमलों की आशंका जताई**

राजनयिक मिशन ने एक्स पर लिखा, इराकी सरकार अपने क्षेत्र में या वहां से होने वाले आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रही है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह इराकी सरकार से जुड़े होने का दावा कर सकते हैं। आतंकवादी ऐसे पहचान पत्र भी दिखा सकते हैं जिनसे वे इराकी सरकार के कर्मचारी प्रतीत होते हों।

# इजराइल के मृत्युदंड कानून के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट

अबू धाबी, एजेंसी

अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने एकजुट होकर इजराइल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजराइली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह प्रभावी रूप से फिलिस्तीनियों के खिलाफ मृत्युदंड का मार्ग प्रशस्त करता है और अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में भेदभाव को और गहरा करता है। मंत्रियों ने आगाह किया कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है, शांति स्थापित करने के लिए कि जा रहे कमजोर प्रयासों को और नुकसान पहुंचा सकता है और पहले से ही बदहाल हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। उन्होंने इजराइल से संकट को बढ़ाने वाले उपायों को रोकने का आह्वान किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जवाबदेही सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया।



- **क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम की चेतावनी दी**
- **इजराइल ने हाल ही में फिलिस्तीनियों को मृत्युदंड देने का बनाया है कानून**

उल्लेखनीय है कि इजराइल की संसद नेसेट ने 31 मार्च को एक विवादास्पद विधेयक पारित किया है, जो आतंकी कृत्यों में इजराइलियों की हत्या के दोषी पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों के लिए मृत्युदंड को अनिवार्य बनाता है। इस कानून के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकवादी कृत्यों के दोषी पाए गए पश्चिम तट के निवासियों के लिए फांसी की सजा एक सामान्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल अस्पष्ट रूप से परिभाषित विशेष परिस्थितियों में ही आजीवन कारावास की सजा दे सकते हैं। कानून के अनुसार, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर मृत्युदंड दिया जाना है।

### यूरोपीय देश और मानवाधिकार समूह पहले ही कर चुके हैं आलोचना

यूरोपीय देशों के साथ कई मानवाधिकार समूह और फिलिस्तीनी प्राधिकरण पहले ही दो अलग-अलग कानूनी व्यवस्था बनाने के लिए इस कानून की आलोचना कर चुके हैं। दरअसल पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में अनिवार्य मृत्युदंड के तहत मुकदमा चलाया जाएगा जबकि पूर्वी यरुशलम के फिलिस्तीनी निवासियों सहित इजराइली नागरिकों पर नागरिक अदालतों में उन कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा है जो काफी हद तक यहूदी अपराधियों को ऐसी सजाओं से बाहर रखते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस कानून से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को नुकसान पहुंचने का जोखिम है।

## जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**टोक्यो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मैक्रों ने कहा, हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है। मैक्रों ने कहा, हमारी साझेदारी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी जारी है।

- **मैक्रों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में जापान के साथ साझेदारी की घोषणा की**

फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान में एक जापानी अधिकारी भेजने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ यह एक नए स्तर पर पहुंच गई है। मैक्रों ने कहा कि दोनों देशों के पास इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, विशेष रूप से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल और छोटे रॉकेट के क्षेत्र में।





### 32 मंजिला रॉकेट हुआ रवाना

नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से 32 मंजिला रॉकेट रवाना हुआ जहां इस नए युग की शुरुआत देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। आसपास की सड़कें और समुद्र तट भी लोगों से खचाखच भर गए जिससे अपोलो चंद्र अभियानों की याद ताजा हो गई।

### सबसे वैविध्यपूर्ण दल...

तीन अमेरिकी और कनाडा के एक यात्री के साथ यह ऐसा पहला दल है जिसमें पहली बार कोई महिला, गैरश्वेत कोई व्यक्ति और कोई गैर अमेरिकी नागरिक नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार हुए।

## चलो चांद पर चलें.... 50 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ नासा का मिशन



**केप कैनवेरल।** अमेरिका से बुधवार को चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के इस मिशन के तहत करीब 50 बाद चांद पर इंसान अपने कदम रखने जा रहे हैं। नासा दो साल से इस मिशन की तैयारी कर रहा था। आर्टेमिस 2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने 'चलो चांद पर चलते हैं!' के घोष के साथ अंतरिक्ष की ओर इस अभियान की अगुवाई की। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन थे। यह चांद पर स्थायी मौजूदगी स्थापित करने की दिशा में नासा का अब तक का सबसे बड़ा कदम है।

### चांद से 6,400 किलोमीटर आगे... सबसे दूर तक जाने का रिकॉर्ड बनाएगा यह मिशन

अंतरिक्ष यात्री अपनी 10 दिवसीय परीक्षण उड़ान के पहले 25 घंटे पृथ्वी के करीब ही रहेंगे, पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कैप्सूल की जांच करेंगे और फिर मुख्य इंजन को चालू करेंगे जो उन्हें चंद्रमा तक ले जाएगा। वे न तो चंद्रमा पर रुकेंगे और न ही उसकी परिक्रमा करेंगे, जैसा कि अपोलो 8 के पहले चंद्रयात्रियों ने 1968 की क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किया था। उनका कैप्सूल चंद्रमा के पास से गुजरेगा और उससे 6,400 किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद यू-टर्न लेकर सीधे प्रशांत महासागर में उतरेगा। इसी के साथ वे सबसे दूर तक जाने वाले इंसान बन जाएंगे।

## बैंक घोटाला मामले में विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने लगभग 25 वर्ष पुराने बैंक घोटाले एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने सजा सुनाने के साथ राजेंद्र भारती और एक अन्य आरोपी को 4.50 लाख रुपये के निजी मुचलके पर 60 दिन की अपील अवधि तक अंतरिम जमानत भी दी है। आरोपियों पर बैंक से जुड़े लेनदेन में अनियमितता, फर्जी दस्तावेज तैयार कर आर्थिक लाभ लेने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध मानते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 409 एवं 120-बी के तहत दोषसिद्धि दर्ज की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** - आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। धन लाभ संभव। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी। चित्रा नक्षत्र सृजनात्मकता बढ़ाएगा।

**वृष** - आज उधार दिया धन वापस मिलने का संभावना है। पारिवारिक सुख मिलेगा। मंगल गोचर से यात्रा लाभदायक है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** - आज बौद्धिक कार्य सफल। गुरु की दृष्टि से शिक्षा-प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। व्यापार में नई योजनाएं लागू करेंगे।

**कर्क** - आज रिश्तों में भावनात्मक स्थिरता रहेगी। चंद्र कन्या से वित्तीय योजना शुभ होगी। कार्यक्षेत्र पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुक्र प्रभाव से सौंदर्य-वस्त्र खरीदना उत्तम रहेगा। बेरोजगारों को जॉब मिल सकती है।

**कन्या** - आज व्यापार विस्तार का योग है। चंद्र स्वराशि सर्वत्र विजय। सरकारी कार्यों में धीमापन रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**तुला** - आज संचार माध्यमों से लाभ होगा। व्याघात योग सावधानी बरतें। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज कर्मफल सिद्धि। शनि दृष्टि से पुराने विवाद समाप्त होंगे। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए।

**धनु** - आज आप धार्मिक यात्रा करेंगे। गुरु स्वगृही ज्ञानार्जन शुभ होगा। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**मकर** - आज स्थिरता रहेगी। मीन भाव ग्रहों से भावनात्मक संतुलन आवश्यक। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**कुंभ** - आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापारिक निर्णय सफल होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** - आज मंगल-शनि-सूर्य स्वराशि चरम ऊर्जा रहेगी। नवीन उद्यम प्रारंभ करना शुभ रहेगा। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय





**आज की ग्रह स्थिति :** 3 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 08.42 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 19.25 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

### सुडोकू -108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

## अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दी दीपावली उत्सव को मान्यता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन ने प्रायोजित किया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाना अमेरिका के भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।

**नाता प्रथा** | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आरटीआई आवेदन पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को दिए निर्देश

# स्टांप पेपर पर लड़कियों को बेचने की रिपोर्ट सार्वजनिक करें

नई दिल्ली, एजेंसी

लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर या अनौपचारिक समझौतों के माध्यम से बेचे जाने वाली नाता प्रथा एक बार फिर जांच के दायरे में है। केंद्रीय सूचना आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपी गई कार्रवाई रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

सूचना आयुक्त पीआर रमेश ने हाल ही में जारी एक आदेश में कहा कि मंत्रालय को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अनुरोध पर पुनर्विचार करना चाहिए और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ साझा की गई कार्रवाई रिपोर्ट को उपलब्ध कराना चाहिए, हालांकि छूट प्राप्त हिस्सों को हटा दिया जाए। इसके साथ केंद्रीय सूचना आयोग ने अपीलकर्ता की ओर से मांगी गई अन्य जानकारी को अस्वीकार करने के फैसले को बरकरार रखा। आरटीआई आवेदन में मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना आयोग और राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात राज्यों के बीच हुए पत्राचार की प्रतियां तथा कार्रवाई रिपोर्ट जारी करने का अनुरोध किया गया था।



### पिता ने ढाई लाख में बेचा, पूरे पैसे नहीं मिले तो वापस लाकर कर दी दूसरी शादी, लड़की ने कर ली आत्महत्या

मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान में एक नाबालिग लड़की के पिता की ओर से नाता प्रथा के तहत ग्रामीणों की उपस्थिति में परिवारों के बीच हुए समझौते के माध्यम से 2.5 लाख रुपये में उसकी शादी कराने के मामले का हवाला दिया। शुरू में 60,000 रुपये का भुगतान किया गया था लेकिन शेष राशि नहीं चुकाई गई, जिसके बाद पिता लड़की को वापस ले आया और 32,000 रुपये में उसका नाता दूसरे आदमी से कर दिया। लड़की ने इस व्यवस्था का विरोध किया और पहले वाले आदमी के साथ रहने के लिए लौट गई। बाद में उसने अपने पिता की ओर से उत्पीड़न का आरोप लगाया और जून 2020 में आत्महत्या कर ली।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छह जून, 2024 को जारी एक बयान में इस प्रथा को गंभीर बताते हुए इसे सामाजिक बुराई करार दिया था। आयोग ने कहा था, वह नाता प्रथा को गंभीर मानता है, जिसके तहत कुछ समुदायों में लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर पर या किसी अन्य तरीके से बेचा जाता है। राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात के आसपास के इलाकों में इस प्रथा की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। आयोग ने इस प्रथा को अनैतिक व दुराचारी बताते हुए इसके उन्मूलन की मांग की थी।



आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं।
–चेतेश्वर पुजारा

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### फीफा ने विश्व कप फाइनल के टिकटों की कीमत बढ़ाई

**ज्यूरिख।** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है।बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इटली के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का इस्तीफा

**रोम।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवत: इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### अब्दुरहीमान बोले- अर्जेंटीना की टीम ने दिया धोखा

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया।

# सनराइजर्स ने ठोका सत्र का सर्वोच्च स्कोर, केकेआर को दिया 227 का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और हेनरिच क्लासेन ने खेलीं तूफानी पारियां



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

**कोलकाता, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए चार विकेट झटके, लेकिन हेनरिच क्लासेन के जुझारू अर्धशतक की बदौलत सनराइजर्स ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में आठ विकेट पर 226 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए महज 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी से एक बार फिर टीम को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। कप्तान अजिंक्य रहाणे के गेंदबाजी करने के फैसले के बाद केकेआर के अनुभवहीन आक्रमण के खिलाफ हैदराबाद ने शुरुआत में ही लगभग 15 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बनाकर लय पकड़ ली। कार्तिक त्यागी ने छठे ओवर में खतरनाक हेड को आउट कर इस आक्रामक साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मुजरबानी ने तीन गेंदों में दो विकेट लेकर मैच का रुख पलटने की कोशिश की। उन्होंने कप्तान इशान किशन (14) और क्रीज पर समय बिता चुके अभिषेक को पवेलियन भेजा। सनराइजर्स की टीम आठ ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद उनकी पारी अचानक लड़खड़ा गई। टीम ने महज सात रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। छठे गेंदबाजी विकल्प स्पिनर अनुकूल रॉय ने अनिकेत वर्मा (एक) को आउट कर सनराइजर्स पर दबाव और बढ़ा दिया। सनराइजर्स ने सात गेंदों में तीन विकेट खो दिए। बाउंड्री रुकने और रनगति धीमी पड़ने के बीच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी (39) को पारी संभालनी पड़ी। दोनों ने 53 गेंद में 82 रन की साझेदारी कर आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की नींव रखी। वैभव अरोड़ा ने 19वें ओवर में रेड्डी का विकेट लेकर हैदराबाद की रफ्तार पर अंकुश लगाया, लेकिन क्लासेन के संयमित अर्धशतक ने टीम को 220 के पार पहुंचा दिया। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने अंतिम ओवर में क्लासेन (35 गेंदों में 52) और शिवांग कुमार (चार) के विकेट लेकर अपने आंकड़े 41 रन पर चार विकेट कर लिए। इससे पहले शुरुआत में चार गेंदों में एक रन बनाने वाले हेड ने जल्द ही तेवर बदलते हुए अगली नौ गेंदों में पांच चौके और दो छक्के जड़कर पावरप्ले में रनगति करीब 15 प्रति ओवर पहुंचा दी। वैभव अरोड़ा ने उन्हें पैर के पास गेंदबाजी कर रोकने की कोशिश की, लेकिन हेड पूरी लय में नजर आए। अच्छी उछाल और गति वाली पिच पर गेंद आसानी से बल्ले पर आ रही थी और हेड ने स्क्वायर लेग के ऊपर शानदार छक्का लगाया। केकेआर के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण की कलई एक बार फिर खुल गयी। सुनील नारायण को जल्दी गेंदबाजी पर लाया गया और एक मौका भी बना, लेकिन कप्तान रहाणे कैच तक नहीं पहुंच सके। हेड शुरुआती ओवरों में हावी रहे, वहीं अभिषेक ने संयम दिखाने के बाद वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ एक ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़कर टीम को पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 71 रन तक पहुंचा दिया। चक्रवर्ती ने अपने पहले ओवर में 25 रन लुटाए। इसके बाद इशान किशन ने भी कार्तिक त्यागी पर लगातार तीन चौके जड़कर आक्रामकता जारी रखी। नौवें ओवर में हालांकि मुजरबानी को गेंद सौंपने का फैसला निर्णायक साबित हुआ।



ईशान किशन का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

### ऑरेंज कैप



ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन
रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट
जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 3 विकेट

**200** वां आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खेला, यह उपलब्धि को हासिल करने वाले वो 11वें खिलाड़ी बन गए

**82** रनों की पहले विकेट के लिए शानदार साझेदारी महज 34 गेंदों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने की

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**226/8** (20 ओवर)

- ट्रैविस हेड का ग्रीन बो त्यागी 46
- अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी 48
- ईशान किशन का रिंकू बो मुजरबानी 14
- क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी 52
- अनिकेत वर्मा का रिंकू बो अनुकूल 01
- नीतिश कुमार का चक्रवर्ती बो वैभव 39
- सलील अरोड़ा बो वैभव 00
- हर्ष दुबे नाबाद 09
- शिवांग कुमार का रहाणे बो मुजरबानी 04

**गेंदबाजी :** वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

# पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।

**टीम**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है।

युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है। आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है।

उन्होंने कहा ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए। युवराज ने कहा मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी।



न्यूयॉर्क में फ्रेंचाइजी लाइन-अप के अनावरण के दौरान इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग के को-फाउंडर और ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह (दाएं से दूसरे), पूर्व टेनिस खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के मालिक लिएंडर पेस (बाएं से दूसरे)। एजेंसी


# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला : रिजवी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।

दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की।

रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो।उन्होंने कहा जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था।



**आलोचना** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

# क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं : पीटरसन



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।

पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं तो तब सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि ''मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो। मुझे लगता है कि पंत सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर खुद पर दबाव डाल रहे हैं। पिछले सत्र तक दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ का सदस्य रहे पीटरसन ने समीर रिजवी की जमकर तारीफ की जिन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पीटरसन ने कहा उन्होंने स्थिति का बखूबी सामना किया और मुझे इससे किसी तरह की हैरानी नहीं हुई।



### शमी की वापसी के लिए यह तो बस शुरुआत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊ की तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।